

# दैनिक विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

आलीराजपुर
मंगलवार, 24 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-07-08
वर्ष : 07 | अंक : 87
कुल पृष्ठ : 12

ॐ

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!


आईपीएल में धोनी चेन्नई के लिए कुछ मैच खेलेंगे...10

हाई-वे परियोजना की मंजूरी पर किसान प्रतिनिधि मंडल ने किया मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान

# मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किसानों की बेहतरी के लिए तेज गति से किए जा रहे कार्य : डॉ. यादव





विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास की बात पर हम सब एक हैं। सबके साझा प्रयासों से हम मध्यप्रदेश को देश के विकसित प्रदेशों की श्रेणी में लेकर आएंगे। प्रदेश में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारियों के कल्याण के लिए मिशन मोड पर काम जारी है।**

इसी कड़ी में हमने जीवाईएएन में आई फॉर इंडस्ट्रियलाइजेशन और आई फॉर इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़कर इसे ज्ञानी बना दिया है। अब विकास की दिशा में यही हमारा मूल मंत्र है। किसानों की बेहतरी के लिए हम तेजी से कार्य कर रहे हैं। किसानों को अपने उत्पाद देश की बड़ी मंडियों तक पहुंचाने के लिए पहली जरूरत कनेक्टिविटी होती है। किसानों की इस जरूरत को पूरा करने के लिये हमने प्रदेश में सड़क मार्गों और राजमार्गों का जाल बिछाने का बीड़ा उठाया है। उज्जैन से जावरा तक बनने वाली ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड परियोजना (हाई-वे) भी इसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। करीब 5017 करोड़ रूपए से अधिक लागत से बनने वाला यह ग्रीनफील्ड हाई-वे इस क्षेत्र के समग्र विकास की एक नई पहचान बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आए किसान प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे।

### किसानों द्वारा परियोजना के लिए त्वरित मंजूरी देने पर मुख्यमंत्री ने आभार माना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उज्जैन जिले के घट्टिया और नागदा विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए किसानों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड परियोजना को जमीन स्तर (नॉन एलीवेटेड पैटर्न) पर त्वरित मंजूरी देने के लिए स्वागत एवं अभिनंदन कर आभार माना। इस अवसर पर घट्टिया विधायक डॉ. सतीश मालवीय, नागदा विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विकास पुरूष बताकर जिले की जनता को यह सौगात देने के लिए गजमाला से अभिनंदन किया।

### प्रदेश में विकास से नागरिकों की जिंदगी बेहतर हुई है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि कम समय में ही प्रदेश में बड़ा उल्लेखनीय विकास हुआ है। प्रदेश में विकास से नागरिकों की जिंदगी बेहतर हुई है। प्रदेश में चल रही विभिन्न सड़क परियोजनाओं का लाभ सबसे पहले हमारे किसानों, व्यापारियों के साथ भावी पीढ़ियों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इंदौर मेट्रोपॉलिटिन सिटी एरिया में शामिल हो जाने से उज्जैन-नागदा-खाचरौद-रतलाम सहित पूरे क्षेत्र का समग्र विकास होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में हमने गंभीर नदी पर बने बांध को जोड़ते हुए एक नए सड़क मार्ग को मंजूरी दी है। इससे उज्जैन और रतलाम के बीच तीन अलग-अलग पहुंच मार्गों से दोनों जिलों का सड़क सम्पर्क और भी सुदृढ़ होगा।

### सरसों की फसल को भी हम भावांतर भुगतान योजना के दायरे में लाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान हितैषी निर्णय ले रही है। हमारी सरकार ग्रीष्मकालीन उड़द पर हर किसान को 600 रूपए प्रति क्विंटल बोनस देने का निर्णय लेने जा रही है। सरसों की फसल को भी हम भावांतर भुगतान योजना के दायरे में लेकर आ रहे हैं। चना, मसूर, तुअर और अन्य सभी दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि के लिए हम ठोस कदम उठा रहे हैं। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन फिलहाल देश के कुल दूध उत्पादन का केवल 9 प्रतिशत है, इसे बढ़ाकर हम 20 प्रतिशत तक ले जाने के लिए प्रयासरत हैं। दूध का उत्पादन बढ़ेगा तो बच्चों को भी दूध का पोषण मिलेगा। हमारी सरकार आने वाले इसी शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों को टेट्रा पैक में दूध मुहैया कराएगी। इससे दूध के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### किसानों को अन्नदाता से ऊर्जादाता और ऊर्जादाता से उद्यमी बनाने का प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों की आर्थिक मजबूती और उनके खेत-खलिहान घरों में समृद्धि लाने के लिए हमारी सरकार किसानों को अन्नदाता से ऊर्जादाता और ऊर्जादाता से उद्यमी बनाने का प्रयास कर रही है। आने वाले तीन वित्त वर्षों में हम प्रदेश के एक लाख किसानों को सोलर पॉवर पम्प देंगे। इससे उनकी सिंचाई की कठिनाई दूरी होगी। अतिरिक्त बिजली ये किसान दूसरों को बेच भी सकेंगे। इससे उनमें उद्यमिता का भी विकास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए प्रदेश में तरह-तरह की खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां और फूड पार्क भी विकसित करेंगे, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित दाम स्थानीय स्तर पर ही मिल सके। इस मौके पर समाजसेवी श्री राजेश धाकड़ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री की यात्रा से पहले बड़े रक्षा सहयोग के संकेत

## भारत के साथ इजराइल आयरन डोम की तकनीक साझा करेगा



मुंबई, एजेंसी

इजराइल के मध्य-पश्चिम भारत में महावाणिज्यदूत यानिव रेवाच ने सोमवार को कहा कि इजराइल भारत के साथ अपने द्विपक्षीय रक्षा समझौते का विस्तार करने की योजना बना रहा है। उन्होंने अहम जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत इस्राइल अपनी तकनीक साझा करेगा और भारत में सैन्य हार्डवेयर का निर्माण करेगा। यह सहयोग नवीनतम आयरन डोम और अन्य रक्षा प्रणालियों तक विस्तारित होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा से पहले न्यूज एजेंसी आईएएनएस को दिए एक विशेष साक्षात्कार में रेवाच ने कहा, पीएम नेतन्याहू ने विशेष रूप से कहा कि इस यात्रा का एक पहलू रक्षा सहयोग है। हम निश्चित रूप से भारत के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने और उसे उन्नत करने का प्रयास करेंगे।

**हम दोनों देशों के सामने कई तरह की चुनौतियां :** रेवाच ने बताया कि सबसे पहले दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग जारी है, जो कि बेहद अनूठा और मजबूत है, क्योंकि हम दोनों देशों के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं। उन्होंने आगे कहा कि अब पीएम मोदी की इस विशेष यात्रा के दौरान हम इस समझौते का विस्तार करते हुए कुछ विशिष्ट विषयों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में विनिर्माण, रक्षा सहयोग, और साथ ही इस्राइल में आयरन डोम और अन्य रक्षा प्रणालियों से संबंधित सहयोग, जिनकी तकनीक हम भारत में अपने सहयोगियों के साथ साझा कर सकते हैं। रेवाच ने कहा कि कट्टरपंथी नजरिये से निपटने के लिए इजराइल भारत, अब्राहम समझौते के राज्यों, कुछ अफ्रीकी देशों और साइप्रस और ग्रीस सहित पश्चिम एशिया के देशों के साथ एक अलग गठबंधन स्थापित करने के लिए उत्सुक है। रेवाच ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी इस सप्ताह इस पहल को बढ़ावा देने के लिए इजराइल का दौरा करेंगे।

### संक्षिप्त समाचार

#### राष्ट्रपति भवन में लुटियंस की जगह लगाई राजाजी की प्रतिमा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति भवन में सोमवार को पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत को दर्शाने वाले 'राजाजी उत्सव' का आरंभ हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस खास मौके पर उन्होंने सी. राजगोपालाचारी की मूर्ति का अनावरण किया। राजगोपालाचारी भारत के पहले और एकमात्र भारतीय गवर्नर-जनरल थे। राष्ट्रपति ने कहा कि यह बदलाव गुलामी की सोच को पीछे छोड़ने की एक कोशिश है। यह भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं को गर्व के साथ अपनाने का तरीका है। साथ ही, यह उन महान लोगों को सम्मान देने का प्रयास है जिन्होंने अपने असाधारण योगदान से भारत माता की सेवा की।




## एचएएल का दावा : तेजस एयरक्राफ्ट क्रैश नहीं हुआ, मामूली खराबी थी



नई दिल्ली, एजेंसी

हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एसएएल) ने सोमवार को इंडियन एयर फोर्स (आईएएफ) के फाइटर जेट तेजस के क्रैश की खबरों को गलत बताया है। एचएएल ने कहा है कि ग्राउंड पर एयरक्राफ्ट में मामूली तकनीकी गड़बड़ी हुई थी। हवा में ऐसा कोई हादसा नहीं हुआ है। एचएएल ने बताया कि वह एयरफोर्स के साथ मिलकर तकनीकी गड़बड़ी की जांच कर रही है और उसे जल्द ठीक करेगी। कंपनी ने यह भी दावा किया कि तेजस का सेफ्टी रिकॉर्ड दुनिया के आधुनिक फाइटर जेट्स में सबसे बेहतर में से एक है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि 7 फरवरी को लैंडिंग के दौरान तेजस का ब्रेक फेल हो गया था। इसके कारण एयरक्राफ्ट रनवे से आगे निकल गया। हादसे से पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, लेकिन विमान को नुकसान पहुंचा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, तेजस ट्रेनिंग उड़ान के बाद एयरबेस पर लौट रहा था। हालांकि, हादसा किस एयरबेस पर हुआ, इसकी जानकारी नहीं दी। तेजस को एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है।

#### जांच होने तक सभी 30 तेजस की उड़ान पर रोक

सूत्रों ने दावा किया कि घटना के बाद एयरफोर्स नेतेजस जेट के पूरे बेड़े को टेक्निकल जांच के लिए ग्राउंड कर दिया। यानी जांच पूरी होने तक विमान उड़ान नहीं भरेंगे। हादसे पर एयरफोर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। दावे के मुताबिक, तेजस जेट से जुड़ा यह तीसरा हादसा है। पहला हादसा मार्च 2024 में हुआ था, जब जैसलमेर के पास एक तेजस जेट क्रैश हो गया था। दूसरा हादसा नवंबर 2025 में हुआ था जब दुबई एयरशो में एरियल डिस्प्ले के दौरान एक तेजस जेट क्रैश हो गया था।

#### पुलिस अधिकारियों की हत्या की एनआईए से हो जांच

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने पंजाब के गुरुदासपुर जिले की सीमा चौकी पर पुलिस के दो जवानों की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बहादुर अधिकारियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और पूरा देश उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है। चुग ने सोमवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में इस घटना को बेहद चिंताजनक और एक संवेदनशील सीमावर्ती राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर सीधा हमला बताया। उन्होंने पुलिस चौकी की भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से निकटता और सीमा पार से संभावित संलिप्तता के उभरते संकेतों को देखते हुए इस पूरे मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से करवाने की मांग की।

#### दूध में मिलावट के कारण चार की मौत, 14 बीमार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश से मिलावट का एक मामला सामने आया है। दरअसल, राजमुंदरी शहर में दो दिन में मिलावटी दूध पीने के कारण 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई लोग अस्पताल में भर्ती हैं। ये सभी लोग पेशाब नहीं होने की समस्या पर अस्पताल में भर्ती कराए गए थे। जानकारी के मुताबिक, रविवार रात को हॉस्पिटल में इलाज करा रहे दो लोगों की मौत हो गई। इनकी पहचान एस. शेषगिरी राव (72) और राधा कृष्णमूर्ति (74) के तौर पर हुई है, जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इससे पहले दो लोगों की मौत हो चुकी है। ये सभी पीड़ित ईस्ट गोदावरी जिले के राजमुंदरी शहर के लाला चेरुवु और चौदेश्वरी नगर इलाकों के रहने वाले हैं।

मतदाता सूची में बड़ी छंटनी

## तमिलनाडु में एसआईआर के बाद हटे 74 लाख से ज्यादा नाम

चेन्नई, एजेंसी

**तमिलनाडु में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस बड़े अभियान में 74 लाख से ज्यादा नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।**



संशोधित सूची के अनुसार अब राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 67 लाख रह गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अलग-अलग जिलों के आंकड़े जारी कर रहे हैं। यह कार्रवाई चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत की गई है। इनमें पुरुष मतदाता 2,77,38,925, महिला मतदाता 2,89,60,838 और तीसरे लिंग के 7,617 मतदाता हैं।

इस पुनरीक्षण का मकसद मतदाता सूची को साफ और सही बनाना है। अधिकारियों के अनुसार हटाए गए नामों में बड़ी संख्या मृत मतदाताओं की है। करीब 66 लाख नाम अलग-अलग कारणों से हटाए गए हैं। जिन लोगों का नाम गलती से कट गया है या जो नए मतदाता हैं, वे फॉर्म-6 भरकर दोबारा आवेदन कर सकते हैं। आयोग का कहना है कि हर पात्र नागरिक को वोट देने का अधिकार मिलेगा, लेकिन सूची में गलत या दोहराव वाले नाम नहीं रखे जाएंगे।

#### नोटिस जारी... 10 दिन का मौका

पुनरीक्षण के दौरान 12 लाख 43 हजार 363 लोगों को नोटिस भेजे गए। जिनके नाम, पते या अन्य विवरण में गड़बड़ी मिली, उनसे दस्तावेज और स्व-घोषणा पत्र मांगा गया। हटाए गए नामों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय, उपखंड कार्यालय और शहरी वार्ड दफ्तरों में चस्पा की गई। जिनका नाम हटाया गया, उन्हें 10 दिन के भीतर आपत्ति दर्ज कराने या स्पष्टीकरण देने का मौका दिया गया।




## संक्षिप्त समाचार

### नेत्र शिविर का 160 मरीजो ने लिया लाभ



**इंदौर ( विनय उजाला )।** चन्द्रा इंद्रकुमार सोजतिया के सौजन्य से जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोइथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान मे आंगनवाड़ी केन्द्र मालवीय नगर, में विशाल नेत्र शिविर लगा। ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 160 मरीजों ने लाभ लिया 19 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया, जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे। जरूरतमंद को 83 चश्में रियायती दरों पर दिए गए। इस शिविर के मुख्य लाभार्थी : सोजतिया परिवार, राजबाड़ा चौक, इंदौर है। ग्रुप के समाज सेवी अशोक सोजतिया, प्रभात सोजतिया, भंवरलाल कासवा, विजयसिंह नाहर, सुरेन्द्रकुमार मारू, सुरेशचंद जैन, जिनेंद्रकुमार पारख, गिरीश बाफना, किरण संचेती व अरविन्द चौधरी, चंद्र कुमार फतेहपुरीया, प्रकाश भटेवरा, सुरेश सकलेचा, आनंदीलाल संचेती, प्रतिला हिरवे, प्रदीप मौर्य, अरनीया अग्रवाल आदि का भरपूर सहयोग रहा। सीनियर सिटीजन ग्रुप इस प्रकार के शिविर लगाते रहते हैं मानव सेवा में आगे है।

### प्रशांत महंत बने टेबल टेनिस चैंपियन




**इंदौर ( विनय उजाला )।** प्रशांत महंत ने मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा जो अभय प्रशाल, इंदौर में खेली गई, 50 प्लस स्पर्धा में मध्य प्रदेश के चैंपियन बने। नेशनल पुणे में मई होना है, उसका प्रतिनिधित्व मध्य प्रदेश की ओर से नेशनल में करेंगे।

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 291 करोड़ की सब्सिडी दी

**इंदौर ( विनय उजाला )।** मालवा निमाड़ क्षेत्र विशेषकर इंदौर शहर में घर की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में अधिकतम 78 हजार प्रति घर सब्सिडी मिलने से सौर ऊर्जा के प्रति रूझान तेजी से बढ़ा और पश्चिम मप्र में रूफ टॉप सोलर अपनाने वालों की कुल संख्या 54500 तक पहुंच गई है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में अब तक 42500 घरों पर संयंत्र लगाए जा चुके हैं। 37340 हजार उपभोक्ताओं को 291 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्राप्त हो चुकी है। प्रतिदिन उपभोक्ताओं को डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी प्राप्त हो रही है। रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाने वालों में इंदौर मप्र में अव्वल बना हुआ है। इंदौर मध्य शहर, सुपर कॉरिडोर, बायपास इत्यादि क्षेत्र में करीब 25 हजार स्थानों पर सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं।

# सही खान-पान के अभाव में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ी : संभागायुक्त

## शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) में मध्यप्रदेश का प्रथम बेरियेट्रिक एवं मेटाबोलिक क्लिनिक का शुभारंभ

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि देश में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। हर तीसरा-चौथा व्यक्ति इस बीमारी से ग्रस्त है। मोटापा एक ऐसा रोग है जो अपने साथ कई बीमारियों को लेकर आता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां मोटापे से ही पनपती है।**

इस बीमारी का उपचार भी सामान्यत: महंगा है। उपचार में 3-4 लाख रुपये खर्च आता है, जिसका बोझ मध्यवर्गीय परिवार के लिए भी कठिन है। समय रहते मोटापे का उपचार किया जाना चाहिए। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े आज प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय इंदौर के बेरियेट्रिक एवं मेटाबॉलिक क्लिनिक का शुभारंभ अवसर पर अपना संबोधन दे रहे थे। डॉ. खाड़े ने आगे कहा कि सही खान-पान का अभाव और बदलती जीवनशैली के कारण मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। पहले यह समस्या केवल शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ती जा रही है। डॉ. खाड़े ने कहा कि इंदौर का शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय सेवा के क्षेत्र में अच्छे कार्य कर रहा है। यहाँ असाध्य बीमारियों के भी उपचार हो रहे हैं। इस चिकित्सालय में मेडिकल के क्षेत्र में नये-नये रिचर्स के साथ अनुसंधान के कार्य और नवाचार के कार्य भी किए जा रहे है। ऐसे अच्छे कार्यों के लिए यहाँ के डॉक्टर एवं विशेषज्ञ साधुवाद के पात्र है। अब सर्जरी विभाग में मोटापे की समस्या का न केवल बेहतर उपचार होगा, बल्कि यह संदेश प्रदेश और देश में भी फैलेगा। अच्छी बात यह है कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत मोटापे का नि:शुल्क इलाज होगा, जिसका लाभ गरीब एवं कमजोर वर्ग के नागरिक भी उठा सकेंगे। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने बेरियेट्रिक एवं मेटाबोलिक क्लिनिक पर मोटापे से ग्रस्त मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद भी किया।






### ऑपरेशन के बाद 35 किलोग्राम वजन कम हुआ

मोटापे से ग्रस्त रही महिला श्रीमती सुषमा भिलवारे ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व मेरा वजन 103 किलोग्राम था। एमवाय अस्पताल में डॉ. घनघोरिया से संपर्क करने के बाद मेरा उपचार प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत हुआ। आज मेरा वजन मात्र 70 किलोग्राम है और मुझे कई बीमारियों से भी मुक्ति मिल गई इंदौर के खजराना क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि मैं पिछले कई वर्षों से मोटापा, बीपी, हाईपरटेंशन, थायराईड, जोड़ो के दर्द आदि बीमारियों से ग्रस्त थी। मेरा वजन 120 किलोग्राम था, पिछले दिनों एमवाय के सर्जरी विभाग में चिकित्सकों को दिखाया। परामर्श के बाद डॉ. घनघोरिया और उनकी टीम ने ऑपरेशन किया। अब मेरा वजन 97 किलोग्राम है और मुझे बड़ी राहत है।

महात्मा गाँधी मेडिकल कॉलेज के सुपरीटेंड डॉ. अरविन्द घनघोरिया ने कहा कि महात्मा गाँधी चिकित्सालय के सर्जरी विभाग में मोटापे रोग का उपचार बहुत पहले से किया जा रहा है। पूर्व में भी कई मरीज इसका लाभ ले चुके है, अब यहाँ उपचार तेजी से होगा। चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव, चाचा नेहरू अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरविन्द शुक्ला ने मोटापा रोग से होने वाली बीमारियां और उसके दुष्प्रभाव के के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने सर्जरी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार माथुर और ओटी असिस्टेंट डॉ. रवीन्द्र पाटीदार सहित डॉ. सुनील बांठिया, डॉ. वल्लभ मूंदडा का सम्मान किया। कार्यक्रम में डॉ. ब्रजेश लाहोटी, डॉ. अंकुर माहेश्वरी, डॉ. पूनम माथुर, डॉ. अशोक लड्डा सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं नागरिक उपस्थित थे।

## मध्य प्रदेश के पहले बाबा जयगुरुदेव मंदिर का भव्य शिलान्यास एवं सतसंग का आयोजन संपन्न

# बाबा उमाकांत महाराज ने की विश्व शांति एवं एकता की अपील

विनय उजाला

**इन्दौर ( जितेन्द्र यादव )।** धार रोड ग्राम पंचायत नावदापंथ आश्रम में विश्वविख्यात परम संत बाबा उमाकांत महाराज द्वारा जयगुरुदेव आश्रम में मध्य प्रदेश के पहले बाबा श्री जयगुरुदेव महाराज के मंदिर का शिलान्यास एवं पूजन किया गया।

इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देशभर से हजारों की संख्या में भक्तों का आगमन हुआ महाराज द्वारा शिलान्यास के पश्चात सतसंग प्रवचन सुनाए जिसमें उन्होंने सभी लोगों से शाकाहार नशा मुक्त रहने का संदेश दिया साथ ही साथ जीते जी ईश्वर के दर्शन कराने वाले नामदान का दान दिया आने वाले सभी भक्तों के भोजन, आवास, चिकित्सा जैसी समस्त व्यवस्थाएं इंदौर संगत के सेवादारों द्वारा की गई थी सतसंग के पश्चात महाराज जी ने सभी भक्तों को दर्शन दिए इस कार्यक्रम में शंकर लालवानी एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी शिरकत कर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं महाराज ने अपने संदेश में कहा कि मैं विश्व के लोगों से यह प्रार्थना करता हूं कि जाति समाज के चक्कर में आप जनता का नुकसान मत करो जो बगीचा लगा है देश का उसे मत बर्बाद करो नहीं तो कहीं ऐसा ना हो वैज्ञानिकों के समझ में आ जाए कि हम ऐसा हथियार बनाएंगे जिससे जनता का नुकसान हो जनता मरेगी तो हथियार बनाना ही बंद कर दें तब आप क्या करोगे इसलिए हम तो यही प्रार्थना करेंगे विश्व के जितने लोग हैं बड़े-बड़े देश वाले लोग जिनका कुछ प्रभाव है जिससे लोग घबराते डरते हैं सब लोग एक जगह बैठ जाएं और ऐसी नीति बनावे जिससे जनता का कोई नुकसान न हो जिसके पास जमीन जायदाद है वह ठीक से करेंगे देने वाले का बड़ा लंबा हाथ है उसी में बरकत दे देगा उसी में उनकी बढ़ोतरी हो जाएगी दूसरे के चीन झपटने में क्या होता है उनके ऊपर वही मिसाइल जो दूसरे देश की है गिर जाती हैं तो बर्बाद हो जाता है आबाद की जगह पर बर्बादी मत करो यह प्रार्थना हम बराबर करते रहते हैं।





# सीएम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेडिंग में अव्वल आने पर जिला शिक्षा अधिकारी सम्मानित




विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** प्रदेश स्तर से सीएम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेडिंग दिनांक 21.02.2026 जारी की गई जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग A ग्रेड के साथ प्रदेश में पांचवे स्थान पर रहा। शिक्षा विभाग के उक्त प्रदर्शन पर क्लेक्टर महोदय जिला इंदौर द्वारा सप्ताहिक TL बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जिला इंदौर डॉ. शांता स्वामी भार्गव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कार्य की सहराना की गई है । इस उपलब्धि पर सीएम हेल्पलाइन में सलग्न सभी अधिकारी/ कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर शिवम वर्मा

## समय-सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक सम्पन्न



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इंदौर जिला वर्तमान में सीएम हेल्पलाइन के क्रियान्वयन में प्रदेश के शीर्ष पाँच जिलों में शामिल है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समन्वित प्रयासों से जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाया जाए।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा (टीएल) पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, एमपीआईडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, संकल्प से समाधान अभियान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जिले को हाल ही में प्रदेश स्तर पर पाँचवीं रैंक प्राप्त हुई है, जिसे बेहतर बनाते हुए शीर्ष स्थान पर लाने के लिए सभी अधिकारी गंभीरता एवं जिम्मेदारी से कार्य करें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में फरवरी माह के दौरान सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बैठक में निर्देश दिए गए कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर प्राथमिकता से निराकरण किया जाए।

## नदी-नालों में दूषित जल प्रवाहित करने वाली औद्योगिक और अन्य इकाइयों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : कलेक्टर

इंदौर जिले में नदी-नालों में दूषित जल प्रवाहित करने वाली औद्योगिक और अन्य इकाईयों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। निर्देश दिए गए है कि सभी ऐसी इकाईयां अपने-अपने यहां दूषित जल के समुचित निपटारे की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वे अपने परिसरों में ईटीपी की स्थापना करें। आवश्यकता के अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ष्टश्वञ्जक्क) की स्थापना भी अनिवार्य रूप से की जाए। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में औद्योगिक अपशिष्ट जल के प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विषय पर चर्चा हेतु आयोजित बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में नमामि गंगे अभियान के तहत प्रदूषण को नियंत्रित करने और अपशिष्ट जल के वैज्ञानिक उपचार की व्यवस्था मजबूत करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा उद्योग प्रतिनिधियों के साथ कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ष्टश्वञ्जक्क) की आवश्यकता, केंद्र सरकार की वित्तीय सहायता तथा उद्योगों की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने उद्योग प्रतिनिधियों से पर्यावरण संरक्षण को साझा जिम्मेदारी बताते हुए सहयोग करने का आह्वान किया और कहा कि प्रशासन और उद्योगों के संयुक्त प्रयास से औद्योगिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन भी सुनिश्चित किया जा सकता है।

## इंडियन स्किल रीजनल प्रतियोगिता में पीयूष राणे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता



**इंदौर, नप्र।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वावधान में इंडियन स्किल 2025-26 रीजनल प्रतियोगिता (वेस्टर्न रीजन) का आयोजन गांधीनगर (गुजरात) में किया गया। यह प्रतियोगिता विश्व कौशल प्रतियोगिता-2026 के अंतर्गत आयोजित हुई। इसमें संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था इंदौर के रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थी श्री पीयूष राणे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया तथा 50 हजार की पुरस्कार राशि अर्जित की। इस उपलब्धि पर पीयूष का चयन मार्च में नई दिल्ली में आयोजित नेशनल स्किल स्पर्धा के लिए हुआ है। प्रतियोगिता से संस्था आगमन पर संयुक्त संचालक कौशल विकास इंदौर संभाग श्री सतीश मोरे, प्राचार्य श्रीमती रीना सोलंकी, प्राचार्य वर्ग 2 श्री गौरव आर्य , उप प्राचार्य श्री जी आर अम्बोदिया एवं संस्था के समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा पीयूष का स्वागत किया गया एवं उसे इस उपलब्धि हेतु बधाई दी। इस अवसर पर संयुक्त संचालक एवं प्राचार्य द्वारा पीयूष को भविष्य में प्रतियोगिता हेतु संस्था की ओर से हर संभव तकनीकी सहायता देने का आश्वासन भी दिया।

# शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय द्वारा भव्य फन फेयर का किया आयोजन

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राजेन्द्र नगर द्वारा छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में पहली बार फन फेयर का आयोजन किया गया। यह आयोजन 'तकनीक की ओर बढ़े - पॉलीटेकनिक चले' अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में तकनीकी कौशल के प्रति रुचि विकसित करना तथा महाविद्यालय में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करना है। संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा श्रीमती नीलम निनामा द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मेले के माध्यम से छात्राओं ने खेल-खेल में तकनीकी शिक्षा की बारीकियों एवं भविष्य की संभावनाओं को समझा। इस पहल के जरिए न केवल छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की ओर आकर्षित किया गया, बल्कि समाज में तकनीकी शिक्षा के महत्व का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया। प्राचार्या श्रीमती विजया शिंदे ने बताया कि फन फेयर में 50 से अधिक स्टॉल, तकनीकी प्रदर्शनी तथा विविध मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिससे छात्राओं को रचनात्मक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण मिला। शहर के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



## महापौर द्वारा जलप्रादय विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

# ग्रीष्म काल के पूर्व ही समस्या संधारण कार्य करना सुनिश्चित करें: महापौर

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। आगामी ग्रीष्मकाल एवं वर्षाऋतु को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा महापौर सभाकक्ष में जलप्रदाय विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जलकार्य प्रभारी श्री अभिषेक शर्मा, अपर आयुक्त श्री आशीष कुमार पाठक, कार्यपालन यंत्री, विभाग प्रमुख, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**

महापौर श्री भार्गव द्वारा अमृत योजना 1.0 एवं 2.0 अंतर्गत संचालित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान सम्पवेल निर्माण, नवीन पानी की टंकियों के निर्माण, डायरेक्ट जलप्रदाय व्यवस्था, दूषित जल की समस्या के निराकरण तथा विभिन्न जल पंपिंग स्टेशनों की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई।



### फलबाग सम्पवेल निर्माण कार्य तीन माह में पूर्ण करने के निर्देश

फलबाग क्षेत्र में निर्माणाधीन सम्पवेल कार्य की विशेष समीक्षा करते हुए महापौर ने संबंधित अधिकारियों को दो से तीन शिफ्ट में कार्य संचालित कर आगामी तीन माह में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों के कारण नागरिकों को असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर

महापौर श्री भार्गव ने शहर में Indore 311 एप एवं CM Helpline के माध्यम से प्राप्त दूषित पानी अथवा जलप्रदाय बाधित होने संबंधी शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा मॉनिटरिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाए।

### ग्रीष्मकाल में शुद्ध एवं ठंडे जल की उपलब्धता

महापौर ने ग्रीष्मकाल के दौरान नागरिकों को शुद्ध एवं स्वच्छ जल के साथ ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पूर्व में स्थापित वॉटर कूलरों के संधारण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक स्थानों पर नवीन वॉटर कूलर स्थापित करने एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से पीपीपी मॉडल करने के निर्देश भी दिए।

महापौर ने निर्देश दिए कि आगामी ग्रीष्मकाल एवं वर्षाऋतु के दौरान शहर में किसी प्रकार का जल संकट उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण की जाएं। जलप्रदाय से संबंधित संधारण एवं मरम्मत कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

महापौर ने Larsen & Toubro (एल एंड टी) कंपनी द्वारा किए जा रहे जलप्रदाय कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि संधारण कार्यों के पश्चात रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों की स्थिति पूर्ववत सुनिश्चित करना कंपनी की जिम्मेदारी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के अंत में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को निर्बाध, स्वच्छ एवं पर्याप्त जलप्रदाय सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें तथा ग्रीष्मकाल पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर लें, ताकि इंदौर शहर में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई से एक साथ प्रकाशित

दैनिक
# विनय उजाला

मंगलवार, 24 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-07-08



तेलंगाना में राज्यसभा की दो सीटें पक्की मान रही थी कांग्रेस... 05

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

## संक्षिप्त समाचार

### आध्यात्मिक गुरुओं को न मानने वाले बदमाश : जस्टिस स्वामीनाथन



**चेन्नई, एजेंसी।** मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जीआर स्वामीनाथन एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। एक आध्यात्मिक कार्यक्रम में दिए गए उनके बयान ने राजनीतिक और कानूनी हलकों में बहस छेड़ दी है। जस्टिस स्वामीनाथन ने कार्यक्रम में कहा कि तमिलनाडु में कुछ लोग खुद को तर्कवादी बताते हैं और गुरुओं को मानने वालों को अपमानित करते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग ऐसा कहते हैं, वही असली बदमाश और निर्दयी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास सेवा के चार साल और बचे हैं और अब वे खुलकर अपनी बात रखना चाहते हैं। उन्होंने कठिन समय में अपने गुरु से मिले मार्गदर्शन और साहस का भी जिक्र किया।

### अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित कर सकेंगे बैंक



**मुंबई, एजेंसी।** रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को बैंक अब फ्रॉड घोषित कर सकेंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को उन्हें मिली राहत का आदेश रद्द कर दिया है। कोर्ट ने दिसंबर 2025 में 40 हजार करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड मामले में बैंकों को फ्रॉड घोषित करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक और आईडीबीआई बैंक ने जनवरी 2026 में सिंगल बेंच के स्टे ऑर्डर को चुनौती दी थी। बैंकों का तर्क था कि वे फॉरेंसिक ऑडिट के आधार पर कार्रवाई करना चाहते हैं। अब बैंक कानून के मुताबिक आगे की कार्यवाही कर सकेंगे।

### मेक्सिको में सेना ने सबसे बड़े ड्रग माफिया को मारा

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको में सेना ने एक ऑपरेशन चलाकर देश



के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आगजनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपए का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे।

---

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को लिखा पत्र

## माता-बहनें खुद को असुरक्षित महसूस कर रहीं, बदलाव अब अनिवार्य हो गया है...

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को एक खुला पत्र लिखा है। इससे एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस पत्र में उन्होंने 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए राज्य की मौजूदा सरकार पर सीधा हमला बोला। पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर नागरिक आज दुखी है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में माताएं और बहनें खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं और



बदलाव अब अनिवार्य हो गया है।

प्रधानमंत्री ने अपने पत्र की शुरुआत जय मां काली से की और लिखा कि कुछ ही महीनों में पश्चिम बंगाल का भाग्य तय होगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य मतदाताओं के फैसले पर निर्भर करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को प्राथमिकता दी है। किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

**घुसपैठ और हिंसा का मुद्दा :** प्रधानमंत्री ने अवैध घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा को गंभीर चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की धरती आज अराजकता में फंसी है। उन्होंने नकली वोटरों का भी जिक्र किया और कहा कि राज्य को अंधकार से बाहर निकालना जरूरी है।

**परिवर्तन का आह्वान :** पत्र के अंत में प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से बदलाव के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से देश के कई राज्यों में जीवन स्तर सुधरा है और पश्चिम बंगाल भी विकास का हकदार है। उन्होंने दोहराया कि अब समय आ गया है कि राज्य विकास और सुशासन की राह चुने।

### केंद्र की योजनाओं का हवाला

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग जन-धन योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 85 लाख शौचालय बने। उज्ज्वला योजना के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों को गैस कनेक्शन मिला। अटल पेंशन योजना से 56 लाख वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हुए। किसान सम्मान निधि के तहत 52 लाख से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता दी गई। छोटे व्यापारियों को 2.82 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए।

**कुशासन और तुष्टिकरण का आरोप :** पीएम मोदी ने लिखा कि स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास में अग्रणी था, लेकिन अब स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति को राज्य की गिरती हालत के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार के अभाव में युवा पलायन कर रहे हैं और महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

---

वाणिज्य मंत्रालय स्थिति की कर रहा समीक्षा...

## ट्रम्प टैरिफ में बदलाव के प्रभाव पर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

**अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट की ओर से टैरिफ को अवैध घोषित करने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ के नए एलानों के बाद दुनियाभर के बाजार में हलचल है।**

इस अहम मुद्दे पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी सोमवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से टैरिफ में बदलावों (अब 15%) का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा, इसका आकलन करना अभी बहुत जल्दबाजी है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय फिलहाल स्थिति की समीक्षा कर रहा है।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की ओर से डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पूर्व में लगाए गए व्यापक आयात शुल्कों को खारिज किए जाने के बाद नए सिरे से व्यापारिक तनाव पैदा हो गया है। इसके बाद, राष्ट्रपति ट्रंप ने 24 फरवरी से भारत सहित सभी देशों से होने वाले आयात पर 150 दिनों के लिए 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जिसे एक दिन बाद ही बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। इन बदलावों के संभावित प्रभाव पर पूछे जाने पर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, 'वाणिज्य मंत्रालय स्थिति की जांच कर रहा है और एक प्रतिनिधिमंडल आगे की व्यापार वार्ताओं के समय पर फैसला करेगा'। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि इस विषय पर अभी टिप्पणी करना थोड़ा जल्दबाजी होगी।



### व्यापार समझौते के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

वैश्विक बाजार में भारत की मजबूत स्थिति पर जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि देश वैश्विक बाजार पहुंच का विस्तार करने के लिए विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौते करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वित्त मंत्री ने बताया कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई, कतर और ओमान जैसे देशों के साथ-साथ यूरोपीय संघ और यूके जैसे बड़े व्यापारिक गुटों के साथ पहले ही व्यापार समझौते कर लिए हैं।

### आर्थिक रणनीति

सीतारमण ने साफ किया कि भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार से अपनी अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना चाहता है और वैश्विक बाजारों के साथ लगातार जुड़ना जारी रखना चाहता है।

### सोने की कीमतों में उछाल की असली वजह

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल के साथ बजट के बाद होने वाली पारंपरिक बैठक के बाद, वित्त मंत्री ने सोने की बढ़ती कीमतों से जुड़ी मौजूदा चिंताओं को भी संबोधित किया। उन्होंने साफ किया कि सोने की कीमतों में हालिया उछाल का मुख्य कारण दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों की ओर से की जा रही भारी खरीदारी है। सीतारमण ने कहा, आज अधिकांश देश, विशेष रूप से उनके केंद्रीय बैंक, सोना और चांदी खरीद रहे हैं और उनका भंडारण कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि सोना हमेशा से भारतीय परिवारों के लिए एक पसंदीदा निवेश रहा है और त्योहारी सीजन के दौरान इसकी मांग आमतौर पर बढ़ जाती है।

### सरकार और आरबीआई की बारीकी से नजर

सोने की कीमतों पर निवेशकों और आम जनता को आश्वस्त करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार और आरबीआई स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। हालांकि, सीतारमण ने राहत देते हुए यह भी कहा कि कीमतों में वृद्धि अब तक किसी खतरनाक स्तर पर नहीं पहुंची है। कुल मिलाकर, अमेरिका की नई व्यापार नीतियों के बीच भारत सावधानीपूर्वक स्थिति का आकलन कर रहा है, जबकि घरेलू मोर्चे पर महंगाई और कमोडिटी बाजार पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

---

हमले के लिए तैयार अमेरिका?

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों से कहा- तुरंत ईरान छोड़कर निकलें...



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक एडवाइजरी जारी कर अपने नागरिकों को किसी भी तरीके से तुरंत ईरान से निकलने की सलाह दी है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने 14 जनवरी को भी एडवाइजरी जारी कर सभी नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह दी थी। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों से कहा कि वे सावधानी बरतें, प्रदर्शन वाली जगह जानें से बचें और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहे।

विदेश मंत्रालय ने ये भी कहा कि नागरिक अपने यात्रा और अप्रवासन संबंधी दस्तावेज जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र आदि अपने साथ रखें। नागरिकों को भारतीय दूतावास में पंजीकरण कराने की सलाह भी दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि ईरान में रह रहे लोगों के परिजन भी दूतावास में अपने प्रियजनों के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

### दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर किए जारी

दूतावास ने आपात स्थिति के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। जो हैं- +989128109115, 989128109109, 989128109102, 989932179359। साथ ही विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में एक ईमेल भी जारी किया है। भारत की एडवाइजरी ऐसे समय सामने आई है, जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। अमेरिका ने अपने दो युद्धपोत ईरान के आसपास तैनात किए हुए हैं और साथ ही अपने लड़ाकू विमानों को भी पश्चिम एशिया में तैनात किया है। ईरान भी इस स्थिति से वाकिफ है और उसने अमेरिका के पश्चिम एशिया में मौजूद सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी दी है। यही वजह है कि अमेरिका ने अपने सैनिकों के ठिकानों को बदला है। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पा रही है।

---

पूर्व सैनिकों और अधिकारियों के साथ विशेष संवाद में बोले भागवत

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल लक्ष्य व्यक्ति निर्माण, राजनीति नहीं

देहरादून, (हि.स.)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा कि संघ किसी राजनीतिक दल का अंग नहीं है और न ही चुनावी राजनीति उसका उद्देश्य है। संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है, क्योंकि व्यवस्था तभी सुदृढ़ रहती है, जब व्यक्ति सुदृढ़ हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ भागवत दो दिन के प्रवास पर उत्तराखंड में हैं। आज प्रवास के दूसरे दिन डॉ. भागवत हिमालयन कल्चरल सेंटर के प्रेक्षागृह में पूर्व सैनिकों और पूर्व सेना अधिकारियों के साथ विशेष संवाद गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। डॉ भागवत ने कहा कि संघ बिना साधनों के खड़ा हुआ और दो बार प्रतिबंध के बाद भी समाज के बल पर आगे बढ़ा। संघ का स्वयंसेवक आत्मिक शक्ति से प्रेरित होकर समाज परिवर्तन के लिए कार्य करता है। डॉ भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ का उद्देश्य प्रचार नहीं, बल्कि समाज का संगठन और राष्ट्र का उत्थान है। संघ नहीं, समाज के कारण देश बड़ा हुआ, यही इतिहास में दर्ज होना चाहिए।



### समाज मजबूत होगा तो राष्ट्र की रक्षा भी सशक्त होगी

उन्होंने कहा कि देश के भाग्य निर्माण में समाज की भूमिका सबसे बड़ी होती है। समाज मजबूत होगा तो राष्ट्र की रक्षा भी सशक्त होगी। समाज का बल ही सबको बलवान बनाता है, इसलिए समाज का नेतृत्व चरित्रवान और संगठित होना आवश्यक है। बताया कि इंग्लैड युद्ध के लिए तैयार नहीं था और जर्मनी पूरी ताकत के साथ युद्ध के मैदान में था, तब चर्चिल का मंत्रिमंडल ने भी समझौते की बात कही, लेकिन चर्चिल ने नागरिकों से बातचीत के बाद युद्ध का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जनता ने चुना है और यदि जनता युद्ध चाहती है तो चर्चिल ने युद्ध का निर्णय लिया।

---

वकील पर भड़के सीजेआई, कहा-

## मेरे कोर्ट में बदतमीजी नहीं चलेगी...

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील की बात पर इतना गुस्सा हो गए कि उन्होंने वकील को लगभग डांटते हुए चेतावनी दे डाली कि उनकी कोर्ट में ये बदतमीजी नहीं चलेगी।

दरअसल वरिष्ठ वकील मैथ्यूज नेदुम्पारा ने सीजेआई की पीठ के समक्ष कहा कि एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें न्यायपालिका के कॉलेजियम सिस्टम को चुनौती दी गई और जजों की नियुक्ति के लिए नेशनल



ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट कमीशन को लागू करने की मांग की गई।

जिस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसी कोई याचिका रजिस्टर नहीं है। इस पर वकील नेदुम्पारा ने नाराजगी जाहिर की और कहा, 'अदाणी और अंबानी के लिए सांविधानिक पीठ गठित की जाती हैं और आम लोगों से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई ही नहीं होती।' लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के अनुसार, वकील की इस बात से सीजेआई नाराज हो गए और उन्होंने तुरंत वकील नेदुम्पारा को चेतावनी दी कि 'मिस्टर नेदुम्पारा, आप मेरी अदालत में जो कह रहे हैं, उसे सोच-समझकर बोलिए।

आपने चंडीगढ़ में भी मुझे देखा है, दिल्ली में भी...। ये मत सोचिए कि जैसे आप दूसरी पीठ के साथ बदतमीजी करते रहे हैं, वैसे ही आप मेरी कोर्ट में भी बदतमीजी करेंगे। मैं आपको चेतावनी देता हूं।

---

घाटी में जैश के आतंक का खात्मा!

# सेना ने सात आतंकी किए ढेर, टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी मारा गया

जम्मू, एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में सात खतरनाक आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर( 16 कोर )ने सोमवार को यह जानकारी दी।**

व्हाइट नाइट कोर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'किश्तवाड़ इलाके में 326 दिनों तक लगातार हाई-एल्टीट्यूड अभियान चलाए गए। सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकवादियों को ट्रैक किया। इस दौरान कई बार मुठभेड़ हुई। व्हाइट नाइट कोर की टुकड़ियों, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने खुफिया एजेंसियों के मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर आखिरकार किश्तवाड़ के चटरू क्षेत्र में सभी सात कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया।' इनमें से एक 10 लाख का इनामी आतंकी कमांडर सैफुल्लाह के होने का संदेह है। अगर जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर सैफुल्ला है तो सुरक्षाबलों की ये सफलता जैश के नेटवर्क की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी।



### हमारे साहस और वीरता के सामने कुछ भी नहीं टिक सकता

पोस्ट में आगे कहा गया, 'ऑपरेशन में मदद के लिए एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, आरपीए/यूएवी और संचार साधनों के रूप में टेक्नोलॉजी का लगातार इस्तेमाल किया गया। हमारी सेनाओं की लगातार कोशिश और दृढ़ संकल्प, जिसका नतीजा सैफुल्लाह और उसके साथियों का खत्म होना था, यह साबित करता है कि हमारे जवानों और इंटेलिजेंस एजेंसियों के संकल्प, साहस और वीरता के सामने कुछ भी नहीं टिक सकता।'

### आतंकी नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार

भारतीय सेना ने कहा कि यह आतंकी नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार है। हम सेवा और सुरक्षा करते हैं। व्हाइट नाइट कोर ने मारे गए आतंकदियों की तस्वीर भी शेयर की है, जिसके ऊपर लाल रंग में क्रॉस लगे हुए हैं। इससे पहले, सेना ने एक संयुक्त अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया। 'ऑपरेशन त्रासी-1' के तहत किश्तवाड़ में इन आतंकियों को मारा गया। व्हाइट नाइट कोर ने जानकारी दी कि आतंकवादी के अवशेष और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। सेना ने कहा, 'स्थिरता को कमजोर करने वालों के लिए कोई जगह, कोई पनाहगाह नहीं है।'

**जैश के साथ एक दर्जन से ज्यादा एनकाउंटर हुए :** पिछले साल किश्तवाड़ के घने जंगल वाले चटरू इलाके में ज्वाइंट फोर्स और पाकिस्तानी जैश-ए-मोहम्मद (जैश) के आतंकवादियों के बीच एक दर्जन से ज्यादा एनकाउंटर हुए। भारतीय सेना आतंकवादियों को पीछा करती रही, लेकिन वह जम्मू डिवीजन के किश्तवाड़, डोडा, कठुआ और उधमपुर जिलों के बीच अपनी जगह बदलते रहे।

**ऑपरेशन टीम में शामिल डॉग घायल :** किश्तवाड़ में चलाए गए एनकाउंटर में इंडियन आर्मी के 2 पैरा के डॉग टायसन को भी गोली लगी है। मिशन के दौरान, वह सबसे पहले उस धोक तक पहुंचा जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। गोली लगने के बावजूद, टायसन ने ऑपरेशन जारी रखा। उसे बेहतर इलाज के लिए बेस हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

## सम्पादकीय

# अर्थव्यवस्था को लगा झटका, जनवरी में 8 बुनियादी क्षेत्रों की रफ्तार घटी, बढ़ सकती है महंगाई

उद्देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर पिछले माह जनवरी में गिरकर चार फीसद पर आ गई, जो समूची अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। इन क्षेत्रों का देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और सकल घरेलू उत्पाद में महत्त्वपूर्ण योगदान है, इसलिए इनकी उत्पादन गति धीमी होने से देश की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होती है। इन क्षेत्रों से जुड़े उद्योगों को देश की अर्थव्यवस्था का स्तंभ माना जाता है, जो बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन और समग्र औद्योगिक वृद्धि को गति देते हैं। पिछले दिनों सरकार की ओर से जारी आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया था इस वर्ष की शुरुआत थोक और खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी के साथ हुई है। अब बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर में गिरावट यह दर्शाती है कि देश की अर्थव्यवस्था को कई मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि वस्तुओं के उत्पादन में कमी से मांग और आपूर्ति के बीच पैदा होने वाले अंतर की वजह से महंगाई के और बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्र- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में लगभग चालीस फीसद की हिस्सेदारी रखते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर में गिरावट का समग्र अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ सकता है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2025 में बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर 5.1 फीसद और दिसंबर में 4.7 फीसद थी। मगर, इस साल जनवरी में कच्चा तेल एवं प्राकृतिक गैस तथा कोयला एवं सीमेंट क्षेत्र के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, उर्वरक, इस्पात और बिजली उत्पादन में थोड़ी वृद्धि ने स्थिति को और कमजोर होने से रोका है। यह विचित्र बात है कि एक ओर निर्यात के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के दावे किए जाते हैं, तो दूसरी तरफ बुनियादी क्षेत्रों में उत्पादन की गति धीमी पड़ती जा रही है। सरकार को चाहिए कि इन क्षेत्रों में चुनौतियों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

## दैनिक विनय उजाला सुविचार

शांत रहना कमजोरी नहीं, यह समझदारी की निशानी है, क्योंकि हर जवाब शब्दों से नहीं व्यवहार से दिया जाता है।
**- दीपक शास्त्री, बेंगलुरु**

हम परेशान क्यो होते है..? दो ही कारण है..! एक हमे तकदीर से ज्यादा चाहिए...और...दूसरा हमे वक्त से पहले चाहिए...।
**- ताहिर अली भोपाल**

जो हमें परेशानी ओर समस्या से बचाता है, उसे परेशानी ओर समस्या से बचना हमारी जिम्मेदारी है।
**- तपन जिंदल, इंदौर**

ढोंग की ज़िन्दगी से ढंग की जिंदगी बेहतर है।।
**- अशोक परमार, आष्टा सीहोर**

मुझे ऊंचाइयों पे देखकर हैरान हैं बहुत लोग,
पर किसी ने मेरे पैर के छाले नहीं देखे।
**- सुधा रोकड़िया**

कर्म कभी छोटा नहीं होता, छोटी तो सिर्फ नीयत ही होती है,....।
**- अर्चना लवानिया**

## राम आए अयोध्या

राम वन गमन नियति थी, बुना विधी का जाल।
कैकेयी प्रारब्ध भी बना अमंगल भाल।

लक्ष्मण सीता साथ में, चले राम के साथ।
नाक सूर्पनखां कटी, लक्ष्मण जी के हाथ।

लखन, सिया सँग रामचन्द्र जी, भटकते वन में।
मर्यादा पुरुषोत्तम बनकर, रहे सादा जीवन में।

मारिच मृगा रूप धरा, रावण योगी भेष।
सीता जी के हरण से, शुरू हुआ विद्वेष।

वन-वन फिरे भटकते राघव, कंदमूल फल खाये।
वानर भालू गिद्धराज सब, प्रभु राम ने गले लगाये।

वानर हनुमत मिल गये, जुड़ी राम से प्रीत।
सुग्रीव अंगद संपाति, जामवंत से मीत।

शिला अहिल्या का उद्धार कर श्री नाथ गये।
राम सुग्रीव से मित्रता धर्म का मान रखते गये।

राम रावण युद्ध हुआ, किया दुष्ट का अन्त।
सीता माता साथ में, गाथा गाते सन्त।

रावण को स्वर्ग सिधारकर अयोध्या आ गये राम।
अवध वासियों के मन मंदिर में छा गये राम।

सेवक हो हनुमान से, त्याग स्वरूपा राम।
भरत लखन से भ्रात हों, मिले सहज सुख धाम।

रामराज्य आगया अवध में घर घर मंगलाचार हुआ।
सारी नगरी सजगयी अयोध्या में नवजीवन का संचार हुआ।

रामचरित मानस रची सीता राम चरित्र।
आराजक उस समय तुलसी नैतिक राह पवित्र।

स्वरचित मौलिक



**सुजाता चौधरी**
कोलकाता पश्चिम बंगाल
दैनिक विनय उजाला

---

**विशेष सम-सामयिक**

**एयरपोर्ट सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञ मानते हैं कि कुत्ते, चूहे, कॉकरोच, चिड़िया, बिल्ली, गिद्ध, सांप जैसे जीव-जंतु हवाई जहाज यात्रा के लिए बहुत बड़े खतरे हैं। अगर कुत्ता किसी रनवे में हवाई जहाज से टकरा जाए तो विमान दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना से इंकार नहीं कर सकते। टेक ऑफ या लैंडिंग भी रोकनी पड़ सकती है। अगर जरा सी चूक हो गई तो सैंकड़ों यात्रियों की जान जाने का भी खतरा है।**

## चूहों और कुत्तों से भी खतरा

# कितना कुछ भुगतेंगे एयर पैसेंजर..!!!

दैनिक विनय उजाला



**मनोज वार्ष्णेय**
**( लेखक राजस्थान से प्रकाशित नवज्योति के पूर्व साहित्य संपादक हैं )**
**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**



हवा में उड़ते हुए विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मौत हो जाना, लैंड करते समय दुर्घटना होना या फिर उड़ने के लिए रनवे पर जाते समय दुर्घटना होना, एयर पैसेंजरों के लिए यह आम बात थी। कहा जाता है कि दुर्घटनाएं सफर का हिस्सा हैं, लेकिन इन दुर्घटनाओं से अलग अब एयर पैसेंजरों को कुत्तों-चूहों से भी जूझना पड़ रहा है। शेष रह गया है हवाई यात्रा के दौरान सांप निकलना या फिर किसी वीवीआईपी के आने पर कोई बड़ी घटना का होना। हालत इतनी खराब है कि खुद मानवाधिकार आयोग को संज्ञान में लेना पड़ रहा है। उसकी टिप्पणी देखिए- इजराइली पर्यटक पर श्वान का हमला अशोभनीय है तथा पर्यटकों का स्वागत कुत्तों के हमलों से हो यह ठीक नहीं है। अब इसके बाद और कौन सी टिप्पणी तथा हादसा देखने के लिए शेष रह गया है, जिससे एयर पैसेंजर वंचित हैं?

जयपुर के सांगानेर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 15 फरवरी 2026 को दिल्ली से आयी महिला पर्यटक को एयरपोर्ट से बाहर आते समय अराइवल एरिया में एक आवारा कुत्ते ने काट लिया। बाद में उसे फौरी तौरपर उपचार के दौरान टांके लगाए गए। सितंबर 2025 में इंदौर, जिसे देश के पहले स्वच्छ शहर का दर्जा प्राप्त है, में भी ऐसी ही घटना घटित हुई। यहां के एयरपोर्ट पर भोपाल निवासी अरुण मोदी को उस वक्त चूहे ने उनकी पैंट में घुसकर काट लिया था, जब वह एयरपोर्ट के ग्राउंड फ्लोर पर डिपार्चर हाल में अपनी पत्नी के साथ इंतजार कर रहे थे। यहां की भी हालत देखिए, अरुण मोदी को टिटनेस का टीका लगाने के लिए भारी जद्दोजहद करनी पड़ी।

एयरपोर्ट पर डांग, रैट बाइट के ये दो मामले उसकी सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही साफ-सफाई की कहानी बताने के लिए काफी हैं। कुत्तों से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट सीधा कह चुका है कि उन्हें सार्वजनिक स्थानों से हटाया जाए और उनकी नसबंदी की जाए। इस आदेश का कितनी पालना हो रहा है, यह भी जयपुर में देखा जा सकता है। जब एयरपोर्ट पर कुत्ता विदेशी महिला को काट रहा था, तब यहां के दो पशु चिकित्सक कुत्ता नसबंदी में घपलेबाजी के लिए 15 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। इसे सीधा ऐसे पढ़ लीजिए कि एक कुत्ते की नसबंदी को दस बताने और उसके लिए सरकारी भुगतान में रिश्वत। अब भला कैसे कुत्ता आतंक मुक्त होंगे शहर और वीवीआईपी सुरक्षा से लैस एयरपोर्ट।

भारत में एयरपोर्ट और एयरलाइंस अब यात्रियों के लिए सरदर्द से ऊपर माइग्रेन बनती जा रही हैं। आम यात्रियों की बात छोड़ दीजिए यह देश-प्रदेश के मुखियाओं के लिए भी सुरक्षित नजर नहीं आ रहीं। 28 जनवरी 2026 को महाराष्ट्र के बारामती में हुए प्लेन क्रैश में वहां के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का निधन आज तक रहस्यों के पर्दे में है। अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि इस दुर्घटना के पीछे क्या कारण था? वैसे यह बात समझनी होगी कि जब एक आवारा कुत्ता कई स्तरीय सुरक्षा के बाद एयरपोर्ट में आकर काट सकता है और उसके पीछे कौन जिम्मेदार है यह ही तय नहीं हो पाता है, तो यह कैसे पता चल पायेगा कि प्लेन लैंड होते समय कैसे क्रैश हुआ?

12 मई 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोईंग 787-8 ड्रीमलाइनर उड़ान भरने के बाद जब क्रैश हो गया था तो उसके बाद दुर्घटनास्थल पर भी ऐसी ही मारामारी थी। जहां पर यह दुर्घटना हुई थी वहां पर तमाम आवारा कुत्ते आ गए थे। कहा तो यह भी जा रहा है कि उन्होंने कई मानव अंगों को खा लिया था। चूकि मामला अत्यधिक गंभीर था, इसलिए इन कुत्तों को पुलिस ने एनीमल रेस्कयू टीम की सहायता से हटाया था। घटनाएं और आंकड़ें भरे पड़े हैं, इस तरह की लापरवाहियों से और प्रश्न वही है कि आखिर कब तक तथा किस-किस तरह की दुर्घटनाएं एयर पैसेंजर देखेंगे? तकनीक के कारण हुई घटना तो समझी जा सकती है पर मानवीय त्रुटि से घटना क्यों? एयरपोर्ट सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञ मानते हैं कि कुत्ते, चूहे, कॉकरोच, चिड़िया, बिल्ली, गिद्ध, सांप जैसे जीव-जंतु हवाई जहाज यात्रा के लिए बहुत बड़े खतरे हैं। अगर कुत्ता किसी रनवे में हवाई जहाज से टकरा जाए तो विमान दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना से इंकार नहीं कर सकते। टेक ऑफ या लैंडिंग भी रोकनी पड़ सकती है। अगर जरा सी चूक हो गई तो सैंकड़ों यात्रियों की जान जाने का भी खतरा है। यह न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान है बल्कि जिन सुरक्षा एजेंसियों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी है, उनके प्रशिक्षण तथा कार्यक्षमता पर भी प्रश्न है।

यहां एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि अगर कभी किसी दूसरे देश के राष्ट्राध्यक्ष के दौरे के समय या फिर किसी अन्य वीवीआईपी की यात्रा के दौरान किसी कुत्ते के काटने या उनके विमान में चूहे आदि के घुस जाने की घटना होती है, तो क्या होगा? और कौन जिम्मेदार होगा? क्या इससे भारतीय एयर सर्विस की बदनामी के साथ ही कार्यक्षमता भी संदेहास्पद नहीं हो जाएगी? यह बात कही जा सकती है कि कोई भी राष्ट्राध्यक्ष खुद के प्राइवेट विमान से आता है, तो ऐसी घटना होना संभव नहीं है। लेकिन जब एयरपोर्ट पर आवारा जानवर आना आम हो तो क्या गारंटी है कि वह वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान नहीं आएगा?

अगर देखा जाए तो यात्रियों का झगड़ा करना, सहयात्री पर पेशाब कर देना, महिलाओं के साथ छेडख़ानी, शराब के नशे में क्रू-मेंबर से बदतमीजी, पायलट के केबिन में घुसने का प्रयास, दरवाजा खोलने की कोशिश जैसे हादसे तो आम हादसों में आते हैं। पर जब मानवाधिकार आयोग को एयरपोर्ट के जिम्मेदार कर्मचारियों को फटकारना पड़े तो समझ में आता है कि मामला कितना गंभीर और लापरवाही भरा रहा होगा। जिन्होंने हवाई यात्रा की होगी वह जानते हैं कि किस तरह से यात्रियों की जांच होती है, उनको वहां सुविधाओं के लिए क्या-क्या नहीं करना पड़ता?

जयपुर और इंदौर दोनों ही शहर दुनिया में अपनी पहचान रखते हैं। जयपुर जहां पर्यटन का महत्वपूर्ण केन्द्र है, वहीं इंदौर इसलिए पूरी दुनिया में जाना जाता है कि वह भारत का सबसे साफ शहर है। यहां पर अगर पर्यटकों का कुत्तों के काटने, चूहों के कपड़ों में घुस जाने से स्वागत होगा, तो वह अपने देश या शहर में जाकर भारत को किस तरह से प्रजेंट करेंगे? तब भारत की उस छवि को कैसे छिपाएंगे जिसमें कहा जाता था कि भारत सांप-सपेरों का देश है।

यह बात मानी जा सकती है कि देश की हवाई यात्रा व्यवस्था इस समय कर्मचारियों की कमी से जूझ रही है, क्र-मेंबर्स तथा पायलट काम के बोझ से मानसिक तनाव में हैं, ड्यूटी टाइम को लेकर रोज झगड़े होते हैं, एयरकर्मी गिरती सेहत के कारण चिड़चिड़े हो रहे हैं, वेतन काम के आधार पर आधा है, जॉब सिक्योरिटी में झोल है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था बस अड्डों जैसी हो जाए। अभी बहुत दिन नहीं हुए हैं जब यात्रियों ने इंडिंगो की दादागीरी झेलकर यात्राएं कीं। पूरे देश में हवाई अड्डों का जाल बिछ रहा है, भारत का सबसे बड़ा जेबर का हवाई अड्डा भी जल्दी ही आरंभ होगा। ऐसे में यात्रियों के मंहगी यात्रा करने के बाद भी अगर एयरपोर्ट आवारा जानवरों से यात्रियों को महफूज नहीं रख सकते, तो एयर पैसेंजर एयरपोर्ट पर कैसे पढ़ पाएंगे- 'मुस्कुराइये कि आप एयरपोर्ट पर हैं'?

---

# पर्यावरण की सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

वर्तमान समय में पर्यावरण की सुरक्षा सम्पूर्ण विश्व के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। यह कार्य किसी एक संस्था, देश या विशेष समूह की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। जिस प्रकार हर प्राणी शुद्ध वायु में सांस लेना चाहता है, उसी प्रकार पर्यावरण की रक्षा करना भी हम सबका दायित्व है। यदि हम अपनी दैनिक दिनचर्या में कुछ अच्छी आदतों को शामिल कर लें, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जैसे हम अपने शरीर को स्वच्छ रखते हैं, वैसे ही हमें अपने घर, आसपास के क्षेत्र, शहर और देश के पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखना चाहिए। इसके लिए पेड़-पौधों की रक्षा करना और नए पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। लगाए गए पौधों की समय-समय पर देखभाल भी करनी चाहिए। घर के आंगन में बगीचा लगाना, गमलों में पौधे उगाना तथा औषधीय और फलदार वृक्षों का रोपण करना पर्यावरण को समृद्ध बनाता है। इससे न केवल मनुष्य को शुद्ध फल और औषधियां मिलती हैं, बल्कि पक्षियों और अन्य जीवों को भी भोजन एवं आश्रय प्राप्त होता है।

**पर्यावरण प्रदूषण के चिंताजनक आँकड़े :** आज विश्वभर में प्रदूषण के कारण गंभीर संकट उत्पन्न हो चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर वर्ष लगभग 70 लाख लोगों की मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण होती है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व में हर साल लगभग 1 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र नष्ट हो रहा है। भारत में कई बड़े शहरों का वायु गुणवत्ता सूचकांक सर्दियों में 300 से 500 तक पहुंच जाता है, जो अत्यंत खतरनाक श्रेणी में आता है। विश्वभर में प्रतिवर्ष लगभग 80 लाख टन प्लास्टिक कचरा समुद्र में पहुंचता है, जिससे समुद्री जीवों का जीवन खतरे में पड़ जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यदि वर्तमान दर से पेड़ों की कटाई जारी रही तो आने वाले दशकों में जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम और अधिक गंभीर होंगे। यह आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

**कचरा प्रबंधन और पुन: उपयोग :** घरों से निकलने वाला कचरा पर्यावरण प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। भारत में प्रतिदिन लगभग 1.5 लाख टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें से बड़ी मात्रा का उचित निस्तारण नहीं हो पाता। प्लास्टिक कचरे का बड़ा भाग पुनर्चक्रित नहीं हो पाता और वह नदियों व समुद्रों में पहुंच जाता है। पर्यावरण संरक्षण में कचरा प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। घरों से निकलने वाले हरी सब्जियों के छिलके, चायपत्ती, प्लास्टिक और कागज आदि को अलग-अलग रखना चाहिए। जैविक कचरे से खाद बनाई जा सकती है या पशुओं को दिया जा सकता है। चायपत्ती का उपयोग गमलों के पौधों में किया जा सकता है। प्लास्टिक और कागज को पुनर्चक्रण हेतु अलग से देना चाहिए, जिससे उनसे नई वस्तुएं बनाई जा सकें। ऐसा करने से न केवल प्रदूषण कम होगा, बल्कि जानवरों को पॉलिथीन जैसी हानिकारक वस्तुओं से भी बचाया जा सकेगा।

**पेड़-पौधों का महत्व और संरक्षण :** पेड़-पौधे पर्यावरण के संतुलन की आधारशिला हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित रखते हैं और मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। हमें चाहिए कि अपने घर, आंगन और आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण करें। हम सभी अपनी जिम्मेदारी से औषधीय पौधे (जैसे तुलसी, नीम, एलोवेरा) और फलदार वृक्ष लगाएं तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें। एक परिपक्व वृक्ष एक वर्ष में लगभग 20 से 100 किलोग्राम तक कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर सकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम 5ङ्क10 पेड़ लगाए और उनकी देखभाल करे, तो प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

**औद्योगिक प्रदूषण और समाधान :** देश में कुछ उद्योगों के कारण भी प्रदूषण फैलता है। इसलिए समय-समय पर उद्योगों का निरीक्षण होना चाहिए तथा अपशिष्ट पदार्थों का उचित निस्तारण किया जाना चाहिए, जिससे नदियां और भूमि प्रदूषित न हों। आधुनिक संसाधनों का सीमित उपयोग करते हुए प्राकृतिक साधनों को अपनाना आवश्यक है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो ही हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा। हमें आज और अभी से यह संकल्प लेना चाहिए कि हम प्रकृति के प्रति सजग रहेंगे, समय-समय पर पौधारोपण करेंगे और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखेंगे। आने वाली पीढ़ी को भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना हमारा कर्तव्य है। जब हम सब मिलकर प्रकृति की रक्षा करेंगे, तभी धरती पर समृद्धि, संतुलन और खुशहाली बनी रहेगी।

**( लेखिका समसामयिक विषयों पर लिखती हैं )**



**चन्द्रकांति आर्य**
दैनिक विनय उजाला

---

# होलाष्टक



**प्रमोद मिश्रा**
**शिक्षक पेढ़ी**
दैनिक विनय उजाला

आज 24 फरवरी मंगलवार से लेकर होली दहन तक होलाष्टक के दिन रहेंगे।

**होलाष्टक का अर्थ :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माना जाता है कि, होलाष्टक के इन आठ दिनों में वातावरण में नकारात्मक ऊर्जा बढ़ जाती है। यही वजह है कि इस दौरान किसी भी तरह के शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं।

**इन दिनों में ग्रहों का भी होता है, उग्र प्रभाव :** इसके अलावा ज्योतिष मान्यता के अनुसार कहा जाता है की होलाष्टक के दिनों में अष्टमी तिथि के दिन चंद्रमा, नवमी तिथि के दिन सूर्य, दशमी तिथि के दिन शनि, एकादशी तिथि के दिन शुक्र, द्वादशी तिथि के दिन गुरु, त्रयोदशी तिथि के दिन बुध, चतुर्दशी तिथि के दिन मंगल और पूर्णिमा को राहु उग्र अवस्था में रहते हैं। ऐसे में इस दौरान अगर कोई भी मांगलिक कार्य किया जाए तो इससे व्यक्ति के जीवन में तमाम तरह की परेशानियां, बाधाएँ, रुकावटें और समस्या आने की आशंका बढ़ जाती है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार ग्रहों के स्वभाव में उग्रता आने के चलते इस दौरान अगर कोई व्यक्ति शुभ कार्य करता भी है या ऐसा कोई फैसला लेता भी है तो वह शांत मन से नहीं ले पाता है और यही वजह है कि उनके द्वारा लिए गए फैसले अक्सर गलत साबित होते हैं या उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**ज्योतिषीय सिद्धांत :** ज्योतिष के अनुसार माना जाता है कि होलाष्टक की इस समयावधि में उन जातकों को विशेष रूप से सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है, जिनकी जन्म कुंडली में चंद्रमा कमजोर होता हैं, चंद्रमा किसी अशुभ योग में व अशुभ प्रभाव में हो या फिर चंद्रमा छठे, आठवें, बारहवें भाव में होता हैं।

**होलाष्टक व धार्मिक मान्यताएं :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलाष्टक के 8 दिन वह दिन होते हैं जब हिरनकश्य ने भक्त प्रहलाद को 8 दिनों तक कठोर यातनाएं दी थी। इसलिए इन दिनों में किसी भी तरह के मांगलिक कार्य शुभ नहीं माने जाते।

**वैज्ञानिक सिद्धांतों के अनुसार :** फाल्गुन शुक्ल पक्ष के दौरान मौसम परिवर्तन हो जाता है और जिससे बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। इसलिए इस समय अधिक सावधानी रखना बताया गया है।

**होलाष्टक के दिनों में क्या करना चाहिए :** जिस तरह से भक्त प्रहलाद ने भगवान विष्णु की उपासना- जप- स्तुति इत्यादि करते हुए भगवान श्री विष्णु की भक्ति व आशीर्वाद के अधिकारी बने थे और भगवान ने प्रहलाद के सभी कष्टों का निवारण किया था। इसी तरह होलाष्टक के इन दिनों में सभी उपासकों को भगवान की उपासना- स्तुति- नाम जप- मंत्र जप- कथा श्रवण इत्यादि करना चाहिए।

---

# हैं भगवान! अब के कुछ ऐसा कर...

हैं भगवान!
अब के कुछ ऐसा कर,,,
जीना भी सबको है,
मारना भी सबको है,
नई टेक्नालजी अनुसार,

आपके द्वारा उधार दिया शरीर
एक दिन वापस लेना है आपने
क्यों न उसे अपने साथ,,,
मोबाइल ले जाने दे,,,

जिंदगी भर उसने जो कमाया,
धन, दौलत, इज्जत, आबरू,
रहे उसके अगले जन्म के खाते
में,
बदल कर वापस लौटा दे,, जिससे
वह इंसान आगे बढ़कर,,

कुछ और नया कर सके,, और
मोबाइल में जो सेव है डाटा,
हरेक के अच्छे बुरे कर्म का,,

जिस जिसने किए उसके साथ
उसका हिसाब चूकता कर सके,
अगले नव जीवन में ब्याज के
साथ,
इस नई व्यवस्था से,,
आपके स्टॉफ पर भी,
बोझ कम होगा,,

आप भी फ्री होंगे,,
कुछ नया सोचके कर पाएंगे,,
पुजे जायेंगे नई तकनीकि के
साथ,,

ये हैं नए गुगल सर्च इंसान की
मांग,,
पुरी करें पूरी करें,,
नहीं तो हम नहीं मरेंगे,

**डॉ, बनवारीलाल जाजोदिया,**
**यथार्थ, इंदौर (म, प्र)**
**मो न, 9300569471**
दैनिक विनय उजाला

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी परिवार ने 7 महीने तक नहीं दिया मिलने का समय, इसीलिए छोड़ी कांग्रेस : भूपेन बोरा



**गुवाहाटी, एजेंसी।** कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए दिग्गज नेता भूपेन बोरा ने गांधी परिवार पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाए कि कांग्रेस में कई साल बिताने के बावजूद 7 महीने तक गांधी परिवार ने उन्हें मिलने का समय नहीं दिया। इसी बीच, उन्होंने भाजपा आलाकमान की सराहना की। भूपेन बोरा ने कहा, कांग्रेस में कई साल बिताने के बावजूद, उन्हें सात महीने तक गांधी परिवार, यानी सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी या कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मिलने का समय नहीं मिल पाया।' इसके उलट, उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उनसे पांच मिनट के अंदर मिले। भूपेन बोरा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैंने सात महीने तक इंतजार किया, लेकिन गांधी परिवार से मिलने का समय नहीं मिला। लेकिन अमित शाह मुझसे पांच मिनट के अंदर मिले। इससे ही दोनों पार्टियों के बीच का अंतर पता चलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता गौरव गोगोई को उनके घर आने में नौ महीने लग गए, जबकि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कांग्रेस छोड़ने के फैसले के 24 घंटे के अंदर उनके घर पहुंच गए। बोरा ने कहा, 'इससे स्पष्ट है कि अलग-अलग राजनीतिक कल्चर में नेताओं को कैसे अहमियत दी जाती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस पार्टी का जमीनी कार्यकर्ताओं और नेता से संपर्क टूट गया है। बोरा ने आरोप लगाया कि अंदरूनी उलझन, लीडरशिप तक पहुंच की कमी और फैसले लेने में देरी ने राज्य में कांग्रेस के असर को कम किया है। बता दें कि रविवार को असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की। भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख दिलीप सैकिया और सीनियर नेताओं की मौजूदगी में वे पार्टी में शामिल हुए। इसके बाद, उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। बाद में वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले।

### कांग्रेस नेता गए थे सीट-सत्ता में हिस्सेदारी मांगने, पर मांगने लगे राज्यसभा सीट



**चेन्नई, एजेंसी।** दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में भी आगामी महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहां देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस राज्य की सत्ताधारी डीएमके के साथ गठबंधन में है। आगामी चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे और जीत के बाद सत्ता में हिस्सेदारी पर दोनों दलों के बीच पेच फंसा हुआ है। इसी सिलसिले में बात करने के लिए कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल रविवार रात मुख्यमंत्री और डीएमके चीफ एमके स्टालिन के चेन्नई के अलवरपेट स्थित आवास पहुंचे थे। तब से यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि दोनों दलों के बीच सियासी तनातनी बढ़ सकती है लेकिन हुआ इससे उलट। दोनों नेताओं के बीच जब बातचीत शुरू हुई तो बातचीत का रुख अलग रहा और टकराव की बजाय दोनों संतुलन बनाने पर जोर देते रहे।

डीएमके और तमिलनाडु कांग्रेस के टॉप सूत्रों के हवाले से इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मीटिंग के दौरान दोनों नेताओं ने हाल के हफ्तों में टकराव की वजह बनी पावर-शेयरिंग की मांग पर जोर देने के बजाय अलग मुद्दे पर बातचीत की। रिपोर्ट में कहा गया है कि वेणुगोपाल ने मीटिंग के दौरान सीट शेयरिंग की बजाय राज्यसभा सीट पर ध्यान केंद्रित की और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के लिए एक सीट की मांग की। डीएमके सूत्रों का कहना है कि इस तरह की मांग असामान्य जरूर है, लेकिन पार्टी नेतृत्व को इससे विशेष आपत्ति नहीं हो सकती।

### केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने केरल में एनडीए दफ्तर का किया उद्घाटन, कहा राज्य को सही सरकार की जरूरत

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में विधानसभा की तैयारियों के बीच आद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू केरल पहुंचे। वह यहां एनडीए दफ्तर का उद्घाटन करने पहुंचे थे। पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में ऐसी सरकार की कमी है जो केंद्र की पहलों को केरल में असरदार तरीके से लागू कर सके। रिजिजू ने आगे कहा केरल में हमेशा ऐसी सही सरकार की कमी रही है जो राज्य में एनर्जी भर सके और उसे खुशहाली की और ले जा सके। उन्होंने एनडीए दफ्तर की शुरुआत को केरल भाजपा और उसके सहयोगियों के लिए एकजुटता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा यह एक अच्छी शुरुआत है, और हमें पूरी उम्मीद है कि बहुत जल्द केरल के लोगों के लिए बेहतर और अच्छे दिन आएंगे। रिजिजू ने आरोप लगाया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की बहुत कम कोशिशें केरल तक पहुंच रही हैं, क्योंकि राज्य में अच्छी सरकार नहीं है। केरल के लोग लंबे समय से एलडीएफ और यूडीएफ की सरकारों से तंग आ चुके हैं। ऑफिस के उद्घाटन के मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और राज्य के दूसरे एनडीए नेता भी मौजूद थे।

बीआरएस और केसीआर ने बदल दिया समीकरण

# तेलंगाना में राज्यसभा की दो सीटें पक्की मान रही थी कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

**देश की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने वाले हैं। बिहार में 5 सीटों पर इलेक्शन में एनडीए की जीत तय मानी जा रही है तो वहीं तेलंगाना में भी 2 सीटों पर वोटिंग होनी है। इन दो सीटों पर कांग्रेस की जीत अब तक तय मानी जा रही थी, लेकिन अब खेल बदलता दिख रहा है।**

इस राज्य में भाजपा इस स्थिति में नहीं है कि कांग्रेस को चुनौती दे, लेकिन भारत राष्ट्र समिति के नेता के. चंद्रशेखर राव ने कम से कम एक उम्मीदवार खड़ा करने का फैसला लिया है। इन खबरों से कांग्रेस लीडरशिप को झटका लगना लाजिमी है, जो पहले ही ज्यादातर राज्यों में सीटें जीतने की स्थिति में नहीं है। अप्रैल में दो सीटें खाली हो रही हैं। अब तक कांग्रेस मानकर चल रही थी कि उसे जीत मिल जाएगी।



केसीआर ने जिस तरह से समीकरण बदलने की कोशिश की है, उससे वह टेंशन में होगी। अब कांग्रेस के लिए स्पष्ट हो गया होगा कि मुकाबला गणित, गठबंधन और अन्य तमाम चीजों से तय होगा। खबरें हैं कि केसीआर किसी चर्चित व्यक्ति को उतारना चाहते हैं। असेंबली रिकॉर्ड्स के अनुसार केसीआर के पास कुल 37 विधायक हैं। इनमें से 10 विधायक ऐसे हैं, जो कांग्रेस के पास जा चुके हैं और उनकी अयोग्यता को लेकर मामला चल रहा है। इस मामले में 8 विधायकों पर बीआरएस की आपत्ति को स्पीकर ने खारिज कर दिया है। वहीं दो पर अभी ट्राइब्यूनल में मामला लंबित है।

#### एक राज्यसभा सीट पर बीआरएस बना रही है समीकरण

यदि एक राज्यसभा सीट जीतनी है तो 41 विधायकों की जरूरत है। कुल 37 का दावा करने वाली बीआरएस के साथ यदि उसके अपने सभी विधायक बने रहते हैं तो अलग से सिर्फ 4 विधायकों की ही उसे जरूरत होगी। फिलहाल खबर है कि बीआरएस की ओर से उन दलों से वार्ता हो रही है, जिनके समर्थन से इस आंकड़े को हासिल किया जा सकता है। राज्य में कांग्रेस के पास 66 विधायक हैं। इसके अलावा सीपीआई के भी एक विधायक का उसे समर्थन है। अब तक वह मान रही थी कि बीआरएस मुकाबले से दूर रहेगी। लेकिन जब एक राज्यसभा सीट हासिल करने की स्थिति केसीआर को दिखी तो उन्होंने मुकाबले में उतरना ही ठीक समझा है।

#### कांग्रेस की आंतरिक कलह ने भी बढ़ाई पार्टी की मुश्किल

फिलहाल पूरा मामला इस बात पर अटक गया है कि आखिर वे 10 विधायक किसके साथ जाते हैं, जो बीआरएस से बागी हो गए हैं। इसके अलावा भाजपा और ओवीसी के एआईएमआईएम पर भी नजरें टिक गई हैं। राज्य में ओवैसी के पास कुल 7 विधायक हैं, जबकि भाजपा के पास भी 8 का समर्थन है। इस तरह से मुकाबला टाइट फाइट वाला हो सकता है। साफ है कि एक सीट भले कांग्रेस आसानी से पा जाए, लेकिन दूसरी सीट जीतना टेढ़ी खीर बन सकता है। दरअसल कांग्रेस की आंतरिक कलह भी उसके लिए हालात मुश्किल कर रही है। दो सीटों में से एक पर अभिषेक मनु सिंघवी को फिर से भेजा जा सकता है। अब रही बात दूसरी सीट की तो उसके लिए सीएम के सलाहकार वी. नरेंद्र रेड्डी का नाम भी चर्चा में है। इसके अलावा रिटायर्ड जज जस्टिस सुदर्शन रेड्डी भी मुकाबले में हैं।

भाजपा से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी

## इंडिया गठबंधन में नेतृत्व के लिए राहुल गांधी के समर्थन में उतरे उमर अब्दुल्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

**विपक्षी पार्टियों के गठबंधन का नेतृत्व राहुल गांधी को करना चाहिए या फिर किसी और को? पिछले कुछ दिनों में इस सवाल को लेकर काफी चर्चा हो रही है। सबसे पहले इस सवाल को कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने ही बड़ी मुखरता से उठाया।**

इसके बाद तमाम नेताओं ने भी दबी जुबान से इसका समर्थन किया कि राहुल गांधी की जगह इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व अब किसी और को करना चाहिए। अब इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी और जम्मू-कश्मीर की सत्ताधारी पार्टी ने इस मुद्दे पर अपना रुख साफ कर दिया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व को लेकर कोई सवाल नहीं है।

मीडिया से बात करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इंडिया ब्लॉक की किसी भी बैठक में नेतृत्व के परिवर्तन का मुद्दा नहीं उठा है। ऐसे में नेतृत्व परिवर्तन का कोई सवाल ही



नहीं उठता। अय्यर द्वारा की गई टिप्पणी पर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह अय्यर की निजी राय हो सकती है, उन्हें ऐसा करने का पूरा अधिकार है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष ने कहा, कोई यह नहीं कह सकता कि उन्हें अपनी राय देने का अधिकार नहीं है। लेकिन, जब निर्णय लिया जाएगा, तो वह 'इंडिया' गठबंधन द्वारा लिया जाएगा और सभी (घटक दल) इस पर चर्चा करेंगे। नेतृत्व को लेकर अब तक 'इंडिया' गठबंधन की किसी भी बैठक में कोई चर्चा नहीं हुई है।

#### 'इंडिया' गठबंधन का काम सरकार को घेरना और भाजपा का विरोध करना है

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी पार्टी नेतृत्व परिवर्तन का समर्थन करती है, तो उन्होंने कहा कि हालांकि नेतृत्व के मुद्दे पर पहले गठबंधन के भीतर आंतरिक रूप से चर्चा होनी चाहिए, लेकिन राहुल गांधी ने भाजपा और सरकार से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा, मुझे बताइए, राहुल गांधी ने भाजपा से लड़ने में क्या कसर छोड़ी है? उन्होंने लगातार भाजपा का विरोध किया है और हर मुद्दे पर भाजपा और सरकार को निशाना बनाया है। यही विपक्ष के नेता का काम होता है। राहुल गांधी से आप और क्या चाहते हैं? मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सच है कि कभी-कभी कांग्रेस पार्टी चुनाव में सफल नहीं होती, लेकिन 'इंडिया' गठबंधन का काम सरकार को घेरना और भाजपा का विरोध करना है। उन्होंने कहा, कोई मुझे बताए कि राहुल गांधी ने ऐसा करने में क्या कोई कसर छोड़ी है? दरअसल, मुख्यमंत्री यहां मणिशंकर अय्यर के उस बयान के बारे में टिप्पणी कर रहे थे, जिसमें उन्होंने ममता बनर्जी या फिर स्टालिन को इंडिया ब्लॉक के नेतृत्वकर्ता के रूप से लिए जाने का समर्थन किया था।

कर्नाटक में सियासी हलचल तेज

## पहली बार विधायक बने नेताओं ने मांगे मंत्री पद, खरगे-राहुल गांधी को लिखी चिट्ठी

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में कांग्रेस के अंदर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पहली बार विधायक बने नेताओं के एक समूह ने पार्टी आलाकमान को एक चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने राज्य मंत्रिमंडल में होने वाले प्रस्तावित फेरबदल के दौरान अपने लिए जगह मांगी है। विधायकों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को यह संयुक्त चिट्ठी भेजी है। विधायकों ने नेतृत्व से अपील की है कि जब भी मंत्रिमंडल में बदलाव हो, तो कम से कम पांच ऐसे विधायकों को मंत्री बनाया जाए जो पहली बार चुनकर आए हैं। यह घटनाक्रम उस दिन सामने आया जब कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला 'मनरेगा बचाओ' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बेंगलुरु में मौजूद हैं।

#### जनता नए चेहरे देखना चाहती है

अपने पत्र में विधायकों ने लिखा है कि कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस के 38 ऐसे सदस्यों को चुना है जो पहली बार विधायक बने हैं। यह साफ संदेश है कि लोग विधानसभा में नए और युवा चेहरों को देखना चाहते हैं। विधायकों ने अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि जब सिद्धारमैया की अगुवाई में 34 सदस्यों का मंत्रिमंडल बना था, तब पहली बार जीते किसी भी विधायक को कैबिनेट में काम करने का मौका नहीं मिला था।

#### युवा और अनुभव का मेल जरूरी

पत्र में कहा गया है कि ऐसी स्थिति में यह सही होगा कि पहली बार विधायक बने लोगों को भी कैबिनेट में जगह दी जाए। उन्होंने इस कदम को समय की जरूरत बताया है। उनका कहना है कि युवा, जोश से भरे और सक्रिय प्रतिनिधियों को प्रशासनिक जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। विधायकों ने तर्क दिया कि कई राज्यों में पहली बार बने विधायकों को मुख्यमंत्री या मंत्री बनाया गया है, इसलिए नए लोगों को मंत्री पद देना कोई नई बात नहीं है। चिट्ठी पर साइन करने वाले विधायकों का मानना है कि युवा और अनुभवी लोगों का मेल शासन के लिए सही संतुलन बनाएगा। इससे पार्टी को 2028 में फिर से सत्ता में आने में मदद मिलेगी। साथ ही, यह राज्य में साफ और पारदर्शी शासन देने के कांग्रेस के वादे और विचारधारा को भी पक्का करेगा।

## प्लेन क्रैश मामले में रोहित ने सीबीआई जांच की मांग कर सरकार पर साधा निशाना



मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे को लेकर अब राज्य में हलचल मची हुई है। लोगों के संशय को दूर करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र से इस मामले में सीबीआई जांच करवाने की मांग की है। देवेंद्र फडणवीस सरकार की इस मांग को लेकर अब शरद गुट के विधायक रोहित पवार ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जो मांग की है, उससे केवल और केवल देरी होगी और कुछ भी सामने नहीं आएगा। विधान भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में रोहित पवार ने कहा कि सीबीआई जांच की मांग वाली एक रिपोर्ट पहले ही संबंधित केंद्रीय मंत्रालय, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और मुख्यमंत्री सहित सभी संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के पास लगभग 7,000 लंबित मामले हैं, जिनमें से लगभग 2,500 मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं। उन्होंने कहा, हम महाराष्ट्र में जांच के नाम पर समय की इस बर्बादी को बर्दाश्त नहीं करेंगे। सीआईडी जांच कर सकती है। रोहित पवार ने दावा किया कि दुर्घटना से संबंधित केवल 30 फीसदी जानकारी ही सार्वजनिक की गई है और अब तक 70 फीसदी जानकारी उनके पास है। राकांपा (शप) नेता ने उन खबरों पर भी सवाल उठाए जिनमें कहा गया था कि दुर्घटनाग्रस्त लियरजेट 45 विमान का 'ब्लैक बॉक्स' जल गया। उन्होंने कहा कि 'ब्लैक बॉक्स' की तस्वीरें उन तक पहुंच चुकी हैं।

टीवीके चीफ विजय बोले...

## सभी ने मेरे खिलाफ हाथ मिला लिया, मुझे नीचा दिखाने वाले तमिलनाडु का अपमान कर रहे

चेन्नई, एजेंसी

**तमिलनाडु में जल्द विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस बीच अब यहां सियासी राजनीति तेज हो रही है। सोमवार को तमिलगा वेट्ट्री कजागम के प्रमुख विजय ने कहा कि तमिलनाडु के लोगों के साथ अपने रिश्ते को जीव-जंत जैसा है।**

उन्होंने आगे कहा कि ऐसा लगता है कि राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों में उनके खिलाफ लड़ने के लिए सभी पार्टियां एकजुट हो गई हैं। वेल्लोर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए टीवीके प्रमुख ने कहा कि आगामी चुनाव राज्य के लोगों के लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई होंगे।

आगे उन्होंने कहा 'यह चुनाव 50 साल में एक बार होने वाले चुनाव जैसा है। इस चुनाव में सभी लोग विजय का विरोध करने के लिए एकजुट हो गए हैं। यह तमिलनाडु की



जनता के लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग है। राजनीति में आने से पहले आपकी क्या संपत्ति थी? राजनीति में आने के बाद आपकी क्या संपत्ति है? हर राजनेता को इसका जवाब देना चाहिए। अगर आप मेरा अपमान करते हैं, तो यह जनता का अपमान करने जैसा है। विजय और जनता खून और मांस के बंधन से जुड़े हैं।

#### बुनियादी सुविधाओं की कमी की ओर इशारा किया

शासन व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कई पहाड़ी गांवों में बस सेवाओं और अस्पतालों सहित बुनियादी सुविधाओं की कमी की ओर इशारा किया। उन्होंने सत्ताधारी डीएमके सरकार के सुरक्षित रहो मॉडल की आलोचना करते हुए कहा कि महिलाएं वर्तमान में इसे हम सुरक्षित नहीं हैं मॉडल के रूप में देखती हैं। टीवीके प्रमुख ने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी की सरकार के तहत कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा और महिलाएं, पुरुष और बच्चे सुरक्षित जीवन जी सकेंगे। विजय ने डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार पर तमिलनाडु में नकली आदर्श प्रशासन चलाने का आरोप भी लगाया और उन्हें स्टैंड-अप कॉमेडी कहकर उनका मजाक भी उड़ाया।

#### विजय ही तमिलनाडु है के नारे पर दिया जोर

वेल्लोर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विजय ने कहा कि राज्य में राजनीतिक लड़ाई टीवीके और डीएमके के बीच है। उन्होंने तमिलनाडु ही विजय है, विजय ही तमिलनाडु है के नारे पर जोर दिया। टीवीके नेता ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री डीके बरोआ के प्रसिद्ध कथन का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था, 'भारत ही इंदिरा है, इंदिरा ही भारत है।' इस तरह उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की राजनीतिक विरासत की प्रशंसा की।

बिहार में रास की सीट के लिए होगा रोचक मुकाबला

# हिना शहाब को राज्यसभा लड़ाकर ओवैसी का शिकार करेंगे लालू-तेजस्वी?

पटना, एजेंसी

**राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के विधायक भाई वीरेंद्र ने बिहार की 5 राज्यसभा सीटों के चुनाव के लिए पार्टी के अध्यक्ष लालू यादव और कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव से पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की बीवी हिना शहाब को 5वीं सीट के लिए कैंडिडेट बनाने की मांग की है।**

वीरेंद्र ने कहा है कि हिना को चुनाव लड़ाने से एक तीर से कई शिकार हो जाएंगे। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम



के 5 विधायकों और मायावती की बसपा के 1 एमएलए का समर्थन लिए बिना राजद एक सीट नहीं जीत सकती है। ऐसे में लालू और तेजस्वी के बहुत करीबी विधायक भाई वीरेंद्र का खुलकर एक नाम नाम लेना कुछ-कुछ इस बात का संकेत है कि पार्टी नेतृत्व उनके जरिए हिना को कैंडिडेट बनाने की सूरत में होने वाली प्रतिक्रिया और राजनीति को समझना चाहता है।

#### हिना शहाब के नाम पर एआईएमआईएम का समर्थन भी मिलेगा

भाई वीरेंद्र ने सोमवार को बिहार विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए हिना शहाब को महागठबंधन का राज्यसभा चुनाव उम्मीदवार बनाने की मांग की है। भाई वीरेंद्र ने हालांकि कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है कि पार्टी हिना शहाब को अपना प्रत्याशी बनाए, लेकिन तब असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का समर्थन भी आरजेडी को मिलेगा। भाई वीरेंद्र ने इसके साथ-साथ यह दावा भी कर दिया कि हिना शहाब के नाम पर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भी कुछ वोट क्रॉस वोटिंग के रास्ते महागठबंधन के पक्ष में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक सीट विपक्ष को मिलेगा। वीरेंद्र ने कहा कि अगर एक मुसलमान, और वह भी हिना शहाब को राज्यसभा उम्मीदवार बना देते हैं तो एक तीर से कई निशाने साध लेंगे और सब काम हो जाएगा।

#### राजद को चाहिए 6 वोट, एनडीए को मात्र 3, राज्यसभा की 5वीं सीट पर किसे जिताएंगे विधायक?

एआईएमआईएम के बिहार अध्यक्ष और विधायक दल के नेता अख्तरुल ईमान ने पिछले सप्ताह एक विचार उछाला था कि ऐसा क्यों नहीं हो कि एआईएमआईएम का नेता राज्यसभा चुनाव लड़े और राजद के अलावा कांग्रेस, लेफ्ट और दूसरे विपक्षी दल उसका समर्थन करें। महागठबंधन में शामिल इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के प्रमुख और इकलौते विधायक आईपी गुप्ता बीते दिनों ओवैसी की पार्टी के बुलावे पर हैदराबाद गए थे और। उन्होंने पटना लौटने के बाद कहा था कि महागठबंधन को एक सीट पर लड़ना चाहिए और वो कोशिश करेंगे कि ओवैसी की पार्टी का समर्थन मिले। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के हरिवंश, रामनाथ ठाकुर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के उपेंद्र कुशवाहा, राजद के प्रेमचंद गुप्ता और एडी सिंह का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने इन 5 सीटों के चुनाव के लिए 16 मार्च को मतदान का दिन तय किया है अगर कैंडिडेट की संख्या 5 से ज्यादा हो जाए। 243 सदस्यों की विधानसभा में 5 सीट पर चुनाव के लिए एक कैंडिडेट को जीत के लिए 41 विधायकों का समर्थन चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाध्यक्ष जाहिद पठान का स्वागत



**बड़वानी,निप्र।** मध्यप्रदेश चालक- परिचालक सेवा संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक 8 फरवरी को भोपाल मे इंटक भवन में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें बड़वानी जिले से प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिला, बडवानी जिला अध्यक्ष जाहिद पठान को प्रदेश महासचिव व मुन्ना सांवले को प्रदेश संगठन मंत्री का पद मिला। इन साथियों की प्रदेश कार्यकारिणी में नियुक्ति पर चालक-परिचालक संघ बड़वानी के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते कर हुए प्रदेश संगठन का आभार माना व स्थानीय बस स्टेण्ड पर संगठन के कार्यालय पर भी चालक-परिचालक संघ जिला बडवानी के सरंक्षक दुदालाल की गरिमामय उपस्थिति ने जाहीद पठान और मुन्ना सांवले को पुष्पहार से स्वागत कर शाल श्री फल देकर सम्मानित किया। स्वागत व सम्मान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जय जाट, सचिव गौरी शंकर, जितेन्द्र कुमावत, दिनेश पहलवान,संतोष राठौड़, राकेश निंगवाल, बंसी भाई, धर्मेंद्र कुमावत रईस भाई, दीपक धनगर, गजु यादव, मुकेश कुशवाह,जगदीश कुमावत के अलावा चालक-परिचालक संघ जिला बडवानी के सभी सदस्यगण उपस्थित थे। इस दौरान जाहीद पठान ने चालक-परिचालक साथियों से कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर लाभ दिलाने का वादा किया।

### यातायात नियमों को रखा ताक में कर रहे हैं जोखिम भरा सफर



**बाग, निप्र।** इन दिनों यातायात नियमों को ठेंगा दिखाकर वाहन सड़कों पर सरपट दौड़ रहे हैं। ये यातायात विभाग और पुलिस प्रशासन की अनदेखी ही कही जाएगी। इस प्रकार वाहन क्षमता से ज्यादा यात्री भरकर ले जा रहे हैं, कोई देखने वाला नहीं। यह नजारा सोमवार को देखने को मिला। अधिकतर छोटे वाहन लटालूम यात्री वाहन में भरकर निकल रहे हैं। बाग की यातायात व्यवस्था पहले से ही चरमराई हुई है। ऊपर से इनका अंदर भरा जाना व्यवस्था को दूर दुभर कर देते हैं। वाहनों से घंटों जाम लग जाता है। हर आम और खास परेशान हो जाता है। हादसा होने का भय भी बना रहता है। हादसा कितना ख़तरनाक होगा यह ध्यान देने वाली बात है। सोमवार हो या आड़े दिन, इसी प्रकार लबालब सवारियों से भरे छोटे वाहन नगर से जा रहे हैं। मगर मजाल है, किसी जिम्मेदार द्वारा इन्हें रोका जाए।

### आरटीओ चालान के नाम पर एपीके फाइल लिंक भेज की ठगी, व्हाट्सऐप हैक कर खाते से 3,800 रु. उड़ाए

**कसरावद,निप्र।** नगर में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वार्ड क्रमांक-3 निवासी संदीप वर्मा के मोबाइल फोन पर आरटीओ चालान के नाम पर एपीके फाइल साइबर ठगों ने भेजी ओर



फर्जी लिंक पर जैसे ही क्लिक किया वह ठगों के जाल में फंस गए। दूसरे ही दिन उनके बैंक खाते से 3,800 रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को गई है। साथ ही बैंक स्टेटमेंट भी सौंपा है। पीड़ित संदीप वर्मा ने बताया कि 18 फरवरी को उनके मोबाइल पर व्हाट्सऐप कॉल-मैसेज के जरिए आरटीओ चालान संबंधी लिंक भेजी गई। लिंक खोलते ही उनका व्हाट्सऐप हैक हो गया और अकाउंट बंद हो गया। ठगों ने फोन-पे की आईडी व पासवर्ड बदल दिए, यहां तक कि प्रोफाइल फोटो भी आरटीओ चालान के नाम से लगा दी। 19 फरवरी को जब उन्होंने बैंक खाता जांचा तो 3,800 रुपए कटे हुए मिले। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर में ऑनलाइन ठगी के अन्य मामले भी सामने आए हैं, लेकिन लोग जागरूकता के अभाव में शिकायत नहीं करते। उन्होंने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेकर सख्त कार्रवाई करने और जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है, ताकि अन्य लोग इस तरह की साइबर ठगी से बच सकें।

#### आदर्श महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

# सकारात्मक सोच एवं संघर्ष सदैव शीर्ष पर पहुंचाता है : डॉ. सोलंकी

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** नगर के शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समापन राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद डॉ. सोलंकी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि हमें विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए सकारात्मक संघर्ष सोच से सतत रूप से कार्य करना होगा। जीवन में ऐसा कोई कार्य नहीं जिसे हम सोचते हैं। उसे कर नहीं सकते इसके लिए हमें क्वालिटी टाइम देना होगा और सतत प्रयास करना होंगे। कहा कि प्रधानमंत्री के स्वप्न विकसित भारत 2047 की सफलता युवाओं के कंधों पर प्रत्येक युवा साथी अपनी ऊर्जा को नकारात्मक लोगों से बचाकर अपने माता-पिता की आशाओं पर उम्मीदों पर खरा उतर कर सिद्ध करें।

स्वागत भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पंडित ने दिया। अतिथि परिचय डॉ.बीएस मुजाल्दा ने देते हुए डॉक्टर सोलंकी के उनके महाविद्यालय प्राध्यापक की कार्य को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना में उनके योगदान को रेखांकित किया।

समापन कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक राजन मंडलोई के प्रतिनिधि व महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के सदस्य बलराम यादव और करी पिपलाज पंचायत के सरपंच रामेश्वर वास्कले और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

#### विजेताओं को दिए प्रमाण पत्र

सांस्कृतिक विधाओं के अंतर्गत एकल गायन में महाविद्यालय की सोनू चौहान ने प्रथम और भावना प्रजापत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। युगल गायन में भावना और अर्जुन ने सुंदर प्रस्तुति दी। तनीषा और रीता ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहे। फैंसी ड्रेस में अर्जुन चौहान, माइम में सारिका और आलीशा नज , मिमिक्री में सोनू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज बडवानी के डॉक्टर श्याम नायक शासकीय विधि महाविद्यालय से डॉक्टर आयुषी और शासकीय महाविद्यालय अंजड़ से डॉक्टर अनिल सोलंकी रहे। विजेताओं को मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने उपहार और प्रमाण पत्र वितरित किए। एनएसएस कैंप में सहभागिता और विशिष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। आभार डॉ.बी एस मुजाल्दे, संचालन डॉ.अनिल पाटीदार ने किया।



## 70 वर्षीय वृद्ध दंपति मध्यस्थता के माध्यम से फिर से हुए एक

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** आपसी विवाद को किसी भी आयु वर्ग में देखा जा सकता है। ऐसी स्थिति में सही मध्यस्थता ही परिवार को टूटने से बचा सकती है। आज के दौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मध्यस्थता का प्रमुख केंद्र बन गया है, जहां पति-पत्नी के बीच विवादों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में मध्यस्थता के द्वारा न्यायाधीशगण समझौता करवाते हैं। ऐसा ही एक प्रकरण कुष्ठ उपचारित 70 वर्षीय बुजुर्ग दंपत्ति का पारिवारिक विवाद समझौते के लिए सचिव आशाग्राम ट्रस्ट के माध्यम से तथा बुजुर्ग कुष्ठ हितग्राही केसर सिंह ने अध्यक्ष एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया उसकी पत्नी तीन माह से परिवार छोड़कर इंदौर आश्रम में रहने लगी है। 13 फरवरी को प्रस्तुत आवेदन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा दूरभाष पर इंदौर के आश्रम में वृद्धा कुष्ठ हितग्राही जमाली से बात कर उसे समझाइश दी गई। जिस पर वृद्धा जिसे स्वयं उनके पति एवं आशाग्राम के दो व्यक्ति इंदौर से लेकर आए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमूल मंडलोई के द्वारा दोनों का समझौते के माध्यम से पुनः परिवार पुनर्वास करवाया गया। दोनों बुजुर्ग दंपति ने फिर कभी विवाद न करने और प्रेम से जीवन जीने का वादा किया। इस दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल, ट्रस्ट के सचिन दुबे, मणिराम नायडू, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अर्जुन परमार परमेश्वर आदि उपस्थित थे।

## अंचल में बदस्तूर जारी है कच्ची शराब का अवैध कारोबार

विनय उजाला



**खरगोन, निप्र।** बड़वाह थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह राठौड के नेतृत्व में ग्राम रावत पलासिया और टिटवा पलासिया के जंगलों में नाले किनारे दबिश देकर अवैध कच्ची शराब बनाने की भट्टियों के साथ साथ लगभग 20,50,000 रुपए मूल्य का 200 ड्रमों में 20,500 लीटर महुआ लहान को नष्ट किया गया। 70 लीटर अवैध कच्ची शराब को अपनी सुपूर्दगी में लेकर धारा 34 (1) के पृथक-पृथक 02 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए ।

उक्त कार्यवाही एसडीओपी बड़वाह अर्चना रावत, बड़वाह थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह राठौड, उपनिरीक्षक रैणुका राठोर, मोहरसिह बघेल, सहायक उपनिरीक्षक, अजेश जायसवाल, शिवप्रसाद वर्मा, कमलसिह कुशवाह, कालुराम बदनावरे, प्रआर.339 सैराज पटेल, प्रआर. इडलसिह तोमर, आर दिपक, सुर्या, रवि यादव, नितिन और रोहित व विनोद शामिल रहे।

## भव्यता के साथ मनाया ऐतिहासिक 100वां विश्व चिंतन मैत्री दिवस

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार व जे.एस. डामोर जिला कमिश्नर,स्काउट के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड कार्यालय बड़वानी में 22 फरवरी रविवार को विश्व चिंतन दिवस एवं हीरक जयंती बड़े धूमधाम एवं गरिमामय तरीके से मनाई गई। जिस में शा.कन्या उ.मा वि.ठीकरी की गाइड्स एवं स्काउट प्राचार्य श्री जयवर्धन जैन भी उपस्थित रहे। जिले के स्काउट प्रभारी गणेश श्रीवास्तव एवं शिवराम बकावले जिला सचिव राजेंद्र राठौड़ तारेश्वरी भार्गव संयुक्त सचिव श्रीमती शालिनी आवासीय गाइड कैप्टन श्रीमती राजबनता मेवाड़ा गाइड कैप्टन ठीकरी सीनियर रोवर मेहुल कुमावत मुकेश प्रजापत आकाश राखी सरकार सीनियर रेंजर उपस्थित थे।

रॉबर्ट वेडन पावेल के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस वर्ष के विषय हमारी मित्रता पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जी द्वारा हमारी मित्रता के संबंध में स्थानीय स्तर से वैश्विक स्तर तक मित्रता के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रभावशील विचार प्रस्तुत किया गया। साथ ही राजेंद्र राठौड़ (जिला काउंसलर), उपाध्यक्ष, के.एस. मकवाना पूर्व सांसद के पी ए, मुकेश जैन राज कर्मचारी संघ उपाध्यक्ष, सहायक सचिव राजीव वर्मा सचिव ने मित्रता के संबंध में अपने-अपने उत्कृष्ट विचार प्रस्तुत किये। बड़ी संख्या में स्काउट एवं गाइड द्वारा हीरक जयंती की प्रतिज्ञा लेने के पश्चात रैली निकाली। कार्यक्रम का संचालन शालिनी आवासिया ने किया। शिवराम बकावले जिला सचिव द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों, स्काउटर एवं गाइडर का आभार व्यक्त किया गया।

## कलेक्टर भव्या मित्तल ने किया 'शतक वीर' मैस्कॉट के पोस्टर का विमोचन

विनय उजाला



**खरगोन,निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा सोमवार को 'संपूर्णता अभियान 2.0' के मैस्कॉट 'शतक वीर' के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेखा राठौर, सीईओ जनपद भगवानपुरा श्रीमती कंचन डोंगरे एवं तकनीकी सहायक नीरज अमझरे उपस्थित रहे।कलेक्टर भव्या मित्तल एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा 'शतक वीर' मैस्कॉट के पोस्टर का अनावरण कर अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कलेक्टर भव्या मित्तल ने निर्देश दिए कि मैस्कॉट के माध्यम से 'संपूर्णता अभियान 2.0' के उद्देश्यों एवं संदेश को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए तथा सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

अपर कलेक्टर श्रीमती राठौर ने कहा कि 'शतक वीर' अभियान का प्रेरक प्रतीक बनेगा और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु जनसहभागिता को बढ़ावा देगा। खरगोन एवं भीकनगांव एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में पोस्टर के व्यापक प्रदर्शन एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।समय सीमा बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा भी की गई तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए। तकनीकी सहायक नीरज अमझरे ने बताया की इस अभियान में 3 विभाग के 6 संकेतको को पोस्टर में शामिल किया गया है । इस पोस्टर में शतक वीर बना बालक संदेश दे रहा है की दोनों आकांक्षी विकासखण्ड भगवानपुरा एवं झिरन्या में शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की जाना है।

## उपकरण पाकर उत्साहित हो उठे दिव्यांग

विनय उजाला



**राजपुर,निप्र।** विकासखंड राजपुर में संचालित प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों का चिकित्सा मूल्यांकन अक्टूबर माह में हुआ था, उसके आधार पर टीम एलिम्को के चिकित्सकों द्वारा उपकरण हेतु दिव्यांग विद्यार्थियों का चयन किया गया था।

उक्त जानकारी देते हुए राजपुर बीआरसी नवीन गुप्ता, बीएसी राम मकवाना, एमआरसी राजेश गुप्ता द्वारा बताया गया कि चिकित्सा टीम के मूल्यांकन अनुसार चयनित कुल 39 विद्यार्थियों हेतु विकासखंड को उपकरण प्राप्त हुए। दिव्यांग उपकरणों को वितरित करने हेतु नगर परिषद अध्यक्ष शिखा अग्रवाल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय अग्रवाल, राजपुर मंडल अध्यक्ष कृष्णा धनगर की उपस्थिति में दिव्यांग विद्यार्थियों को ट्रायसाइकिल, कैलिपर्स, कृत्रिम अंग, टीएलएम किट, हीयरिंग टूल्स व अन्य उपकरण वितरित किए गए। अतिथि गणों ने नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा बच्चों को उपकरण देने पर प्रसन्नता व्यक्त की, व शासन की हितग्राही योजना की सराहना की। उपकरण पाकर दिव्यांग विद्यार्थी बड़े प्रसन्न हुए । दिव्यांग विद्यार्थियों को टीम एलिम्को के चिकित्सकों द्वारा उपकरण किस प्रकार उपयोग में लेना है, सिखाया गया। कार्यक्रम में बीएसी रितु गुप्ता, एडवोकेट अर्श खान सीएसी अनिल सोलंकी, पवन साहू, कपिल सोलंकी, करसन जमरे, कालूराम खेड़े, अनिल अवासे उपस्थित रहे। शिक्षक जयपाल बड़ोले, सुनिल सोलंकी, मनोहर चौहान द्वारा सहयोग किया।

#### भाजपा ने किया जिला कार्यशाला का आयोजन

# पंच परिवर्तन का उद्देश्य समाज में व्यापक बदलाव लाना : यादव

विनय उजाला



**राजपुर,निप्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन राजपुर के मांगलिक भवन में जिला अध्यक्ष अजय यादव की अध्यक्षता एवं सम्भाग संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा व जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव के आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

बड़वानी जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि उक्त जिला कार्यशाला दो सत्रों में सम्पन्न हुई जो सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चली। कार्यक्रम से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं का पंजीयन किया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अतिथियों द्वारा पार्टी का ध्वज फहराया गया। अतिथियों द्वारा भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन कर दीप प्रज्वलन के साथ प्रथम सत्र का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन उद्बोधन में मुख्य अतिथि रहे संभाग संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने पार्टी की रीति नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो समय-समय पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर लगाकर उन्हें प्रशिक्षित करती है। प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं के लिए जरूरी है जिससे कार्यकर्ताओ को गढ़ने का कार्य किया जाता है। जिला अध्यक्ष अजय यादव ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण अभियान को मण्डल एवं बूथ स्तर तक उतारा जाएगा। मण्डल स्तर पर 24 घण्टे का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुभाष पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत पटेल, अनुसूचित जाति प्रदेश उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद शिंदे, अजजा मोर्चा प्रदेश नीति एवं शोध प्रभारी विकास डावर, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, भाजपा नेता अंतर सिंह पटेल, विकास आर्य, नवीन गुप्ता मंचासीन रहे।

#### पीपीटी के माध्यम से दी समझाइश

वहीं दूसरे सत्र में विशेष अतिथि रहे जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव ने कहा कि पंच परिवर्तन एक ऐसा कार्यक्रम है,जिसका उद्देश्य समाज में व्यापक परिवर्तन लाना है। जिसका लक्ष्य भारत को एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है। पंच परिवर्तन के पांच मुख्य पहलू हैं जिसमे पहला सामाजिक समरसता दूसरा कुटुंब प्रबोधन तीसरा पर्यावरण संरक्षण चौथा स्वदेशी तथा पांचवा नागरिक कर्तव्य। दोनों सत्र में प्रशिक्षण भूमिका व उसके उद्देश्य पर जिला मंत्री जितेंद्र निकुम ने जनाकारी दी तथा संभागीय प्रशिक्षण सह-संयोजक द्वय ओमप्रकाश सोनी एवं विवेक भटोरे ने प्रशिक्षण को पीपीटी के माध्यम से समझाया। वर्ग गीत महिला मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष जया शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया व वन्देमातरम गान की प्रस्तुति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की बालिकाओं द्वारा दी गई। संचालन जिला प्रशिक्षण सह प्रभारी योगेश शर्मा ने किया।

## पहली बार स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं दर्ज कर सकेंगे परिवार की जानकारी

विनय उजाला

**कलेक्ट्रेट सभागृह में दो दिवसीय जनगणना संबंधी प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ**

**खरगोन,निप्र।** आगामी जनगणना-2027 अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागृह में कलेक्टर भव्या मित्तल की उपस्थिति में समस्त चार्ज अधिकारी ग्रामीण व शहरी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी, समस्त अनुभागीय अधिकारी, अन्य अधिकारियों व लिपिकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण जनगणना निदेशालय भोपाल के प्रशिक्षक श्री अभिमन्यु अरोड़ा एवं आकाश सोनी द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण में कलेक्टर भव्या मित्तल ने निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें और त्रुटि रहित कार्य संपन्न करें। जनगणना अंतर्गत प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक मकान सूचिकरण की गणना से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षक श्री अरोड़ा एवं श्री सोनी द्वारा सीएमएस पोर्टल पर कार्य करने की संपूर्ण विस्तृत जानकारी दी गई। डिप्टी कलेक्टर एवं जनगणना के जिला नोडल अधिकारी श्री अनिल जैन के द्वारा चार्ज अधिकारियों को प्रगणक एवं सुपरवाइजर की नियुक्ति करने एवं हाउसिंग ब्लॉक का कार्य सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिए गए। यह पहली बार है जब लोग स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंचे सबनानी





**भोपाल (विनय उजाला)।** विधायक भगवानदास सबनानी ने सोमवार को एम.वी.एम. कॉलेज खेल मैदान में आयोजित आयुष कप -2026 अंतर चिकित्सा महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### हिंदी अकादमी करेगी दिव्या सक्सेना के काव्य संग्रह 'अर्तम' का प्रकाशन

**भोपाल (विनय उजाला)।** देश की जानीमानी साहित्यकार दिव्या सक्सेना के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि उनके प्रथम काव्य संग्रह 'अर्तम' (माथे पर सुनहरा कमल) को



हिंदी अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशन सहयोग राशि सहित प्रकाशित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था से प्राप्त यह सम्मान उनकी साहित्य साधना का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। दिव्या सक्सेना ने बताया कि ईश्वर की कृपा, माता-पिता एवं गुरुजनों के आशीर्वाद तथा मित्रों और शुभचिंतकों के सहयोग से उनका यह काव्य संग्रह साकार हो सका है। उन्होंने कहा कि लंबे समय के धैर्य और सतत लेखन साधना के बाद यह अवसर प्राप्त हुआ है, जो उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। 'अर्तम' का प्रकाशन हिंदी अकादमी, नई दिल्ली के प्रकाशन सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत, समुदाय भवन नई दिल्ली के सौजन्य से तथा वेरा पब्लिकेशन के सहयोग से किया गया है। यह काव्य संग्रह संवेदनाओं, आध्यात्मिक चेतना और मानवीय अनुभूतियों का समन्वय प्रस्तुत करता है। दिव्या सक्सेना ने इस उपलब्धि पर हिंदी अकादमी, नई दिल्ली के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक सृजनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। साहित्य जगत से जुड़े लोगों ने भी इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### बाघों के मृत्यु संबंधी अपडेट वेबसाइट पर रहेंगे उपलब्ध, पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश में वन विभाग बाघों और उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश में प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक कारणों से होने वाली बाघ मृत्यु की प्रत्येक घटना पर केंद्र सरकार के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (नई दिल्ली) तथा मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप विधिवत कार्रवाई की जाती है। संरक्षण प्रयासों में और अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए विभाग ने वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 (15 फरवरी तक) में घटित सभी बाघ मृत्यु प्रकरणों से संबंधित जानकारी आमजन की जानकारी के लिये विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। भविष्य में भी इस जानकारी को समय-समय पर अद्यतन किया जाएगा यह कदम पारदर्शिता को सुनिश्चुत करने के साथ ही 'टाइगर स्टेट' की गौरवपूर्ण पहचान को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। केन्द्र सरकार द्वारा कराए गए वर्ष 2022 के बाघ आकलन के अनुसार देश में कुल 3,682 बाघ हैं, जिनमें से सर्वाधिक 785 बाघ (एक वर्ष से अधिक आयु के) मध्यप्रदेश में पाए गए हैं। यह उपलब्धि केंद्र एवं राज्य सरकार तथा वन विभाग के दशकों से किए जा रहे सतत एवं वैज्ञानिक प्रयासों का परिणाम है अधिक संख्या में बाघ होने के कारण प्राकृतिक मृत्यु स्वाभाविक है। विभाग का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मानव-निर्मित कारणों से होने वाली घटनाएँ न्यूनतम रहें। ऐसी कोई घटना सामने आती है तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाती है। प्रदेश में बाघों के सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के लिए सभी की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। प्रसन्नता की बात है कि बाघ संरक्षण के इस महत्वपूर्ण अभियान में आमजन, वन्य जीव संरक्षण संस्थाओं और मीडिया का सहयोग सदैव प्राप्त होता रहा है।

मध्यप्रदेश वन एवं वन्यजीव संपदा की दृष्टि से देश का अग्रणी प्रदेश है। प्रदेश का लगभग एक-तिहाई क्षेत्र वन से आच्छादित है और यहां देश में सर्वाधिक बाघ, तेंदुआ, वल्चर एवं घड़ियाल पाए जाते हैं। साथ ही, विश्व की पहली अंतर-महाद्वीपीय बड़े मांसाहारी प्रदेश में वर्तमान में 26 वन्यजीव अभयारण्य, 11 राष्ट्रीय उद्यान एवं 9 टाइगर रिजर्व संचालित हैं। यह समृद्ध जैव-विविधता मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट' के रूप में विशिष्ट पहचान प्रदान करती है।

# किसानों के लिए खेत से बाज़ार तक तैयार कर रहे पूरी श्रृंखला : डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीसी से ग्वालियर के कृषि मंथन में कृषि वैज्ञानिकों को दिया संदेश**

विनय उजाला






**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। इनके अथक परिश्रम से ही हमारे बाजार गुलजार हैं। हम वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। यह वर्ष प्रदेश के इतिहास में किसानों के हित और समग्र कल्याण के मामले में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि यह वर्ष 'खेत से लेकर कारखाने तक और बाग से लेकर बाजार तक' की पूरी मूल्य संवर्धन श्रृंखला को एक सूत्र में जोड़ेगा। इस वर्ष हम क़ृषि उत्पादों के प्रसंस्करण और इनमें वैल्यू एडिशन के लिए अधिकाधिक रोजगार आधारित उद्योगों के विकास, उन्नत किस्म के बीजोत्पादन, पशुपालन, दुग्धोत्पादन, मत्स्योत्पादन में वृद्धि सहित हर वो कदम उठाएंगे, जिनसे खेती और अन्नदाताओं का विकास हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से कृषि विश्वविद्यालय परिसर, ग्वालियर में हो रहे 'कृषि मंथन एवं कृषि प्रौद्योगिकी मेला 2026' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे।

**नदी जोड़ो योजना :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना संबंधी कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में तेज़ी से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। हमारी सरकार प्रदेश में औषधीय और मसाला फसलों का उत्पादन बढ़ाने के सभी प्रयास कर रही है। हम जल्द ही कृषि उत्पादन निर्यात नीति लाने वाले हैं। हम कृषि में शोध कार्य भी बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि हम खेती-किसानी और फल-फूलों की खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए कोई कसर नहीं रखेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि इस कृषि मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह हमें किसानो के कल्याण के लिये प्रभावी और कारगर कदम उठाने में सहायक होगा। 'कृषि मंथन' राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) नई दिल्ली और कृषि विभाग, म.प्र. शासन के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है।

**ये रहे उपस्थित**

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सचिव कृषि एवं किसान कल्याण विभाग निशांत वरवड़े, सचिव परिवहन एवं आयुक्त जनसम्पर्क मनीष सिंह ने भोपाल से सहभागिता की। यूनिवर्सिटी परिसर में हो रहे इस कृषि मंथन में कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलगुरू प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार शुक्ला, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या के कुलपति डा. ब्रजेन्द्र सिंह, यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, धारवाड़, कर्नाटक के कुलपति डॉ. पी.एल पाटिल, भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ के निदेशक डॉ. सुनील कुमार, देश के विभिन्न कृषि संस्थानों से आये वैज्ञानिक, आईसीएआर के पदाधिकारी सहित कृषि अधिकारी भी उपस्थित थे।




## अहमदाबाद-गोरखपुर एवं बान्द्रा टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ

विनय उजाला




**अहमदाबाद।** यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए 23 फरवरी, 2026 को सीहोर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 19490/19489 गोरखपुर - अहमदाबाद एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 19091/19092 बान्द्रा टर्मिनस - गोरखपुर एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ सांसद भोपाल आलोक शर्मा एवं विधायक सुदेश राय द्वारा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में गाड़ी संख्या 19490 गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर संपन्न किया गया। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गोरखपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 19490 गोरखपुर - अहमदाबाद एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 17.28/17.30 बजे होगा। इसी प्रकार से अहमदाबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 19.14/19.16 बजे होगा। एवं बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्या 19091 बान्द्रा टर्मिनस - गोरखपुर एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 19.14/19.16 बजे होगा। इसी प्रकार गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 19092 गोरखपुर- बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 17.28/17.30 बजे होगा। कार्यक्रम के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक अक्षय कुमार,सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव के कारण स्थानीय नागरिकों में प्रसन्नता एवं उत्साह का वातावरण रहा।

## बीएसएसएस में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**वित्तीय साक्षरता, नीति समर्थन और नवाचार-संचालित पारिस्थितिकी तंत्रों पर हुई चर्चा**

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के प्रबंधन विभाग ने बीएसएसएस आईक्यूएसी के सहयोग से वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना समावेशी विकास के लिए नीति, वित्त और नवाचार को जोड़ना विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। महिला उद्यमियों के लिए वित्तीय स्वायत्तता और संस्थागत सुधार को संबोधित करने के लिए एक गंभीर शैक्षणिक मंच के रूप में अवधारणा वाले इस सम्मेलन में 548 से अधिक पंजीकरणों के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. फादर जॉन पीजे ने सभी का स्वागत करते हुए इस विषय को वर्तमान की अहम जरूरत बताया और शुभकामनाएं दीं। भोपाल के साथ बेंगलुरु, लखनऊ, अहमदाबाद, पुणे और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों तक भागीदारी बढ़ी, साथ ही भारत और विदेशों के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधित्व भी हुआ, जिसने विषय की प्रासंगिकता और तात्कालिकता दोनों को रेखांकित किया। पहले दिन की शुरुआत डॉ. अर्चना भटनागर, अध्यक्ष, एमएडब्ल्यूई (मध्य प्रदेश एसोसिएशन ऑफ वुमन एंटरप्रेन्योर्स) के उद्घाटन भाषण के साथ हुई, जिन्होंने संरचित वित्तीय साक्षरता, नीति समर्थन और नवाचार-संचालित पारिस्थितिकी तंत्रों पर जोर दिया। डॉ. ए. पी. सिंह, प्रिंसिपल, सैफिया आर्ट्स, कॉमर्स एंड लॉ कॉलेज; डॉ. मेघना वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, रमैया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट; और डॉ. चंचल कुमार बुट्टन, रिटायर्ड प्रोफेसर। सेशन की अध्यक्षता डॉ. आशीष दिलराज और डॉ. शीबा जोसेफ ने की।

दूसरे दिन ऑफलाइन टेक्निकल सेशन में लगभग 30 प्रेजेंटेशन थे, जिन्हें डॉ. सुमित रॉय, एसोसिएट प्रोफेसर, श्री बालाजी यूनिवर्सिटी, पुणे, और डॉ. प्रज्ञा बाजपेयी, एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला ने प्रोफेसर शीना थॉमस और डॉ. ज्योति माथुर की अध्यक्षता में रिव्यू किया। समापन महिला एंटरप्रेन्योरशिप के भविष्य पर एक पैनल डिस्कशन के साथ हुआ, जिसमें डॉ. शीतल शर्मा वीआई टी, भोपाल, प्रोफेसर शंकर एम. मेप्पारम्बथ आईएसबी एंड एम, बैंगलोर, डॉ. सुमित रॉय, डॉ. प्रज्ञा बाजपेयी, और अभिषेक रंजन, इनोवेशन ऑफिसर, मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के इनोवेशन सेल शामिल थे। सभी पेपर्स को 427 पेज के एडिटेड वॉल्यूम में इकट्ठा किया गया है, जिसका टाइटल है इनक्लूसिव ग्रोथ थ्रू विमेन एंटरप्रेन्योरशिप।

## सिंहस्थ-2028 को लेकर पुलिस विभाग ने आयोजित किया उच्च स्तरीय सेमिनार

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** आगामी सिंहस्थ-2028 के सुरक्षित और सुचारू आयोजन के लिए रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से 23 फरवरी को उज्जैन के होटल अंजुश्री में पुलिस विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में आगामी सिंहस्थ की चुनौतियों, तैयारियों, भीड़ एवं यातायात प्रबंधन तथा बल और सामग्री प्रबंधन (लॉजिस्टिक्स) को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मंथन किया गया। सेमीनार का उद्घाटन DG EOW उपेंद्र जैन द्वारा किया गया। उन्होंने 2004 के संघर्ष के दौरान चुनौतियों और चुनौतियों के संबंध में की गई विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए तकनीक के इस्तेमाल की आवश्यकता पर बल दिया। सेमिनार प्रयागराज कुंभ के अनुभवों पर आधारित प्रशिक्षण अवधारणा के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों एवं एडीजी स्तर के अधिकारियों को फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया। सेमिनार में स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय संसाधन व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई, जिससे जमीनी स्तर के अनुभवों का प्रभावी आदान-प्रदान हो सके। साथ ही, आगामी समय में नवीन बैच के आईपीएस अधिकारियों तथा एएसपी/एसडीओपी स्तर के अधिकारियों को लक्षित करते हुए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## मध्यांचल मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्यांचल मंडल की प्रथम बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह भोपाल की एमराल्ड होटल में मंडल के अध्यक्ष विनोद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। लगभग 12 शाखा सभाओं के अध्यक्ष, सचिव, कार्य समिति सदस्य और मंडल के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। प्रत्येक शाखा सभा ने अपनी प्रगति रिपोर्ट एवं अपने विचारों से सभा को संबोधित किया।

अवंतिका साका सभा उज्जैन के मनीष गुप्ता बछरवार, संदीप गुप्ता भोपाल, शहरी क्षेत्र शाखा सभा इंदौर से मुनेश गुप्ता, पुराना भोपाल के राजेंद्र गुप्ता, होशंगाबाद के मनीष गुप्ता, अरुण गुप्ता, मुरैना के श्री राम कुमार गुप्ता, रमेश गुप्ता, अध्यक्ष मुरैना शाखा सभा आदि ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आरसी गुप्ता न्यू भोपाल ने किया। आभार प्रकट मंत्री नवीन गुप्ता इंजीनियर ने किया।





माथुर वैश्य मध्यांचल मंडल के अध्यक्ष विनोद गुप्ता संबोधित करते हुए एवं अपने पदाधिकारी को शपथ दिलाते हुए।

मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर इंदौर से रविंद्र गुप्ता, गोविंद गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, नवीन गुप्ता, मुनेश गुप्ता, शहरी क्षेत्र इंदौर लश्कर शाखा सभा के सुनील गुप्ता, जबलपुर से अभयकांत गुप्ता भोपाल से रिटायर जिलाधीश उमेश गुप्ता, न्यू भोपाल से प्रेमचंद गुप्ता, अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, मंत्री लोकेश गुप्ता एवं अन्य गणमान्य समाज बंधु उपस्थित हुए। इस अवसर पर जबलपुर के समाजसेवी विष्णु दत्त गुप्ता का उनकी सेवा भाव को देखते हुए मंडल की ओर से सम्मान किया गया। अंत में सभी ने सहभोज का आनंद लिया।

**कृषक कल्याण वर्ष - 2026 पर सदन में सीएम यादव ने कहा**

# हम अन्नदाता को ऊर्जादाता के साथ उद्यमी भी बनाएंगे

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्तमान में चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को सदन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 पर वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि किसानों का सशक्तिकरण ही हमारे प्रदेश के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। इसी संकल्प के साथ हमारी सरकार ने वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कृषक कल्याण वर्ष में हम किसानों को 'अन्नदाता' के साथ-साथ 'ऊर्जादाता' और 'उद्यमी' भी बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं। किसान खुशहाल होंगे, तभी 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' का सपना साकार होगा। सरकार की यह पहल न केवल मध्यप्रदेश को देश का खाद्य भंडार बनाए रखेगी, वरन् इसे एक वैश्विक एग्री-एक्सपोर्ट हब (ग्लोबल एग्री-एक्सपोर्ट हब) के रूप में भी स्थापित करेगी।

**भावान्तर योजना-सरसों वर्ष 2026 :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सदन को बताया कि इस वर्ष सरसों के रकबे में पूर्व वर्ष की तुलना में लगभग 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और द्वितीय अग्रिम अनुमान अनुसार अनुमानित उत्पादन 15.71 लाख मीट्रिक टन है। कृषि उपजों के लिए सरकार की मूल्य नीति का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना है, ताकि प्रदेश में सरसों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरसों की माह जनवरी



की औसत मण्डी दरें 6000 रूपए प्रति क्विंटल हैं तथा सरसों का भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 6200 रूपए प्रति क्विंटल हैं। इसी तारतम्य में सरसों का उपार्जन भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के नियत प्रावधानों अनुसार एवं पात्रता के अनुसार कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है।

### चना, मसूर एवं तुअर का उपार्जन प्रस्ताव

डॉ. यादव ने सदन में कहा कि प्रदेश में चना एवं मसूर की फसल का प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत चने के लिए 6.49 लाख मीट्रिक टन एवं मसूर के लिए 6.01 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। तय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर के उपार्जन के लिए 24 मार्च से 30 मई 2026 तक की अवधि प्रस्तावित की गई है। 20 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक किसानों के पंजीयन की कार्यवाही फिलहाल प्रचलन में है। खरीफ फसल तुअर का प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत केन्द्रीय एजेंसियों (नाफेड एवं एनसीसीएफ) द्वारा सीधे उपार्जन के लिए 1.31 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा रहा है। सरकार किसानों की बेहतरी के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर मात्रा में बिजली, पानी और कृषि ऋण मुहैया कराने के साथ-साथ उन्हें फसल विविधीकरण अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**उड़द प्रोत्साहन योजना-वर्ष 2026 :** हम किसानों को मूंग के स्थान पर उड़द का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं। मध्यप्रदेश में दलहनी फसलों के संतुलित उत्पादन, किसानों की आय में वृद्धि, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने एवं ग्रीष्मकालीनमूंग फसल का अधिक उत्पादन के कारण उत्पन्न उपार्जन तथा विपणन समस्याओं के निराकरण की चुनौतियों के दृष्टिगत उड़द की ग्रीष्मकालीन फसल पर हमारी सरकार द्वारा प्रति किसान 600 रूपए प्रति क्विंटल बोनस के रूप में देने का निर्णय लिया जा रहा है।

# 26 डिग्री पर रखेंगे एसी तो 30 फीसदी कम होगा बिजली बिल

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 26 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार, प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार गर्मियों के दौरान एयर कंडीशनर के लगातार चलने के कारण बिजली का बिल चिंता का एक बड़ा कारण है। लेकिन एयर कंडीशनर का समझदारी से उपयोग करके आप इसे काफी हद तक कम कर सकते हैं। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जारी सुझावों में सबसे महत्वपूर्ण है कि एसी को ऊंचे लेकिन आरामदायक तापमान पर चलाना चाहिए। विभिन्न एजेंसियों के शोधों से साबित हुआ है कि एसी के तापमान को 26 डिग्री सेल्सियस पर सेट करने से बिजली के बिल को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। कमरे को तुरंत ठंडा करने के लिए तापमान को 18 डिग्री तक कम करना गलतफहमी है। 26 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में लगने वाला समय वही रहता है, चाहे आप एसी का तापमान 18 या 26 डिग्री पर सेट करें। जब आप कम तापमान सेट करते हैं, तो कमरे के तापमान को कम करने के लिए कंप्रेसर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। परिणामस्वरूप अधिक बिल आता है। अगर आप थर्मोस्टेट को 18 डिग्री पर सेट करने के बाद कुछ मिनटों के भीतर एसी बंद कर देते हैं, तो विभिन्न लीक के माध्यम से ठंडी हवा के फैलने से तापमान तेजी से बढ़ जाएगा, जिससे आपका प्रयास व्यर्थ हो जाएगा।

यदि आप थर्मोस्टेट को 26 डिग्री सेल्सियस पर सेट करते हैं और टाइमर को 2 घंटे के लिए सेट करते हैं और साथ में सीलिंग फैन चला देते हैं, तो यह अच्छी नींद के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### यादव गवली समाज की महिलाओं ने निकाली बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा



**देवास, निप्र।** शहर में यादव गवली समाज की महिलाओं द्वारा बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत देवास के गवली मोहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर से हुई, जो अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण किए और भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धापूर्वक नृत्य करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होकर शोभायात्रा निकाली। इस धार्मिक आयोजन में गवली समाज की महिलाओं के साथ-साथ आसपास क्षेत्र की महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। समाज की सदस्य किरण यादव ने बताया कि बाबा खाटू श्याम की यह यात्रा समाज की महिलाओं द्वारा विशेष रूप से आयोजित की गई। मंदिर में एकत्रित होकर पहले भजन-कीर्तन किया गया, इसके पश्चात श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा प्रारंभ की गई। शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई यात्रा खाटू श्याम मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से बाबा खाटू श्याम को निशान अर्पित किए गए।

### समाजसेवी बाबूलाल परमार सम्मानित



**सोनकच्छ, निप्र।** मेहता माहेश्वरी दामोदर वंशिय जूना गुजराती दर्जी समाज सोनकच्छ के वरिष्ठ समाजसेवी, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष, आनन्द आश्रय ट्रस्ट के उपाध्यक्ष,दर्जी समाज कड़छा के पूर्व ट्रस्टी बाबूलाल परमार चौबारा वाले का नागपुर में सम्पन्न हुए अखिल भारतीय स्तर के सन्त श्री नामदेव महाराज राष्ट्रीय एकात्मता विश्व महासम्मेलन में उनके द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों के लिए केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी एवं भाजयुमो म प्र के अध्यक्ष श्याम टेलर की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। साथ ही दामोदर वंशी जूना गुजराती दर्जी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित चौहान एवं सभी ट्रस्टी गण को भी सम्मान संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। परमार को सम्मानित होने पर सभी समाजजन एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं ने बधाई दी।

### निवाली में जयस ने किया विरोध प्रदर्शन

**निवाली, निप्र।** यहां समाजजन एवं जयस संगठन द्वारा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। डाक बंगला परिसर से प्रारंभ हुई रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बस स्टैंड चौराहा पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। रैली में बड़ी संख्या में समाजजन, संगठन के जयस पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारियों ने कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि उनके कथित बयान/रुख से आदिवासी समाज की भावनाएं आहत हुई हैं, जिसके विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। बस स्टैंड चौराहा पर सभा के पश्चात प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान दीपक निगवाल, सुवालाल खरते, मुकेश आर्य, दीपक परमार, आकाश खरते, सोहन अलेवा, कमल लोहारे, दिलीप सेनानी, गोविंद चौहान, दिनेश गराशे, दिनेश सोलंकी, मुकेश सोलंकी, संदीप जाधव, बलराम नरगावे आदि उपस्थित थे।

### मल्हार स्मृति मंदिर में आज होगा युवा संगम

**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार देवास जिले के युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला व्यापार उदयोग केन्द्र, रोजगार कार्यालय एवं आईटीआई देवास द्वारा मल्हार स्मृति मंदिर देवास में 24 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम में युवाओं को देवास जॉब पोर्टल के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदक 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई समस्त ट्रेड डिप्लोमा उत्तीर्ण युवा शामिल हो सकते हैं। युवा संगम में शासकीय विभागों द्वारा रोजगार, स्वरोजगार के लिए कैरियर काउन्सिलिंग की जानकारी दी जाएगी। युवा संगम में व्ही.ई कमर्शियल देवास, किर्लोस्कर देवास, प्रिज्म जॉनसन, सनफार्मा लेब्रोरेटरी देवास, इप्का लेब देवास, बीएबल इन्दौर, भारतीय जीवन बीमा निगम देवास, एसबीआइ लाइफ इंश्योरेन्स देवास, निप्पो रिलायंस इंश्योरेन्स देवास, धारा इन्टरप्रायजेस इन्दौर, मॉडल ब्रेड देवास के साथ अन्य कम्पनियों द्वारा लिया जायेगा।

### विशाल रावत का आजाद नगर में हुआ स्वागत, भूपेन्द्रसिंह डावर के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**चन्द्रशेखर आजाद नगर।** जोबट विधानसभा से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जोबट विधानसभा प्रभारी विशाल रावत को भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य बनाये जाने पर चन्द्रशेखर आजाद नगर मुख्यालय पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेन्द्र सिंह डावर द्वारा अपने प्रतिष्ठान पर पधारे विशाल रावत का अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत कर बधाईयां दी गई। इस दौरान विशाल रावत ने स्वागत समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। वहीं इस स्वागत समारोह में चन्द्रशेखर आजाद नगर मुख्यालय से भाजपा के वरिष्ठ नेता भुपेन्द्र सिंह डावर, दीपक राठौड़, अशोक सोनी, मांगीलालजी, अंकुर डावर, गोपाल सोनी, दिल्लीप बारीया, सिद्धेश शर्मा सुरेश जमरा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद थे।

### ज्योति नगर में फैलाई अफवाह, पुलिस छुड़ाकर लाई थाने

# बच्चों के लिए मांगने गए खाना, बच्चा चोर समझ की पिटाई

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** ज्योति नगर में पन्नी बीनने वाले दो लोगों को ज्योति नगर के रहवासियों ने बिना बात के पिटाई कर दी। किसी ने अफवाह फैला दी कि यह लोग बच्चा चोरी करने आए हैं। इसके बाद लोग उन पर टूट पड़े। सूचना मिलने पर पहुंची लालघाटी पुलिस ने उन्हें लोगों से छुड़ाया और थाने ले आई। जहां इन लोगों ने बताया कि वे तो अपने बच्चों के लिए खाना लेने के लिए गए थे। दरअसल दो युवक पन्नी बीनने का काम करते हैं। इसमें से एक युवक हाट मैदान में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता है। जो अपने बच्चों के लिए खाना मांगने के लिए ज्योति नगर इलाके में पहुंच गया। वहां जब उसने कुछ लोगों से खाना मांगा तो किसी ने उससे





आधार कार्ड मांगा। उसने कहा कि मेरे पास आधार कार्ड नहीं है। मेरे बच्चे भूखे हैं। आप खाना दे दो। इस पर लोगों ने उन्हें बच्चा चोर समझकर मारपीट शुरू कर दी। इस मामले की सूचना लालघाटी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और एक युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुनसिंह मुजाल्दे ने बताया कि ज्योति नगर से फोन आने पर पुलिस बल भेजा गया था। एक युवक को थाने लाया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। युवक हाट मैदान में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बच्चों के लिए खाना मांगने गया था, पिटाई कर दी**

थाने पहुंचे युवक छम्मा जाटव ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ हाट मैदान में रहता है और उसके दो बच्चे भी हैं। वह अपने परिवार के लिए खाना मांगने ज्योति नगर इलाके में आया था, ताकि उसके बच्चों का पेट भर सके। तभी कुछ लोगों ने बच्चा चोर बच्चा चोर कहकर मारपीट शुरू कर दी।

**इनका कहना है...**

सोशल मीडिया पर बच्चा चोर गिरोह के संबंध में सामने आ रहे वीडियो गलत हैं। शाजापुर में कोई बच्चा चोर गिरोह सक्रिय नहीं है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना नजदीकी थाने को दें और किसी भी व्यक्ति के साथ मारपीट न करें।

– यशपालसिंह राजपूत
पुलिस अधीक्षक-शाजापुर

## आयुक्त के दखल के बाद दागी शिक्षक से छीना प्राचार्य का प्रभार

### पहले से ही रुकी है वेतनवृद्धि, शिक्षिकाओं से अभद्र व्यवहार का भी है दोषी

विनय उजाला

**धार, निप्र।** शासकीय हाईस्कूल तोरनोद में विवादों में घिरे दागी शिक्षक लोकेंद्र राठौड़ पर आखिरकार प्रशासन की गाज गिर गई। आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वेतन वृद्धि रोके जाने के बाद, शिकायतों में दोषी पाए जाने और गंभीर आरोपों के बाद आयुक्त के सीधे दखल से राठौड़ से प्रभारी प्राचार्य का प्रभार छीन लिया गया है। विभागीय हलकों में कार्रवाई को देर से उठाया लेकिन जरूरी कदम माना जा रहा है। 'विनय उजाला' ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

सूत्रों के अनुसार राठौड़ ने कथित रूप से सहायक आयुक्त कार्यालय के भ्रष्टाचार में लिप्त एक बाबू से सांठगांठ कर नियमों को ताक पर रखते हुए प्रभारी प्राचार्य का आदेश हासिल कर लिया था, जबकि राठौड़ पर शासकीय योजनाओं को पलीता लगाने, विद्यालय की व्यवस्था बिगाड़ने, विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी, स्कूल में पार्टियां करने जैसे गंभीर आरोप जांच में सिद्ध हो चुके हैं। इन्हीं आरोपों के चलते उसकी एक वेतनवृद्धि पूर्व में ही रोक दी गई थी और वर्तमान में भी उसके खिलाफ कई जांचें लंबित हैं।

मामले की भनक जब भोपाल में आयुक्त स्तर तक पहुंची तो तत्काल हस्तक्षेप हुआ और राठौड से तोरनोद स्कूल का प्रभार छीन लिया गया। अब विद्यालय की समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय कमान संकुल प्राचार्य श्रीमती ममता सोलंकी को सौंप दी गई है। उल्लेखनीय है कि श्रीमती सोलंकी के पास पहले से ही तोरनोद का वित्तीय प्रभार था।

**खबर का हुआ असर...**

**महिलाओं से अभद्र व्यवहार की जांच में भी है दोषी**

राठौर का रिकॉर्ड यहीं तक सीमित नहीं है। माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 4 धार में पदस्थापना के दौरान उस पर निरीक्षण के लिए आयी महिला शिक्षकों से अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप लगे थे। तीन सदस्यीय महिला जांच समिति ने जांच के बाद राठौड़ को दोषी ठहराया था। इस मामले में विभागीय कार्रवाई अभी भी प्रचलन में बताई जा रही है।

**सत्तारूढ़ नेताओं का नाम लेकर बनाता है दबाव**

नाम न छापने की शर्त पर कई शिक्षकों ने आरोप लगाया कि राठौड़ अक्सर सत्तारूढ़ दल के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का नाम लेकर स्टाफ को डराने-धमकाने की कोशिश करता है। शिक्षकों का कहना है कि वह खुद को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त बताकर मनमानी करता रहता है। फिलहाल प्रभार छीने जाने की कार्रवाई ने साफ संकेत दे दिया है कि विभाग अब विवादित कार्यशैली पर सख्त रुख अपनाने के मूड में है।



## सौ रुपए प्रतिकिलो बोर, हाथोंहाथ खरीद रहे लोग

सैयद रिजवान अली

**बाकानेर।** किसान पुत्र राधेश्याम लोटसवे बाकानेर ओर उनका पुत्र रोहित रोहन हर दिन हजारों रुपए के कश्मीरी मीठे बोर बेच कर रोजगार कर रहे हैं। बाकानेर बायपास पर बोर का बगीचा लगा रखा है। रोहित ने बताया हम खेत बगीचे के बाहर ही बोर बेचते हैं और पिताजी मनावर धरमपुरी जाकर बोर बेचते हैं। सभी बोर मीठे, एक जैसी क्वालिटी के हैं। वे पढ़ाई भी कर रहे हैं। उनको सरकार की तरफ से किसी भी प्रकार का बोर बगीचे का अनुदान नहीं मिला। एक बार जो हमारे बोर खा लेता है, वो हमेशा के लिए ग्राहक बन जाता है। बोर में ऊपर वाले मालिक ने ये तासीर रखी है। भाव भी एक जैसा सौ रुपए किलो और सबसे कहते हैं, बोर मीठे खाएं, किसी से बैर न रखें, भाईचारे से रहें।

## सावधान रहें, ठगी हो जाए तो 1930 पर संपर्क करें : तिवारी



### विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाने के लिए किया जागरूक

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** साइबर ठगी से सावधान करने व विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां साइबर सेल प्रभारी विकास तिवारी ने विद्यार्थियों को साइबर सेल के बारे में विस्तार से बताया तथा ठगी हो जाने पर बचाव के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ अधिकारी द्वारा वित्तीय धोखाधड़ी, बैंक फ्राड, ओटीपी साझा करने के खतरे, फर्जी लिंक एवं आनलाइन ठगी से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही सोशल मीडिया सुरक्षा के अंतर्गत फेसबुक एवं व्हाट्सएप हैकिंग, फर्जी प्रोफाइल, हनी ट्रैप जैसे साइबर अपराधों से सतर्क रहने एवं व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई। श्री तिवारी ने साइबर अपराध होने की स्थिति में त्वरित कार्यवाही हेतु राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा आनलाइन शिकायत पोर्टल के बारे में जानकारी दी एवं लोगों को तत्काल शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर युवाओं को साइबर वालंटियर के रूप में कार्य करने, अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुरक्षा का संदेश प्रसारित करने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार के संदिग्ध काल, मैसेज या लिंक पर विश्वास न करें तथा साइबर धोखाधड़ी की आशंका होने पर तुरंत 1930 पर संपर्क कर पुलिस को सूचित करें।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

विनय उजाला

**टोंकखुर्द, निप्र। शासन के निर्देशानुसार टोंक खुर्द ब्लॉक में संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।**




शिविर का शुभारंभ मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर माया कल्याणी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कल्याणी द्वारा बताया कि शिविर में कुल 405 मरीज का पंजीयन किया। टोंकखूर्द एवम अमलताश टिम क़े विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा 39 गर्भवती महिला का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया। नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 161 नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण कर व उपचार कर मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु 25 मरीजों का चयन किया। कैंसर रोग विशेषज्ञ डाक्टर द्वारा संभावित 57कैंसर मरीजों की जांच की गई टीम द्वारा 40 मरीजों की सोनोग्राफी की गई एवं 9 रोगियो की इसीजी व 25 एक्सरे कीये गये। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 35 महिलाओं को परामर्श देकर अस्थाई साधन के लिए प्रेरित किया गया।56 रोगियों के रक्त की जांच की गई। आरबीएस के टीम द्वारा 7 बच्चों की मुख्य मंत्री बाल हृदय उपचार हेतु स्क्रीनिंग की गई। एवं अन्य रोगियों की जांच कर उपचार किया गया। शिविर में 2 आयुष्मान कार्ड 31 आभाआईडी भी बनाई गई। टैंकखुर्द में आयोजित शिविर का जिला नोडल अधिकारी डीपीएम कामाक्षी दुबे एवं डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय द्वारा निरीक्षण किया। शिविर में संस्था के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर विनोद पाटीदार, डॉक्टर प्रतीक तिवारी, डॉ राजेश नागर ,डॉ ऋचा कुलकर्णी व खंड विस्तार प्रशिक्षक गोवर्धन सिंह पारसनिया बैंम इमरान शेख एवं संस्था के नर्सिंग ऑफिसर पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## गुर्जर, देवतवाल समेत नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

### अभिभाषक संघ का शपथ विधि समारोह संपन्न




विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** जिला अभिभाषक संघ शाजापुर के हाल ही में हुए के नवीन कार्यकाल हेतु नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह सोमवार को संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र अधिवक्ता संघ सदस्य जय हार्डिया थे। विशेष अतिथि हाईकोर्ट इंदौर के आसिफ अली वारसी, अभा संयुक्त अधिवक्ता मंच भोपाल के चंद्रकुमार वालेचा थे तथा अध्यक्षता शुजालपुर के अजयपालसिंह जादौन ने की। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष करणसिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष गिरधारी लाल देवतवाल, सचिव शैलेन्द्र वर्मा, सह सचिव विकास सक्सेना, कोषाध्यक्ष नरेंद्र जायसवाल, लाईबेरियन सचिव तेजकरण मेवाड़ा को वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद सिद्दीकी द्वारा शपथ दिला कर निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कांत कराड़ा के द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा गया। इसके बाद सभी अधिवक्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर सभी पदाधिकारियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी। वहीं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के समक्ष आय व्यय का ब्यौरा पूर्व अध्यक्ष विवेक शर्मा ने प्रस्तुत किया। साथ ही निर्वाचित 2 वर्षो तक 2026 से 2028 तक बार के आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई। संचालन पूर्व सचिव धीरज सिसोदिया ने किया तथा आभार गिरधारी देवतवाल ने माना। यह जानकारी जिला अभिभाषक संघ के मीडिया प्रभारी सईद पठान बेरछा ने दी।

### अंतिम मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

# एसआईआर के बाद शाजापुर जिले में बढ़े 8 हजार 589 मतदाता

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** एसआइआर 2026 की प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात जिले की तीनों विधानसभा में मदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। प्रक्रिया के पश्चात जिले में कुल 11 हजार 397 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई थी, इसमें से शिफ्टिंग और नो मैपिंग के निराकरण के बाद 3713 मतदाता कम हो गए। ऐसे में जिले के कुल मतदाताओं में 8589 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

पूर्व में जिले की तीनों विधानसभा में मिलाकर कुल 6 लाख 75 हजार 798 मतदाता थे। अब एसआइआर 2026 की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन के बाद कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 84 हजार 387 मतदाता हो गए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋजू बाफना ने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आमजन अंतिम निर्वाचक नामावली का अवलोकन मतदान केन्द्र पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिस, अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते है तथा उनका नाम होने की पुष्टि भी कर सकते है। यह अंतिम निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है। साथ ही यह भी बताया गया की प्रारूप प्रकाशन के पश्चात दावे/आपत्ति प्राप्त किये जाने एवं नो मैंपिग के मतदाताओं की सुनवाई में मतदाताओं



द्वारा आयोग के निर्धारित दस्तावेजो में से दस्तावेज प्रस्तुत नही करने की स्थिति में यदि किसी मतदाता का नाम सूची से विलोपित हुआ है ऐसे मतदाता का नाम फार्म 6 लिया जाकर जोडने की कार्यवाही सतत प्रक्रिया के दौरान की जाएगी जो निरंतर चालू रहेगी। मतदाताओं द्वारा 29 जनवरी 2026 की आयोग की निर्धारित तिथि के उपरांत दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उनके फार्म नंबर 6 पोर्टल पर दर्ज भी कर दिये गये है। जिसमें जिले की संख्या 1165 मतदाताओं के नाम शामिल है। इसके अतिरिक्त भी उपस्थित जनप्रतिनिधियो को बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम विलोपित हुआ हो तो फार्म नंबर 6 प्रमाण के साथ बीएलओ को प्रस्तुत करवाकर या एनवीएसपी पोर्टल से आवेदन किया जा सकता है।

जिले में सबसे न्यूनतम स्थिति में मतदाताओ के नाम विलोपित हुए है। कलेक्टर ने बताया कि फोटो रहित निर्वाचक नामावली 21 फरवरी 2026 की स्थिति में सूची का प्रदर्शन भी सीईओ की वेबसाइट पर किया गया है तथा संबंधित पंचायत भवन शहरी क्षेत्र में संबंधित नगरीय निकाय के सूचना पटल पर तथा संबंधित जनपद पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है।

**तीनों विधानसभा में इस तरह बढ़े मतदाता**

| | (23 दिसंबर 2025) | (21 फरवरी 2026) |
|---|---|---|
| विधानसभा | कुल मतदाता | कुल मतदाता |
| शाजापुर 167 | 238231 | 239867 |
| शुजालपुर 168 | 213310 | 216823 |
| कालापीपल 169 | 224257 | 227697 |
| कुल मतदाता | 675798 | 684687 |

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर हर्ष सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक



**बुरहानपुर, निप्र।** सोमवार को कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व वसूली, स्वरोजगार योजनाओं, पीएम आवास, आधार शिविर, आयुष्मान निरामय अभियान, परख एप, ई-ऑफिस तथा विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं, अभियानों, कार्यो सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने बारी-बारी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण किये जायें, कार्यों में देरी या लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### ब्लॉक स्तरीय खेल कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**हरसूद ( विनय उजाला )।** नेहरू युवा केंद्र (माय भारत) द्वारा उपनिदेशक श्रीमती तारा पारगी के निर्देशन में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी चेतन मिश्रा ने बताया कि मुख्य रूप से खो-खो, रस्सा कशी, गोला फेंक, 200 मीटर रेस एवं बैडमिंटन खेल प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। जिसमें स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम विजेता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, प्राचार्य डॉ जयेश वैष्णव, राकेश सोनी, योगेश सोनी, डॉ जामोद, प्रो जतिन रहे। खेल प्रतियोगिता के निर्णायक के युवा कल्याण खेल विभाग के अनूप शर्मा एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ संतोष भालसे थे। प्रतियोगिताओं में महिला एवं पुरुष दोनों ही टीमों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा अवार्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### भुआणा के संतों के सम्मान में निकाली गुर्जर जनचेतना यात्रा



**हरसूद ( विनय उजाला )।** भुआणा संतों के सम्मान में गुर्जर समाज द्वारा सोमवार दोपहर गुर्जर जनचेतना यात्रा निकाली गई। 3 दिवसीय गुर्जर जनचेतना यात्रा सोमवार दोपहर साढे 12 बजे के लगभग संत बुखारदास बाबा मंदिर छनेरा से प्रारंभ हुई। जिसका छनेरा में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। नया हरसूद से नर्मदापुरम तक निकाली जा रही गुर्जर जनचेतना यात्रा का समापन 25 फरवरी को श्री रामबाबा की आरती पूजन एवं निशान चढाने के बाद नर्मदापुरम में होगा। गुर्जर जनचेतना यात्रा श्री भुआणा प्रांतीय गुर्जर महासभा हरदा एवं श्री प्रांतीय गुर्जर युवा सभा हरदा के संरक्षण में निकाली जा रही है। जिसको भुआणा प्रांतीय नवयुवक संस्थाए, गुर्जर महिला मंडल छनेरा-नया हरसूद, खिरकिया, सिराली, हरदा, रहटगांव, टिमरनी एवं सिवनी मालवा का सहयोग मिल रहा है। सोमवार को निकली गुर्जर जनचेतना यात्रा में हरिप्रसाद मुकाती, विनोद पटेल, अखिलेश साद, आनंद मुकाती, दीपदर्शन सनखेरे सहित बडी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल थे।

### छह वर्षीय सीनम ने रखा पहला रोजा



**हरसूद ( विनय उजाला )।** नया हरसूद के सेक्टर क्रमांक 7 निवासी शेख अनीस की 6 वर्षीय बेटी सीनम शेख ने पहला रोजा रखा। सीनम के बडे पापा शेख ताहिर ने बताया कि सीनम ने सुबह 5 बजे से शाम 7 बजे तक कुछ भी नहीं खाया और न ही पानी पिया।

### इंदौर दुग्ध संघ की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**इंदौर ( विनय उजाला )।** इंदौर दुग्ध संघ में पधारे सहकार भारती मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य श्री अमित झा के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने महत्वपूर्ण बैठक की। इंदौर दुग्ध संघ में पधारे सहकार भारती मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य, भोपाल श्री अमित झा, अहमदाबाद से श्री मिहिर शिकारी तथा पत्रकार एवं लेखक श्री प्रकाश रत्नपारखी का दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बलबीर शर्मा द्वारा स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, पशुपालकों को रोजगार के नये अवसर प्रदान करने, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन से संबंधित केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पशुपालकों तक पहुंचाने एवं अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही अतिथियों द्वारा भविष्य में आपसी सहयोग के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया गया।

### खाद्य विभाग ने की कार्यवाही

**बुरहानपुर, निप्र।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए घरेलू गैस सिलेण्डरों के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, भण्डारण, उपयोग, परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

---

**अर्चना चिटनिस एवं महापौर माधुरी पटेल ने किया एबीसी सेंटर का निरीक्षण**

# आवारा कुत्तों और रैबीज पर नियंत्रण की दिशा में बड़ा कदम

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की समस्या और रैबीज जैसी जानलेवा बीमारी के खतरे को देखते हुए नगर निगम बुरहानपुर ने एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम उठाया है। नगर निगम द्वारा शहर में एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) अभियान की शुरुआत की गई है, जिसके तहत आवारा कुत्तों की नसबंदी, रैबीज का टीकाकरण एवं संपूर्ण स्वास्थ्य जांच कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके क्षेत्र में वापस छोड़ा जा रहा है। इस जनहितकारी अभियान के तहत विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) एवं महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने रेणुका माता रोड स्थित नगर निगम के एबीसी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेंटर की व्यवस्थाओं, चिकित्सकीय सुविधाओं, फील्ड टीम की कार्यप्रणाली एवं अभियान की प्रगति की समीक्षा की और नगर निगम की इस पहल को सराहनीय बताया। अभियान के तहत अब तक ९०० से अधिक आवारा कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं, जिससे रैबीज जैसी घातक बीमारी का खतरा बढ़ गया था। ऐसे में नगर निगम द्वारा एबीसी अभियान की शुरुआत करना एक दूरदर्शी, वैज्ञानिक और मानवीय पहल है। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार और नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एबीसी अभियान से आवारा कुत्तों की अनियंत्रित बढ़ती आबादी पर रोक लगेगी और रैबीज जैसी जानलेवा बीमारी से नागरिकों को सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने नगर निगम बुरहानपुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान अन्य नगर निकायों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बनेगा।



**स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ बुरहानपुर की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि एबीसी अभियान शहर को सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगा। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अभियान में सहयोग करें और किसी भी आवारा कुत्ते की जानकारी नगर निगम को दें, ताकि टीम द्वारा उसे उपचार एवं टीकाकरण के लिए लाया जा सके। यह पहल जन स्वास्थ्य, स्वच्छता और पशु संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने बताया कि शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और रैबीज के संभावित खतरे को देखते हुए नगर निगम ने एबीसी अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि रैबीज जैसी घातक बीमारी के प्रसार पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को उनके मूल क्षेत्र में वापस छोड़ा जा रहा, जिससे उनके स्वभाव में आक्रामकता कम होगी और वे बीमारी के वाहक नहीं बनेंगे। नगर निगम द्वारा इस अभियान के लिए आवश्यक संसाधन, पशु चिकित्सक, फील्ड स्टाफ और तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, चिंतामन महाजन, कैलाश पारीख, आशीष शुक्ला, रूद्रेश्वर एंडोले, फिरोज तड़वी, दिवाकर कोली, सुनिल वाघे, दुर्गेश शर्मा, कृष्णा शाह, नगर निगम के अधिकारी, पशु चिकित्सक, फील्ड स्टाफ, स्वच्छता विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

**वैज्ञानिक पद्धति से हो रही नसबंदी और टीकाकरण प्रक्रिया**

चिटनिस ने बताया कि नगर निगम की विशेष प्रशिक्षित टीमों द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों से आवारा कुत्तों को मानवीय तरीके से पकड़ा जा रहा है। पकड़े गए कुत्तों को नगर निगम के एबीसी सेंटर लाया जाता है, जहां उनकी नसबंदी, रैबीज टीकाकरण एवं संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की जाती है। नसबंदी के पश्चात कुत्तों के कान में विशेष पहचान टैग लगाया जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि संबंधित कुत्ते का टीकाकरण और नसबंदी पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद कुत्तों को पुन: उसी क्षेत्र में छोड़ा जा रहा है, ताकि उनके क्षेत्रीय व्यवहार में असंतुलन न हो और वे आक्रामक न बनें।

---

# ज्ञान, संस्कृति और शोध का हुआ सशक्त समागम

**भारतीय ज्ञान परम्परा विषयक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समीक्षात्मक विश्लेषण किया**

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रतलाम में वैश्वीकरण के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परम्परा की भूमिका विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की समीक्षा आयोजन समिति व परामर्श समिति द्वारा की गयी जिसमे ये तथ्य सामने आये की यह संगोष्ठी ज्ञान, चिंतन और संवाद का सशक्त मंच बनकर उभरी।**



इस संगोष्ठी में देश-विदेश से लगभग 600 प्रतिभागियों का पंजीयन हुआ, 350 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए तथा 100 से अधिक शोध पत्रों का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया गया, जो इस आयोजन की अकादमिक गरिमा और व्यापक सहभागिता को दर्शाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों डीआरएम अश्विनी कुमार, प्रदीप खरे एवं डॉ. वाय.के. मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रथम दिवस संगोष्ठी समन्वयक डॉ. मणिक डांगे ने भारतीय ज्ञान प्रणाली को जीवन मूल्य-आधारित समग्र दृष्टि बताते हुए इसकी आधुनिक संदर्भों में उपयोगिता स्पष्ट की तथा डॉ. पवन मिश्रा, डॉ. चाँद किरण सलूजा ने ऑनलाइन अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्य वक्ता डीआरएम अश्विनी कुमार, डॉ. प्रदीप खरे, मुख्य अतिथि डॉ. वाय.के. मिश्रा ने भारतीय ज्ञान प्रणाली को जीवनमूल्य-आधारित समग्र दृष्टि बताते हुए कार्यक्रम को सम्बोधित किया। प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने संगोष्ठी को नवचिंतन का प्रेरक मंच बताते हुए सभी वक्ताओं के विचारों को ज्ञानवर्धक बताया।

द्वितीय दिवस पर डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. मुनीरा हुसैन ने ऑनलाइन तथा वक्ता डॉ. विनोद शर्मा ने संगोष्ठी को सम्बोधित किया। समापन महापौर प्रहलाद पटेल तथा वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश माथुर के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

परिणाम स्वरुप,यह संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परम्परा की वैश्विक प्रासंगिकता को प्रभावी रूप से स्थापित करने में सफल रही। व्यापक सहभागिता, उच्च स्तरीय शोध प्रस्तुतियों और विचारोत्तेजक व्याख्यानों ने अकादमिक विमर्श को समृद्ध किया। प्रतिभागियों में शोध के प्रति नवीन उत्साह जागृत हुआ तथा परंपरा और आधुनिकता के समन्वय की दिशा सुदृढ़ हुई। यह संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में समझने, शोध को प्रोत्साहित करने तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरक पहल सिद्ध हुई। भविष्य में यह संगोष्ठी भारतीय ज्ञान प्रणाली पर अंत:विषयी शोध, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और पाठ्यक्रम विकास को गति देगी। पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण, नवाचार और व्यावहारिक अनुप्रयोग के नए आयाम खुलेंगे। युवा शोधार्थियों की सक्रिय भागीदारी से यह पहल वैश्विक ज्ञान समुदाय में भारत की बौद्धिक उपस्थिति को सशक्त करेगी।

---

# अवैध पिस्तौल, 8 कारतूस के साथ दो गिरफ्तार, एक फरार

**आलोट पुलिस ने नाकाबंदी कर किया गिरफ्तार**

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** मंदिर के पास नाकाबंदी में जगदीश और शादाब के पास से अवैध पिस्तौल मिली। इसके साथ ही आठ कारतूस भी जब्त किए गए। पुलिस ने सवा लाख की मोटरसाइकिल के साथ दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक आरोपी एजाज फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

जिले में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना आलोट पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में थाना आलोट पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर प्रभावी कार्रवाई की गई। मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर थाना आलोट पुलिस टीम द्वारा जीवनगढ़ रोड, महादेव मंदिर के पास नाकाबंदी की गई। इस दौरान जावरा की ओर से आ रही सफेद रंग की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 43 जेडएल 2994) पर सवार दो



व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में शादाब पिता शहजाद खां मेव, उम्र 25 वर्ष, निवासी खेडाखेड़ी नयापुरा, थाना आईए जावरा, जिला रतलाम तथा जगदीश पिता अमरनाथ कालबेलिया, उम्र 26 वर्ष, निवासी खेडाखेड़ी नयापुरा, थाना आईए जावरा, जिला रतलाम निकले ।दौरान आरोपी शादाब की तलाशी लेने पर उसके पेंट के पीछे कमर (अंट) से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल के मैगजीन की जांच करने पर उसमें से 8 जिंदा राउण्ड मिले।

---

### जिला अध्यक्ष बनने पर शैतानसिंह हाड़ा का स्वागत



**रतलाम, निप्र।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली के जिला अध्यक्ष मनोनित होने पर गुलाब चक्कर पर शैतानसिंह हाड़ा का नरेंद्र मोदी विचार मंच रतलाम के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर विचार मंच के रामलाल सोलंकी, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रकाश भगोरा, गोवर्धन पाटीदार, मधु पटेल, जगदीश मचार, कैलाश चंद्र निनामा, देवेन्द्र गुर्जर (पंवार), बाबूलाल मालवीय (बोदिना), मोहनलाल सारवान, भरत डोडियार, प्रकाश भाभर, शैलेन्द्र खरे, पीरूलाल मालवीय (एडव्होकेट), भरत चौहान धर्मेन्द्र मईडा आदि उपस्थित थे ।

## फागोत्सव का उत्साह, भजनों पर झूमी महिलाएं, जमकर उड़ा रंग-गुलाल



विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** माणक चौक स्थित गोपाल जी के बड़े मंदिर में रविवार दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक रंगारंग फाग महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के रतलाम जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती सीमा आर.एस. देवड़ा के नेतृत्व में किया गया। यह महोत्सव लगातार छठे वर्ष आयोजित किया गया।

महोत्सव में गायक कलाकार पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा ने भक्ति रस से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, भगवान श्रीकृष्ण, माताजी एवं श्री गणपति जी के भजनों के साथ फाल्गुन माह के पारंपरिक फाग गीतों की भी सुंदर प्रस्तुति दी। 'सांवरियो है सेठ, मारी राधा जी सेठानी है' जैसे भजनों पर महिलाओं ने भक्ति भाव से नृत्य कर आनंद लिया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने सफेद, लाल और गुलाबी लहरिया परिधान धारण कर फाल्गुनी उत्सव का उल्लास बढ़ाया। रंग, गुलाल और फूलों की वर्षा के बीच महिलाएं भक्ति भाव से झूमती नजर आईं। पूरा मंदिर परिसर फाग के रंगों और भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा देवड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाओं ने भाग लेकर भजनों और उत्सव का आनंद लिया। महोत्सव में हेम कुंवर, अनिता सोलंकी, टीना चंद्रवाद, ऊषा पंवार, नीतु पंवार, राम कुमार काजल जीजा, किरण गोयल, अनिता जीजा, नीता जीजा, सोनी जीजा, कृष्ण जीजा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ।

## चोरों का पुलिस ने किया खुलासा, चोरी के माल समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम, निप्र।** दो दिन पूर्व जिले के सैलाना क्षेत्र में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस को तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। पुलिस चोरो से अन्य चोरियों के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सैलाना थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिन पूर्व शुक्रवार को फरियादी भवर पिता बदीयाजी निनामा 38 वर्षीय निवासी ताराघाटी ग्राम सरवन ने पुलिस को शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उसके घर में ताला लगी लोहे की पलंग पेटी सहित उसमे रखा सामान टेबल पंखा, तीन गेती, पांच तगारी, दराता और घरेलू बर्तन जिसकी अनुमानित कीमत 40 हज़ार रुपए अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर एसडीओपी नीलम बघेल एवं सैलाना थाना प्रभारी पिंकी आकाश के नेतृत्व में टीम गठित हुई। गठित टीम ने मुखबिर सूत्रों के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने पर चोरी गया माल सहित चोरी के लिए उपयोग की गई महिंद्रा वीरों लोडिंग गाड़ी को भी बरामद किया। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरीयो की घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक पिंकी आकाश (थाना प्रभारी सैलाना), सहायक उप निरीक्षक शंकर सिंह शक्तावत, प्रधान आरक्षक संदीप सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक निरंजन त्रिपाठी, आरक्षक तुफान भुरिया की विशेष भूमिका रही।

**पश्चिम रेलवे**
**भावनगर मंडल**

**इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ई.आई.) प्रणाली कीआपूर्ति, स्थापना, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और कमीशनिंग**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (S&T) पश्चिम रेलवे, भावनगर निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करता हैं :- **निविदा क्रमांक: 57-2025** भावनगर मण्डल : इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ई.आई.) प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और कमीशनिंग बाहरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्य और एमएसडीएसी की व्यवस्था के साथ वांसजालिया जंक्शन के संबंध में इंटरलॉकिंग को मानक।से मानक ।।(R) में अपग्रेड करना, साथ ही भावनगर प्रभाग के ई.आई. और एमएसडीएसी की व्यवस्था करना **अनुमानित लागत : रू. 76695243.77/- (केवल सात करोड़ छियासठ लाख पंचानबे हज़ार दो सौ तैंतालीस रुपये और सतहत्तर पैसे)** बोली दाताओं को अधिक जानकारी के लिए केवल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा. कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 16/03/2026 को 15.00 बजेतकरहेगी।
BVP 279
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना**

डिविजनल रेलवे मैनेजर (WA), वेस्टर्न रेलवे, 6th फ्लोर, इंजी. डिपार्टमेंट, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008. **ई-टेंडर नोटिस नंबर: BCT/25-26/320 dt. 18/02/2026 को इनवाइट करता है। काम और लोकेशन:** जोरावासन-सूरत सेक्शन: DEN/C/मुंबई सेंट्रल के तहत अलग-अलग स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए रैंप, टैक्टाइल टाइल्स, पार्किंग लॉट, स्लिप रेजिस्टेंस सरफेस वगैरह देना। **काम का लगभग खर्च** - 3,01,18,640.14। **EMD:** 3,00,600/-। **जमा करने की तारीख और समय:** 17.03.2026, 15.00 बजे तक। **खुलने की तारीख और समय:** 17.03.2026 को 15.30 बजे। ज्यादा जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 1143
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम रेलवे, रतलाम। **निविदा क्रमांक : S&T/C/RTM/117/ 2025-26, दिनांक : 17.02.2026** आमंत्रित करता है। **कार्य का नाम:** नए हॉट स्टैंडबाय इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और कमीशनिंग, साथ ही रतलाम मंडल के धरसदारपुर सेक्शन में विभिन्न इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग सिस्टम और गियर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, पश्चिम रेलवे (एमपी) के दाहोद-इंदौर नई बीजी लाइन कार्य के संबंध में। **कार्य की अनुमानित लागत:** 14,04,26,987/-। **बयाना राशि की लागत :** 8,52,100/-। **बोली प्रारंभ तिथि :** 05.03.2026। **समापन तिथि और समय :** ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 1142
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**निर्माण कार्य**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण)-I, पश्चिम रेलवे, इंदौर (मध्य प्रदेश) **निविदा क्रमांक: IND/UJN/SIMHASTHA/02 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** सिंहस्थ-2028 के लिए नई उज्जैन बाईपास लाइन के संबंध में नाइखेरी स्टेशन (छोड़कर) - चिंतामन गणेश के बीच यार्ड, पुल के पहुंच मार्ग आदि सहित बीजी लाइन के निर्माण में तटबंध/कटिंग में मिट्टी का काम और कंबलिंग, पुल का निर्माण कार्य (बड़े/छोटे/सड़क के नीचे के पुल, उप संरचना और सुपर स्ट्रक्चर), रिटेनिंग/टो वॉल/डायवर्सन ड्रेन का निर्माण, यात्री सुविधाओं का निर्माण, फुट ओवर ब्रिज, यार्ड ड्रेन, मशीन से कुचले पत्थर के गिट्टी की आपूर्ति और फैलाना, मुख्य लाइन, लूप लाइनों और सेक्शन/यार्ड में पॉइंट्स और क्रॉसिंग आदि के लिए बीजी ट्रैक बिछाना और जोड़ना, पी.वे सामग्री का परिवहन, पटरियों की वेल्डिंग, **कीमत:** 87,93,03,376.92. **EMD:** 45,46,500/-. **टेंडर जमा करने की तारीख और समय:** 17.03.2026 को 15.00 बजे तक. **टेंडर खुलने की तारीख:** 17.03.2026 को 15.30 बजे. टेंडर की पूरी जानकारी, जिसमें एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया भी शामिल हैं, ई-टेंडर पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर और डिप्टी चीफ इंजीनियर (कंस्ट्रक्शन)-I, वेस्टर्न रेलवे, इंदौर के ऑफिस के नोटिस बोर्ड पर, प्लेटफॉर्म नंबर 1 के सामने, इंदौर में उपलब्ध है। 1141
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**महाराष्ट्र शासन, गृह विभाग (बंदरे व परिवहन)**
**महाराष्ट्र सागरी मंडळ**
इंडियन मर्कन्टाईल चेंबर्स, दुसरा मजला, १४ रामजीभाई कमानी मार्ग, बेलार्ड इस्टेट, मुंबई - ४०० ००१.
दूरध्वनी क्र. ०२२-६९०४१७०० फॅक्स क्र. ०२२-६९०४१७४०
Website : https://mahammb.maharashtra.gov.in
Email: ceo.mmb@maharashtra.gov.in / ceommb@gmail.com
सत्यमेव जयते

**ई - निविदा सूचना (सन २०२५-२६)R२/९०**

Main Portal : https://mahatenders.gov.in

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, महाराष्ट्र सागरी मंडळ, मुंबई हे महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम विभागातील योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत व योग्य अनुभव असलेल्या ईश्चुक उमेदवार यांच्या करीता खाली नमूद केलेल्या कामांसाठी बी-१ नमुन्यात ई-निविदा मागविण्यात येत आहेत.

| अ.क्र. | कामाचे नाव | कामाच्या निविदेची अंदाजित किंमत (रु.) | इसारा रक्कम (रु.) | को-या निविदेची किंमत (रु.) | काम पूर्ण करण्याचा कालावधी |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | वारीनपाडा, खारदांडा, खार ता. अंधेरी, जि. मुंबई उपनगर येथे जेट्टी जवळ वाहनतळ बांधणे, धुप प्रतिबंधात्मक उपाययोजना व विद्युतीकरण करणे. | ४,१४,०१,७६४/- | २,०७,५००/- | २,३६०/- | १२ महिने पावसाळा कालावधी सोडुन |

तपशिलवार अटी व शर्ती पाहण्यासाठी तसेच कोरा निविदा फॉर्म डाऊनलोड करण्यासाठी महाराष्ट्र शासनाच्या ई-निविदा पोर्टल https://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक २०.०२.२०२६* रोजी १२:००* ते दिनांक २७.०२.२०२६* रोजी १७:००* पर्यंत उपलब्ध रहातील.

कोणतीही निविदा किंवा सर्व निविदा कारण न दर्शविता नाकारण्याचा अधिकार निम्न स्वाक्षरीकार यांचेकडे राखून ठेवण्यात आला आहे.

सही/-
कार्यकारी अभियंता,
महाराष्ट्र मेरीटाईम बोर्ड, मुंबई.

आरओसी/2025-26/क्र-5/सी6091

नेट रन रेट बना नई टेंशन!

# सुपर-8 के पहले मैच में हार से बिगड़ा भारत का गणित

नई दिल्ली, एजेंसी

**टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 चरण में पहले ही मैच भारत की हार निराशाजनक रही। अहमदाबाद में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने 76 रन से करारी शिकस्त दी।**

इस हार ने न सिर्फ अंक तालिका में भारत को पीछे धकेला, बल्कि नेट रन रेट पर भी गहरी चोट पहुंचाई। सुपर-8 के दो ग्रुप हैं और दोनों ग्रुप में चार-चार टीमें हैं। हर ग्रुप से शीर्ष-दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। सुपर-8 ग्रुप 1 में दक्षिण अफ्रीका दो अंकों और +3.800 के शानदार नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है, जबकि भारत एक मैच में हार के बाद शून्य अंक और -3.800 नेट रन रेट के साथ सबसे नीचे खिसक गया है। -3.800 नेट रन रेट का मतलब है कि भारत को अगले दोनों मैच भारी अंतर से जीतने होंगे। हालांकि, दोनों मैच में जीत भी भारत को सेमीफाइनल की गारंटी नहीं देता है। सुपर-8 ग्रुप-1 की बाकी दो टीमें, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे आज एक-दूसरे के खिलाफ अपने सुपर-8 अभियान की शुरुआत करेंगी। स्पष्ट है कि भारत के लिए अपना और ग्रुप की दूसरी टीमों का भी, यानी आगे का हर मैच निर्णायक बन चुका है।



### भारत अगर एक मैच जीतता है तो राह कठिन, लेकिन नामुमकिन नहीं

अगर भारत सिर्फ एक मुकाबला जीत पाता है, तो स्थिति और जटिल हो जाएगी। दक्षिण अफ्रीका को अपने दोनों मैच जीतने होंगे। भारत की जीत वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे मैच के विजेता के खिलाफ होनी चाहिए। ऐसी स्थिति में भारत, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे तीनों के 2-2 अंक हो सकते हैं। तब एक बार फिर नेट रन रेट ही निर्णायक कारक बनेगा। इस स्थिति में भारत का भविष्य पूरी तरह अन्य टीमों के परिणामों और बड़े अंतर से जीत पर निर्भर करेगा।

### दक्षिण अफ्रीका अपने तीनों मैच जीते और भारत बाकी दोनों मैच जीत ले

भारत को अब वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने दोनों शेष मुकाबले जीतने होंगे। जिम्बाब्वे से भारत का सामना 26 फरवरी को चेन्नई में और वेस्टइंडीज से भारत का सामना एक मार्च को कोलकाता में है। यदि भारत दोनों मैच जीतता है, तो उसके चार अंक हो जाएंगे। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका अपने दोनों मैच जीतता है तो उसके छह अंक होंगे और टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएगी। ऐसे में भारत के लिए चार अंक सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त होंगे। क्योंकि बाकी दोनों टीमें अधिकतम दो-दो अंक तक ही रह पाएंगी। सेमीफाइनल में पहुंचने का यह सबसे आसान समीकरण है।

अश्विन ने भारत की हार पर उठाए सवाल

# खिलाड़ियों के चयन और बल्लेबाजी क्रम की गलतियों से मिली टीम को हार

नई दिल्ली, (हि.स.)

भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर आठ चरण में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 76 रन की करारी हार के पीछे चयन और बल्लेबाजी क्रम से जुड़े फैसलों को अहम कारण बताया है। अश्विन ने अक्षर पटेल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को खिलाने और रिंकू सिंह को आठवें क्रम पर बल्लेबाजी के लिए भेजने के फैसले पर सवाल उठाए।

अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर अश्विन ने कहा, 'मैं मानता हूं कि इंडियन प्रीमियर लीग में मुकाबलों के अनुसार संयोजन बनाना ठीक है, क्योंकि वहां 14 मैच खेलने होते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के टूर्नामेंट में टीम को जितना स्थिर रख सकें, उतना बेहतर होता है। बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ वॉशिंगटन सुंदर का उपयोग करना सही है, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन अक्षर पटेल टी-20 क्रिकेट में आपके सबसे उपयोगी खिलाड़ी रहे हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अक्षर ने क्या किया है।





### अफ्रीका के खिलाफ अक्षर की पारी को याद किया

अश्विन ने वर्ष 2024 के टी-20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षर पटेल की पारी को याद किया। उन्होंने कहा, 'पिछले विश्व कप में भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इसी तरह की परिस्थिति में अक्षर पटेल ने विराट कोहली के साथ साझेदारी की थी और भारत का स्कोर 170 के पार पहुंचाया था। निश्चित रूप से कोहली का अनुभव था, लेकिन अक्षर किसी से कम नहीं हैं। अगर भारत के पास मध्य ओवरों में कुछ विकेट शेष रहते और स्थिरता बनी रहती, तो लक्ष्य हासिल किया जा सकता था।

## जर्मन ओपन सुपर 300 में भारत की अगुवाई करेंगे श्रीकांत और तन्वी

**नई दिल्ली, ( हि.स. )।** जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन प्रतियोगिता की शुरुआत मंगलवार से होने जा रही है, जिसमें भारत की ओर से अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत, जिन्होंने वर्ष 2021 की विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था, ने पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया। वह मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 प्रतियोगिताओं में उपविजेता रहे, हालांकि खिताब जीतने में सफल नहीं हो सके। 31 वर्षीय श्रीकांत की विश्व रैंकिंग एक समय 82 तक खिसक गई थी, लेकिन अब वह दोबारा 32वें स्थान पर पहुंच चुके हैं। वह उच्च स्तरीय सुपर 750 और सुपर 1000 प्रतियोगिताओं में सीधा प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए अपनी रैंकिंग और बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। अपने अभियान की शुरुआत वह एक क्वालीफायर खिलाड़ी के विरुद्ध करेंगे।

## इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग को मिला 100 मिलियन डॉलर का निवेश

नई दिल्ली,(हि.स.)

इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने भारतीय गोल्फ इतिहास के सबसे बड़े निजी निवेश की घोषणा करते हुए 10 फ्रेंचाइजी साझेदारों से 100 मिलियन डॉलर की पूंजी प्रतिबद्धता हासिल की है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी ने अगले 10 वर्षों में लगभग 10 मिलियन डॉलर निवेश करने का संकल्प लिया है। आईजीपीएल ने हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, विशाखापत्तनम, गोवा, बेंगलुरु, पंजाब और गुरुग्राम को अधिकार प्रदान किए हैं। यह प्रारूप देश के प्रमुख महानगरों और उभरते क्षेत्रों तक पेशेवर गोल्फ को पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

लीग संचालन के अलावा साझेदारों ने दूसरे और तीसरे श्रेणी के शहरों तथा गांवों में 8-10 एकड़ के छोटे गोल्फ मैदान विकसित करने के लिए सामूहिक रूप से 250 मिलियन डॉलर निवेश का लक्ष्य रखा है। इसका उद्देश्य गोल्फ को पारंपरिक अभिजात्य दायरे से बाहर निकालकर आम लोगों तक पहुंचाना है।



### तीन महाद्वीपों में विस्तार की योजना

आईजीपीएल अपने पहले ही वर्ष में भारत, अफ्रीका और मध्य-पूर्व सहित तीन महाद्वीपों में विस्तार की रणनीति के साथ शुरुआत करेगा। अगले तीन से चार वर्षों में पांच देशों में संचालन का लक्ष्य रखा गया है। आईजीपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तम सिंह मुंडी ने कहा कि यह पारंपरिक खेल निवेश नहीं, बल्कि खेल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मंच है। उन्होंने कहा कि लीग केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक संपूर्ण गोल्फ तंत्र तैयार कर रही है।

## आईपीएल में धोनी चेन्नई के लिए कुछ मैच खेलेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

**महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 के सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। धोनी इस साल जुलाई में 45 साल के हो जाएंगे। सीएसके के मैनेजमेंट ने उनकी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है, लेकिन वर्कलोड मैनेजमेंट को देखते हुए वे कुछ मैचों से ब्रेक ले सकते हैं।**

सीएसके के एक टॉप सोर्स के हवाले से कहा गया कि, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि धोनी चेन्नई आ रहे हैं और उन्होंने इस सीजन के लिए अपनी उपलब्धता स्पष्ट कर दी है। वे सभी मैच खेलेंगे या नहीं, यह फिलहाल कहना मुश्किल है।

इस बार चेन्नई सुपर किंग्स के स्क्वाड में संजू सैमसन की एंट्री हुई है। सैमसन के आने से टीम के पास विकेटकीपिंग के मजबूत विकल्प मौजूद हैं। मैनेजमेंट की योजना है कि जिन मैचों में धोनी को आराम दिया जाएगा, वहां सैमसन ग्लव्ज संभालेंगे। धोनी पिछले कुछ समय से घुटने और पीठ की समस्या से जूझते रहे हैं। ऐसे में 45 की उम्र में हर मैच में विकेटकीपिंग करना उनके शरीर के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। संजू के अलावा टीम में टीम में उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा विकेटकीपर के तौर पर शामिल है। कार्तिक को सीएसके ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्हें शिवम दुबे के साथ फिनिशर के रूप में तैयार किया जा रहा है।



### इम्पैक्ट प्लेयर रूल का मिल सकता है फायदा

पिछले सीजन की तरह इस बार भी धोनी इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर नजर आ सकते हैं। वे निचले क्रम में आकर फिनिशर की भूमिका निभाते रहे हैं। फिट रहने के लिए उन्होंने अपनी बैटिंग को कुछ खास ओवरों तक ही सीमित रखा है। टीम मैनेजमेंट चाहता है कि धोनी मैदान पर रहें, भले ही वे सिर्फ आखिरी के कुछ ओवरों में बैटिंग करें या मेंटर की तरह टीम को गाइड करें।



सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने दी जानकारी

# लिस्टिंग और सेटलमेंट से जुड़े नियमों में बदलाव करेगा सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी

**सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि नियामक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस), लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स (एलओडीआर) नियमों और सेटलमेंट से जुड़े प्रावधानों की व्यापक समीक्षा करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि इस संबंध में एक कंसल्टेशन पेपर जून तक जारी किया जा सकता है।**

पोर्टफोलियो मैनेजर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए पांडेय ने कहा कि पीएमएस फ्रेमवर्क में निवेशक हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इस सेगमेंट में पारदर्शिता पहले की तुलना में बेहतर हुई है, लेकिन बाजार में तेजी से हो रहे बदलाव और नए निवेश उत्पादों के उभरने के कारण मौजूदा नियमों की समीक्षा जरूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि सेबी केवल पीएमएस ही नहीं, बल्कि एलओडीआर और सेटलमेंट से जुड़े नियामकीय ढांचे की भी समीक्षा करेगा, ताकि बदलते बाजार परिदृश्य के अनुरूप नियमों को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



### एआई का उपयोग करेगा सेबी

एआई के उपयोग पर पांडे ने कहा कि सेबी बाजार में गड़बड़ियों और अनियमितताओं का वास्तविक समय में पता लगाने के लिए एआई के इस्तेमाल की संभावनाओं पर काम कर रहा है, जिससे समय रहते नियामकीय हस्तक्षेप और समाधान संभव हो सके। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक मिलकर बाजार की गहराई बढ़ाने के उद्देश्य से कॉरपोरेट बॉन्ड इंडेक्स और उससे जुड़े उत्पाद विकसित करने पर काम कर रहे हैं, जिन्हें एक्सचेंज पर ट्रेड किया जा सकेगा। इससे निवेशकों को निवेश के अधिक विकल्प मिलेंगे और बॉन्ड बाजार को भी मजबूती मिलेगी।

### आरबीआई के लेंडिंग नियमों की समीक्षा की जाएगी

ट्रेडिंग से जुड़ी फंडिंग व्यवस्था पर भी पांडे ने बदलाव के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि आरबीआई के लेंडिंग नियमों की समीक्षा की जाएगी और इस पर सेबी अपनी राय केंद्रीय बैंक के साथ साझा करेगा। इससे यह संकेत मिलता है कि मार्जिन ट्रेडिंग या उधार लेकर ट्रेडिंग से जुड़े नियमों को और सख्त किया जा सकता है। पांडे ने यह भी कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। तेज आर्थिक वृद्धि के साथ देश में निवेशकों की संख्या बढ़ेगी, जिसे ध्यान में रखते हुए नियामकीय ढांचे को मजबूत और निवेशक-केंद्रित बनाना आवश्यक है।

खनन कंपनियों को बड़ी राहत!

## खदान के अपशिष्ट रिसाइक्लिंग के लिए पर्यावरणीय मंजूरी अनिवार्य नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

खनन क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने मौजूदा खनन पट्टों के भीतर टेलिंग्स के पुनर्चक्रण को नई पर्यावरण मंजूरी (ईसी) की अनिवार्यता से छूट दे दी है। सूत्रों के अनुसार, इस फैसले का उद्देश्य टिकाऊ खनन प्रथाओं को बढ़ावा देना और नियामकीय बाधाओं को कम करना है। नई व्यवस्था के तहत खनन कंपनियां अब अयस्क निष्कर्षण के बाद बचने वाले अपशिष्ट पदार्थ, यानी टेलिंग्स, को उसी स्वीकृत खनन क्षेत्र में दोबारा प्रोसेस कर उपयोगी खनिज, पानी या अन्य संसाधन निकाल सकेंगी, बिना अलग से पर्यावरण मंजूरी का इंतजार किए। इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग होने के साथ पर्यावरणीय प्रभाव भी कम होने की उम्मीद है।



## आरबीआई की नजर में है आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में धोखाधड़ी की जांच

नई दिल्ली, (हि.स)

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आईडीएफसी स्र्ट बैंक में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले पर नजर है, लेकिन इसमें कोई प्रणालीगत समस्या नहीं है। नई दिल्ली में सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में संजय मल्होत्रा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पॉलिसी के तौर पर हम किसी एक बैंक या रेगुलेटेड एंटिटी पर टिप्पणी नहीं करते हैं। हम डेवलपमेंट पर नजर रख रहे हैं। इससे पहले आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वी. वैद्यनाथन ने कहा कि बैंक के कर्मचारियों और बाहरी पक्षों की मिलीभगत के जरिये हरियाणा सरकार के खातों से जुड़ी 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। यह मुद्दा एक इकाई और एक ग्राहक समूह तक सीमित था। यह किसी प्रणालीगत 'रिपोर्टिंग' त्रुटि का मामला नहीं है।



## वायदा बाजार में उछली चांदी, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी आई तेजी

नई दिल्ली, (हि.स.)

सर्राफा बाजार में हाजिर चांदी के भाव में मामूली गिरावट का रुख होने के बावजूद वायदा बाजार में चांदी के भाव में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी आज सुबह 11:30 बजे 5.82 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,67,673 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही थी। दूसरी ओर, इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) ने आज के लिए .999 शुद्धता वाली चांदी का मानक मूल्य 2,50,314 रुपये प्रति किलोग्राम तय किया है। आईबीजेए द्वारा आज के लिए तय किया गया मानक मूल्य पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन के मूल्य की तुलना में 2.26 प्रतिशत अधिक है। घरेलू बाजार की तरह ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर भी स्पॉट सिल्वर का भाव आज 86.90 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर था। इस तरह अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी आज चांदी के मूल्य में करीब 5.65 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है।



ट्रंप के पास हैं कई व्यापारिक हथियार

# आईईईपीए की धारा 301 और 232 से बढ़ सकती है भारत की टेंशन

नई दिल्ली, एजेंसी

**अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के चुनिंदा देश पर जवाबी शुल्क लगाने के लिए 'इंटरनैशनल इमरजेंसी इकनॉमिक पॉवर्स एक्ट' (आईईईपीए) के इस्तेमाल को खारिज करने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी टीम शुल्क कार्रवाई को फिर से करने के लिए वैकल्पिक कानूनी रास्ते अपनाने के लिए मजबूर हो गई है।**

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति को आईईईपीए की तरह कोई भी शक्ति नहीं है लेकिन ट्रंप के पास कई व्यापार हथियार हैं - कुछ शक्तिशाली, कुछ लक्षित, कुछ राजनीतिक रूप से विस्फोटक हैं।

**सिक्योरिटी शुल्क : धारा 232 :** यदि राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा नजर आता है तो शुल्क या कोटा प्रणाली लागू कर सकता है। भारत पर असर : .ट्रंप ने धारा 232 के तहत 2018 में स्टील व एल्यूमीनियम पर शुल्क लगा दिया था जिससे भारत पर असर पड़ा था। इस क्रम में 232 की संशोधित कार्रवाई महत्वपूर्ण खनिजों, इलेक्ट्रॉनिक व दवाओं से संबंधित है। इससे भारत के खनिज, वाहन उपकरणों और दवाओं के निर्यात के हित तत्काल रूप से प्रभावित होंगे।



**अनुचित व्यापार : धारा 301 :** अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि को व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 व्यापार नीतियों के अतार्किक, अनुचित व भेदभावपूर्ण होने की स्थिति में जांच व जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार देती है।

**भारत पर असर:** भारत ने 2018 में चिकित्सा उपकरणों पर मूल्य नियंत्रण और बाजार-पहुंच बाधाओं पर जांच का सामना किया। एक नई 301 जांच पड़ताल - डिजिटल नीतियों, ई-कॉमर्स नियमों, फार्मा मूल्य निर्धारण या आईसीटी उत्पादों पर शुल्क है। इससे भारत के आईटी हार्डवेयर, फार्मास्यूटिकल्स और सेवाओं के निर्यात को खतरा पैदा हो सकता है।

**बैलेंस ऑफ पेमेंट्स शुल्क :** राष्ट्रपति को व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 शुल्क लगाने का अधिकार देती है। इसके तहत 15 प्रतिशत तक का अस्थायी, एक्रॉस-द-बोर्ड आयात अधिभार लगाने की अनुमति दी गई है।

**भारत पर असर:** भारत पर शुल्क 28 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। लेकिन अपने एशियाई समकक्षों के खिलाफ प्राप्त होने वाले तरजीही लाभ को छीन लेता है। इससे बातचीत की गई अंतरिम व्यापार डील भी फिलहाल अप्रासंगिक हो जाती है।

### सेफगार्ड शुल्क: धारा 201

व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 201 आयात में उछाल होने की स्थिति में घरेलू उद्योग को गंभीर हानि की स्थिति में सेफगार्ड टैरिफ या कोटा को अधिकृत करती है।

**भारत का असर :** आयात में उछाल आने वाले संवेदनशील क्षेत्रों में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है - सोलर मॉड्यूल, स्टील उत्पाद, टायर, रसायन, वस्त्र और ऑटो पार्ट्स। किसी भी श्रेणी में धारा 201 का मामला तुरंत भारत के निर्यात को कम कर देगा।

**एडी और सीवीडी**

टैरिफ एक्ट 1930 के तहत एंटी-डंपिंग (धारा 731) और काउंटरवेलिंग ड्यूटी (धारा 701) की कार्रवाइयां अमेरिकी सरकार को उचित मूल्य से कम पर बेचे जाने वाले या विदेशी सरकारों के सब्सिडी वाले आयात पर दंडात्मक शुल्क लगाने की अनुमति देती हैं।

**भारत पर असर :** भारत को नियमित रूप से एडी/सीवीडी मामलों में निशाना बनाया गया है - रसायन, स्टील उत्पाद, फार्मा इंटरमीडिएट्स, टायर, आईटी हार्डवेयर इनपुट।

### जवाबी शुल्क की धारा 338

शुल्क अधिनियम, 1930 की धारा 338 राष्ट्रपति को उन देशों के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने या प्रतिबंध लगाने का अधिकार देती है जो अमेरिकी सामानों के खिलाफ 'अनुचित या भेदभावपूर्ण' शुल्क या व्यापार बाधाएं लगाते हैं।

**भारत पर असर :** यदि अमेरिकी निर्यातक - विशेष रूप से कृषि, डेरी, सूचना और टेक्नॉलजी कम्युनिकेशन (आईसीटी) या मेडिकल डिवाइस - भारत में भेदभावपूर्ण व्यवहार का दावा करते हैं तो व्हाइट हाउस संरक्षणवादी धारा 338 को धमकी दे सकता है या लागू कर सकता है। इससे द्विपक्षीय विवाद बढ़ सकता है और भारत को रक्षात्मक टैरिफ या नियामक प्रतिक्रियाओं में धकेला जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 10 करोड़ रुपए लागत से 50 किमी सड़क में हो रहा डामरीकरण, 6 माह में पूरा होगा निर्माण



**धार, निप्र।** मनावर-मांगोद मार्ग पर डामरीकरण का कार्य तेजी से जारी है। इस परियोजना से धार पहुंचने में लगने वाला समय कम हो जाएगा, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। कुल 50 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में से 30 किलोमीटर सड़क का डामरीकरण पूरा हो चुका है। सड़क सुधार परियोजना के लिए विभाग ने 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। यह मार्ग धार जिला मुख्यालय को राजस्थान और गुजरात के फोरलेन से जोड़ने वाली एक प्रमुख सड़क है। सोमवार से मनावर तहसील के चिकली फाटे से अवल्दा तक 10 किलोमीटर डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस कार्य के तहत सड़क पर 40 एमएम डामर की परत बिछाई जा रही है। काम एमपीआरडीसी के अधीन आस्था कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। सहायक प्रबंधक अमित भूरिया ने बताया कि जीराबाद से मनावर तक सड़क पर डबल लेयर डामर किया जाएगा, जिससे सड़क की मजबूती बढ़ेगी। निर्माण कंपनी को यह कार्य निर्धारित 6 महीने में पूरा करना होगा। 20 किलोमीटर सड़क के बनने से धार पहुंचने में पहले जहां कार को 3 घंटे लगते थे। वहीं अब यात्रा 2 घंटे में ही धार पहुंच रहे हैं। मनावर से मांगोद के बीच जीराबाद में टोल बूथ लगाकर भारी वाहनों से टोल भी लिया जा रहा है।

### मंडी में नए डॉलर चने का श्रीगणेश



**धामनोद, निप्र।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को डॉलर चना की खरीदी का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। वहां तहसीलदार कुणाल अवास्या, मंडी सचिव मोहनसिंह चौहान, विधायक प्रतिनिधि राधेश्याम कसरावदिया, पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि शिवशंकर पाटीदार, अनाज, दलहन, तिलहन व्यापारी एसो. के अध्यक्ष पुर्णशंकर मैनेजर, भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश पटेल मौजूद रहे। मुहूर्त नीलामी में प्रथम डालर चना की बैलगाड़ी कृषक महेन्द्र पिता कैलाश पंधानिया 13,111- रूपये प्रति क्वि. से फर्म मातोश्री इंटरप्राइजेस धामनोद द्वारा कय की गई। पहले दिन डालर चना के 300 वाहन एवं 02 बैलगाड़ी की आवक रही। भाव अधिकतम 13,111 मॉडल भाव 86,00 एवं न्यूनतम 7500 के रहे। ये जानकारी मंडी अधिकारी जीपी प्रजापति द्वारा दी गई है।

### प्रवीण चावला प्रदेश नीति एवं शोध प्रभारी नियुक्त



**बदनावर, निप्र।** भाजपा के सक्रिय सदस्य, एडवोकेट, उद्योगपति एवं पत्रकार प्रवीण चावला को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से उन्हें प्रदेश नीति एवं शोध प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति न केवल प्रवीण चावला की संगठन के प्रति निष्ठा और सतत सक्रियता का सम्मान है, बल्कि बदनावर क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है। नियुक्ति की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह है। भाजपा पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। स्वतंत्र प्रेस क्लब बदनावर ने भी अभिनंदन किया है। वक्ताओं ने कहा कि नीति एवं शोध प्रभारी का दायित्व संगठन की विचारधारा को शोधपरक दृष्टि से सुदृढ़ करने का है, और विश्वास व्यक्त किया कि प्रवीण चावला अपने अनुभव, वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक क्षमता से मोर्चा को नई दिशा प्रदान करेंगे।

### छह साल के अलशान ने रखा अपना पहला रोजा





**बाग, निप्र।** रमजान का पाक महिने में दिनभर भूख प्यास की शिद्दत के बाद शाम को रोजा इफ्तार किया जाता है। 6 साल के अलशान पिता सय्युम नेता ने अपना पहला रोजा रखा। मां बाप से जिद कर के उसने सुबह पांच बजे रोजे की नियत कर के रोजा रखा और दिनभर कुछ नहीं खाएं बीना अपना रोजा पुरा किया। शाम को 6 बजे रोजा इफ्तार के समय अपने घर वालो के साथ रोजा पुरा किया। यह उसकी जिंदगी का पहला रोजा था। इसी तरह हशनेन खान पिता इमरान खान ने भी अपनी 6 साल की उम्र में पहला रोजा रखा।

### शर्मा समग्र शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नियुक्त



**धामनोद, निप्र।** नगर के प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेन्द्र कुमार शर्मा को समग्र शिक्षक संघ धार जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर शिक्षक गण एवं नगर वासियों ने हर्ष जताया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### ढोल बाजे, मांदल बाजे, बाजे रे शहनाई भगोरिया नी वेला आई, बधाई हो बधाई...

**झाबुआ, निप्र।** जिले की प्रसिद्ध कलाकार अन्नू भाबोर ने 24 फरवरी से 2 मार्च तक जिले में होने वाले भगोरिया हाटों को लेकर विशेष सांग्स रिलीज किया है। जिसका टाइटल ढोल बाजे, मांदल बाजे, बाजे रे शहनाई, भगोरिया नी वेला आई, बधाई हो बधाई ... रखा गया है। अन्नू भाबोर के इस गीत को लगातार लोकप्रियता मिल रही है। यह गीत उनके द्वारा जिले में लगने वाले भगोरिया हाटों में प्रस्तुत किया जाएगा। जानकारी देते हुए रोटरी क्लब मेन की वरिष्ठ रोटेरियन, साहित्यकार एवं कलाकार अन्नू भाबोर ने बताया कि यह गीत उनके द्वारा स्वयं तैयार किया गया है। यह गीत आदिवासी भाषा में होकर जनमानस में लोकप्रिय है। इसकी रिकॉर्डिंग उनके द्वारा करते हुए जिले में लगने वाले भगोरिया हाटों में यह गीत बजाया जाएगा और आदिवासी समाज को भगोरिया हाटों के साथ होली, धुलेंडी, गल-चूल पर्व आदि की शुभकामनाएं प्रेषित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अन्नू भाबोर आदिवासी भाषा में नुक्कड़ नाटक, गीतों के लिए प्रसिद्ध है।

**जिले की प्रसिद्ध कलाकार अन्नू भाबोर ने भगोरिया हाट को लेकर आदिवासी सांग्स रिलीज किया, समाजजनों की मिल रही सराहना**

---

#### बजट 2026-27 पर राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार ने ली पत्रकार-वार्ता

# जनजातीय समुदाय की शिक्षा के लिए संकल्पित सरकार : डॉ. पाटीदार

विनय उजाला

**धार, निप्र। बजट केवल आय व्यय का विवरण नही है बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण सशक्त रोडमैप है। भाजपा सरकार जनजातीय समुदाय की नई पीढ़ी को हर क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रतिबद्ध है।**

साथ ही जनजातीय सांस्कृतिक पहचान एवं विरासत को बनाये रखने के साथ ही विकास प्रक्रिया में हर स्तर पर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार ने जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा के लिये पर्याप्त बजट प्रावधान किया है। शिक्षा के अलावा सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिये भी पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया गया है।





उक्त बातें राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार ने मीडिया से संवाद के दौरान कही। सांसद पाटीदार ने कहा कि यह बजट ज्ञान-सेकेंड मॉडल पर आधारित एक दूरदर्शी दस्तावेज है जो गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र उत्थान के साथ साथ अधोसंरचना और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा।

दरअसल मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत रु 4.38 लाख करोड़ के ऐतिहासिक एवं सर्वसमावेशी बजट पर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर बजट की जानकारी साझा की गई थी। इस दौरान इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप सिंह पटेल जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा सह मीडिया प्रभारी मनोज कवि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

#### एक लाख सोलर पंप मिलेंगे

राज्यसभा सांसद पाटीदार ने कहा कि कृषि और किसान कल्याण के लिए 5 एव पी के कृषि पंपों हेतु रु 5276 करोड़ का प्रावधान दलहन आत्मनिर्भर मिशन के लिए 335 करोड़ तथा समर्थन मूल्य पर बोनस भुगतान हेतु रु 150 करोड़ निर्धारित किए गए हैं। आपातकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के लिए 720 करोड़ की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के अन्तर्गत 1 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है जिससे किसानों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होगी। पशुपालन गतिविधियों के लिए 2364 करोड़ का प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा। भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सरकार के माध्यम से जिले में पीएम मित्र पार्क मेडिकल कॉलेज तिलगारा और हातोद में उद्योग कार्य समेत इंदौर दाहोद रेल लाईन तथा धार नगर में धारनाथ लोक का निर्माण विकास की पहचान है।

#### सरकार ने लाडलियों का रखा ध्यान

जानकारी देते हुए कविता पाटीदार ने कहा कि गरीब कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए 2857 करोड़ तथा पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्गों के कल्याण के लिए 1691 करोड़ का प्रावधान किया गया है ग्रामीण परिवारों को आबादी भूमि का मालिकाना हक प्रदान करने और पंजीयन व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन करने के लिए 3800 करोड़ कि व्यवस्था की गई है सांसद ने कहा कि ये निर्णय सामाजिक न्याय और आर्थिक स्थिरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। नारी सशक्तिकरण के लिए दिए बजट को बजट का आत्मा बताते हुए सांसद ने कहा कि लाडली लक्ष्मी योजना 2.0 के लिए रु 1801 करोड़ तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 23883 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के पोषण स्तर को सुदृढ़ करने हेतु 700 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

---

# मील के पत्थर हैं समग्र शिक्षक संघ के प्रयास : दुबे

विनय उजाला

**बदनावर, निप्र। समग्र शिक्षक संघ मध्यप्रदेश शाखा बदनावर के तत्वावधान में रविवार को प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद्र दुबे के अभिनंदन समारोह एवं समग्र प्रतिनिधियों के सम्मेलन का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों की उपस्थिति रही।**





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद्र दुबे थे। विशेष अतिथि के रूप में प्रांतीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह पंवार, प्रदेश उपाध्यक्ष जयराज सिंह देवड़ा, बीआरसीसी डी.एन. गुजराती, पूर्व बीईओ बी.एल. पाटीदार, संभागीय महामंत्री तुकाराम पाटीदार, संभागीय सचिव महेश जोशी, जिला सचिव राजेंद्र कुमार शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमीर बी खान तथा जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र बघेल उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामचंद्र जाट ने की।

अतिथि स्वागत आयोजक मुकेश पुरोहित, तहसील अध्यक्ष कांजी मुनिया, ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल खराड़ी, राकेश शर्मा, ओंकारलाल पाटीदार, ईश्वरचंद्र जोशी, उषा माथुर एवं भूपेंद्र रावल सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम में जिले से पधारे वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित बदनावर के 27 से अधिक सेवानिवृत्त शिक्षकों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। प्रदेशाध्यक्ष दुबे के अभिनंदन पत्र वाचन राष्ट्रीय कवि राकेश शर्मा एवं भूपेंद्र रावल ने किया।

वहीं, जिला कोषाध्यक्ष उषा माथुर के सेवानिवृत्त होने पर विशेष सम्मान किया गया। प्रांतीय प्रवक्ता श्री पंवार ने वर्ष 2016 में स्थापना के बाद संघ की दो सूत्रीय मांगों की पूर्ति एवं चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान दिलाने की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया।

मुख्य अतिथि दुबे ने कहा कि संगठन की एकजुटता ही सफलता का आधार है। संघ के सतत प्रयासों, अधिकारियों एवं मंत्रीगणों से नियमित संवाद तथा मुख्यमंत्री से समय-समय पर मुलाकात के परिणामस्वरूप तृतीय एवं चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान तथा वरिष्ठ पद पर पदभार संबंधी आदेश जारी हुए हैं। उन्होंने अर्जित अवकाश के 300 दिवस की स्वीकृति संबंधी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण होने का आश्वासन भी दिया तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों से पेंशन एवं अर्जित अवकाश प्रकरणों के पुनरीक्षण हेतु आवेदन करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम को डी.एन. गुजराती, बी.एल. पाटीदार, कैलाशचंद्र बघेल, महेश जोशी, राजेंद्र शर्मा, रामचंद्र जाट, राकेश शर्मा एवं अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। जिला धार के संरक्षक रमेशचंद्र राठौड़ ने संचालन किया। आभार प्रदर्शन संभागीय सचिव मुकेश पुरोहित ने किया।

---

# स्थापना के दो साल पूर्ण होने के बाद भी आईटीआई बाग की हालत खस्ता

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** धार जिले के आदिवासी अंचल विकासखंड बाग मे कौशल केंद्र की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाग मे कोपा ट्रेड (कम्प्यूटर आपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) अति आवश्यक है, जिसे आदिवासी अंचल के क्षेत्र के युवा-युवती मध्यप्रदेश राज्य किसी भी प्रतियोगितात्मक परिक्षा मे भाग ले सके। इसी संदर्भ विगत दो सालों पहले जिले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के मुख्य अधिकारी से भी संपर्क किया गया था। उनके द्वारा 2027 तक कोपा ट्रेड की व्यवस्था कर दी जायेगी ऐसा आश्वासन दिया गया। आज तक इलेक्ट्रीशियन ट्रेड को छोड़कर अन्य ट्रेड की व्यवस्था नही हुई। वर्तमान में एक इलेक्ट्रीशियन ट्रेड संचालित है। सामाजिक कार्यकर्ता चन्द्र रिसावला बताते हैं कि यहां पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किसी भी जिले या तहसील या फिर विकासखंड क्षेत्र मे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना होती है, वहा पर व्यवस्था के अनुसार सरकार की ओर से बजट का प्रावधान किया जात है। इलेक्ट्रीशियन ट्रेड की व्यवस्था अस्त-व्यस्त है। जानकारी मांगन पर महिला बाबू इसका प्राचार्य का बचाव करती नजर आ रही थी। जबकी विद्युतकार व्यवसाय मे बिजली से सुरक्षा नियम और सावधानियाँ से आग लगने पर बचाव करने की प्रयोगशाला मे अभाव के साथ ही छात्र-छात्राओं की अनुपस्थित के साथ-साथ वहा पर प्राथमिक उपचार भी देखने को नही मिला। चौकीदार और प्यून दोनों पदों पर एक व्यक्ति के नाम से कार्यरत है।

---

#### पेटलावद श्रीसंघ के चुनाव संपन्न

# अशोक मेहता अध्यक्ष एवं पारसमल सोलंकी बने सचिव

मनोज पुरोहित



**पेटलावद।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ पेटलावद की साधारण बैठक 22 फरवरी को स्वाध्याय भवन में आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यकाल के लिए नवीन कार्यकारिणी का सर्वानुमति से गठन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में समाजजनों ने सर्वसम्मति से अशोक मेहता को अध्यक्ष, पारसमल सोलंकी को सचिव, कांतिलाल झाड़मता को उपाध्यक्ष और संजय (जी) भंडारी को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष मणिलाल चाणोदीया द्वारा दिए गए सफल कार्यकाल के लिए राजेंद्र कटकारी ने श्री संघ की ओर से उनके प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक की शुरुआत में कोषाध्यक्ष विमल मोदी ने 22 फरवरी तक का आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे पूर्व अध्यक्ष अनोखीलाल मेहता ने सदन के सम्मुख पढ़कर सुनाया और उपस्थित सदस्यों ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया।

संघ ने आगामी चातुर्मास की तैयारियों पर चर्चा करते हुए पंडित रत्न पूज्य पंकज मुनि जी महाराज साहब, साध्वी श्री रुचिता जी महाराज साहब और आशा जी महाराज साहब से चातुर्मास की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु दर्शनार्थ जाने का सामूहिक निर्णय भी लिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कटकानी और नरेंद्र मोदी ने हार पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान के साथ पदभार ग्रहण करवाया। बैठक में नरेंद्र कटकानी, नीरज जैन, कांतिलाल झाड़मता, मणिलाल मेहता, संतोष गुजराती, दीपक सोलंकी, अशोक भंडारी, चेतन कटकानी, संजय भंडारी और विपुल मेहता ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन जितेंद्र मेहता द्वारा किया गया। राजेंद्र कटकानी द्वारा मंगल पाठ सुनाकर बैठक का समापन किया गया।

---

# हथियारबंद चोरों ने नकदी सहित जेवरों पर किया हाथ साफ

विनय उजाला





**निसरपुर, निप्र।** निसरपुर पुनर्वास क्षेत्र के अंतिम हिस्से में रविवार देर रात हथियारबंद चोरों ने एक रहवासी के घर पर धावा बोलकर करीब तीन लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर और नकदी लूट की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के दौरान बदमाशों ने परिवार को कमरे में बंद कर दहशत फैलाई और विरोध करने पर गृहस्वामी पर हमला भी किया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब दो से तीन बजे के बीच निसरपुर पुनर्वास निवासी अमित वालगे के घर में चोर पीछे की ओर से सीढ़ी (सीडी) के सहारे पहली मंजिल की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे। इस दौरान चोरों ने सबसे पहले घर के पीछे लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया, ताकि उनकी पहचान न हो सके। इसके बाद बदमाशों ने परिवार के अन्य सदस्यों के कमरों को बाहर से बंद कर दिया और सीधे अमित वालगे के कमरे में पहुंचे। अमित वालगे ने बताया कि मेरे पर चोरों ने धारदार हथियार रखकर अलमारी का ताला तोड़ा और उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, टॉप्स, कान की बालियां, चांदी की पायजेब सहित नकदी राशि लेकर जा ही रहे थे कि दौरान अमित ने हिम्मत कर एक बदमाश को पकड़ लिया था झूमा झपटी चलती रही वारदात के दौरान जब परिवार के सदस्यों की नींद खुली और उन्होंने शोर मचाया, तो बदमाश भागने लगे। इसी दौरान एक चोर ने बेसबॉल जैसे हथियार से अमित वालगे पर हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में लगने चोर छूट के भाग निकला। घटना के बाद तीनों भाइयों ने चोरों का पीछा किया, लेकिन बदमाशों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी और अंधेरे का फायदा उठाकर पीछे की ओर नहर के रास्ते फरार हो गए। परिजनों का कहना है कि इस वारदात में तीन से चार बदमाश शामिल थे और कुल मिलाकर तीन लाख रुपये से अधिक की चोरी हुई है। सूचना मिलते ही रात्रि में गस्त कर रहे निसरपुर पुलिस चौकी प्रभारी रवि वास्केल और एसआई भुवानसिंह चौहान आरक्षक अरुण पटेल, मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। सोमवार को फरियादी द्वारा निसरपुर पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज, आसपास के मार्गों और संभावित ठिकानों के आधार पर जांच कर रही है।

---

# मुस्लिम एवं बोहरा समाज के चल रहे रमजान, खुदा की इबादत में मशगूल हैं समाजजन, रखे जा रहे हैं रोजे

विनय उजाला





**झाबुआ, निप्र।** मुस्लिम एवं बोहरा समाज के पवित्र रमजान इन दिनों चल रहे है। रमजान के महीने में समाजजन मस्जिदों में जाकर खुदा की इबादत कर रहे है। रोजे रखे जा रहे है एवं दान-पुण्य जैसे कार्य कर रहे है। उल्लेख है कि चांद दिखने के साथ मुस्लिम समाज के रमजान एवं बोहरा समाज के भी कैलेंडर अनुसार रमजान माह शुरू होकर रमजान के पवित्र महीने में समाजजन प्रतिदिन मस्जिदों में जाकर विशेष नमाज अता कर रहे है। रमजान में 10-10 दिन के तीन असरे होते है। इन दिनों में समाजजन विशेष रूप से खुदा की इबादत में लीन होकर रोजे रखकर दान-पुण्य जैसे कार्य प्राथमिकता से करते है। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भी सज-संवरकर रोजे रखे जाते है। दिन में एक बार सेहरी के समय भोजन ग्रहण किया जाता है। रमजान के बाद ईद-उल-फितर मीठी ईद का आयोजन होगा। मुस्लिम समाज की ईद चांद दिखने पर 19 मार्च, अन्यथा 20 मार्च को ईद पर्व मनाया जाएगा। इसी प्रकार बोहरा समाज द्वारा 30 रोजे पूर्ण होने के बाद 19 मार्च को ईद-उल-फितर त्योहार मनाया जाएगा।

---

#### भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चे के पदाधिकारियों की हुई घोषणा

# कल्याणसिंह डामोर बने अजजा मोर्चा के प्रशिक्षण प्रदेश प्रभारी

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष पंकजसिंह टेकाम द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंद्र खंडेलवाल की सहमति से मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। जिसमें पूर्व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चे के प्रदेश महामंत्री कल्याणसिंह डामोर को नया दायित्व सौंपा है। उन्हें मोर्चे का प्रशिक्षण प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला पंचायत सदस्य बहादुर हटीला को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिला है। नियुक्ति के बाद दोनों ही पदाधिकारियों का भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

कल्याणसिंह डामोर भोपाल से सीधे देवझिरी तीर्थ पहुंचे। यहां भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी अगवानी की। यहां उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। देवझिरी से काफिला राजगढ़ नाका पहुंचा। यहां पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए जयघोष लगाए गए। यहां भी कार्यकर्ताओं ने ढोल-धमाकों के साथ डामोर का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। उसके बाद काफिला मेघनगर नाका पहुंचा। यहां पूर्व सांसद स्व. दिलीपसिंह भूरिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वागत कार्यक्रम के



दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेष दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक, सुरभानसिंह गुंडिया, भावेश सोलंकी, जितेंद्रसिंह पंवार, शरमा भूरिया, कमल डामोर, दिलीप भूरिया, मनोहर बैरागी, पवन गरवाल, कांपसिंह भूरिया, अभय वाखला, अभय डामोर, पंकज डामोर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस नियुक्ति पर कल्याणसिंह डामोर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष तेकाम, मंत्री निर्मला भूरिया, नागरसिंह चौहान, सांसद अनीता चौहान, भाजपा प्रदेश संगीता सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोहर सेठिया, पूर्व विधायक कलसिंह भाबोर, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम शर्मा, दौलत भावसार, चुन्नू शर्मा, लक्ष्मणसिंह नायक, भाजपा जिला महामंत्री विजय चौहान, गौरव खंडेलवाल एव राजेश वसुनिया, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश मंत्री सोमसिंह सोलंकी आदि का आभार माना। डामोर का कहना है कि नियुक्ति के बाद अब वे जनजाति समाज के उत्थान को लेकर कार्य में तेजी लाएंगे। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

दैनिक विनय उजाला



मुख्यमंत्री ने लुप्तप्रायः प्रजातियों के 5 गिद्धों को हलाली डेम जल क्षेत्र में किया मुक्त



# उपग्रह टेलीमेट्री जैसे नवाचारों से बढ़ रही है गिद्धों की संख्या : डॉ. यादव

विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को हलाली डेम क्षेत्र में लुप्तप्रायः प्रजाति के 5 गिद्ध को प्राकृतिक आवास में मुक्त किया। इनमें चार भारतीय गिद्ध (जिप्स इंडिकस) और एक सिनेरियस गिद्ध (एजिपीयस मोनाकस) शामिल हैं। डॉ. यादव ने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोगी पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश जहां बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्य प्राणियों की सर्वाधिक संख्या वाला राज्य है वहीं गिद्ध संरक्षण में भी देश में प्रथम है। मध्यप्रदेश में सभी प्रांतों से अधिक संख्या में गिद्ध पाए जाते हैं। इनमें प्रवासी गिद्ध भी शामिल हैं। पारस्थितिकी तंत्र में इन पक्षियों का विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को गिद्ध पक्षी संरक्षण के प्रयासों के लिए बधाई दी।

बताया गया कि उच्च परिशुद्धता वाले जीपीएस-जीएसएम उपग्रह ट्रांसमीटरों से सुसज्जित पांच दुर्लभ प्रजाति के गिद्धों को भोपाल स्थित गिद्ध संरक्षण प्रजनन केंद्र में व्यवस्थित अनुकूलन और अवलोकन अवधि के बाद मुक्त किया गया है। टैगिंग प्रक्रिया सभी संबंधित संस्थाओं एवं वन विभाग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वाइल्डलाइफ एसओएस के वन्यजीव पशु चिकित्सक की देख-रेख में हुई है। यह पहल मध्य भारत के विकसित होते 'गिद्ध परिदृश्य' को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जहाँ भारतीय गिद्ध सामान्यतः एक ही क्षेत्र में रहते हैं, वहीं सिनेरियस गिद्ध मध्य एशियाई फ्लाई-वे के अंतर्गत लंबी दूरी का प्रवास करते हैं, जो 30 से अधिक देशों तक फैला विश्व का एक प्रमुख प्रवासी पक्षी गलियारा है।







### गिद्धों के साथ ही पक्षी संरक्षण के प्रयास

पक्षी संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्यप्रदेश के वन विभाग ने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के सहयोग से गिद्धों की गतिविधियों और निगरानी के लिए उपग्रह टेलीमेट्री कार्यक्रम प्रारंभ किया है।

### ये प्रजातियां मौजूद

प्रदेश में भारतीय गिद्ध (लॉन्ग-बिल्ड वल्चर), सिनेरियस गिद्ध (ब्लैक वल्चर), मिस्त्र गिद्ध (व्हाइट स्कैवेंजेर वल्चर) और हिमालयन ग्रिफॉन जैसी प्रजातियाँ पाई जाती हैं। हाल ही में वल्चर एस्टिमेशन-2026 के पहले दिन दक्षिण पन्ना वन प्रभाग में एक हजार से अधिक गिद्धों का अवलोकन किया गया, जो हाल के वर्षों में सर्वाधिक संख्या है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में वरिष्ठ विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत पदाधिकारी यशवंत मीणा, राकेश शर्मा के अलावा सुश्री राजो मालवीय सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश बहादुर सिंह ने किया।

### ऐसी होती है प्रोसेस

■ टेलीमेट्री से प्राप्त आंकड़ों के माध्यम से गिद्धों के भू-दृश्य उपयोग, आवागमन पैटर्न और मानव-जनित दबावों के प्रति उनकी प्रतिक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। इससे प्रमुख पड़ाव स्थलों और भोजन क्षेत्रों की पहचान, संरक्षित एवं मानव-प्रधान क्षेत्रों में उनकी पारिस्थितिकी को समझने तथा बिजली के झटके, विषाक्तता और आवास क्षरण जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने में सहायता मिल रही है। इस प्रक्रिया में संग्रहित वैज्ञानिक प्रमाण अधिक प्रभावी खतरा-निवारण रणनीतियाँ विकसित करने और सीमा-पार सहयोग सहित भू-दृश्य स्तर पर संरक्षण योजनाओं को सशक्त बनाने में सहायक होंगे।

■ मध्यप्रदेश में उपग्रह टेलीमेट्री से गिद्ध संरक्षण की एकीकृत डेटा-आधारित एवं भू-दृश्य स्तरीय संरक्षण का पारस्थितिकी तंत्र विकसित हुआ है। इससे लुप्तप्राय गिद्ध प्रजातियों का संरक्षण होगा और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के प्रहरी के रूप में उनकी भूमिका भी दीर्घकालिक रूप से सुनिश्चित होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री राकेश शुक्ला करेंगे 'सोलर रथ सह मोबाइल बूथ वैन' का शुभारंभ

**भोपाल, निप्र।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला प्रधानमंत्री सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना के 'सोलर रथ सह मोबाइल बूथ वैन' का शुभारंभ को करेंगे। मंत्री शुक्ला मंगलवार 24 फरवरी को अपराह्न 2:00 बजे ऊर्जा भवन, शिवाजी नगर, भोपाल से 'सोलर रथ सह मोबाइल बूथ वैन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सोलर रथ 24 फरवरी 2026 से भोपाल नगर में 7 दिवसीय मोबाइल बूथ शिविर के रूप में संचालित किया जाएगा। सोलर रथ से नागरिकों को योजना से संबंधित लोड, नेट मीटरिंग, ग्रिड कनेक्टिविटी, ऋण सुविधा एवं ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण जैसी सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह शिविर डिस्कॉम, बैंकों एवं नगर निगम के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

### 20.26 लाख उपभोक्ताओं को मिली सरचार्ज में छूट : तोमर

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 का द्वितीय व अंतिम चरण 28 फरवरी तक लागू है। योजना में शामिल होकर लाभ उठाने के लिए अब केवल 5 दिन शेष हैं। इस दौरान तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर अभी तक 20 लाख 26 हजार बकायादार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया है। तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार जो उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल नहीं हो पाए वे अब द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 5 लाख 98 हजार बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 578 करोड़ 97 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 272 करोड़ 76 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है। इस तरह पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 7 लाख 44 हजार उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। कंपनी के खाते में 205 करोड़ 20 लाख रूपये जमा हुए हैं, जबकि 68 करोड़ 6 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 6 लाख 84 हजार उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। कंपनी के खाते में 186 करोड़ 83 लाख रूपये जमा हुए हैं, जबकि 28 करोड़ 16 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है।

### कृषि विज्ञान मेलों से लाभ ले उन्नत खेती करें किसान : कंषाना

**भोपाल, निप्र।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसान कल्याण वर्ष 2026 में कृषि नवाचार और उन्नत खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में कृषि विज्ञान मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कृषि, उद्यानिकी, तकनीक विस्तारण एवं तिलहन मिशन में जिला स्तर पर कृषि विज्ञान मेले आयोजित किया जा रहे हैं। इन मेलों का लाभ उठाकर किसान निरंतर उन्नत खेती करें और प्रदेश की समृद्धि में अपना योगदान दें। कृषि मंत्री कंषाना ने कहा कि मेलों का उद्देश्य कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, मूल्य संवर्धन, विपणन, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर), नरवाई प्रबंधन, तिलहनी-दलहनी फसलों के विस्तार तथा आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी प्रदान करना है। 'कृषि विज्ञान मेला' किसानों को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में विशेष महत्व रखते हैं।

**मप्र के मुख्य सचिव जैन और समन्वयक सचिव भारत सरकार गोविल ने ली बैठक**

## भूमि अधिग्रहण के मामले शीघ्र निपटाएं: जैन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश में चल रहे रेलवे, सड़क सहित अन्य अधोसंरचना के बड़े प्रोजेक्ट की प्रतिमाह प्रगति की समीक्षा की जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन और भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय में सचिव समन्वयक मनोज कुमार गोविल ने सोमवार को मंत्रालय में संयुक्त रूप से पी.एम मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में केंद्र के महत्वपूर्ण 11 प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-सीमा अनुसार परियोजनाओं का क्रियान्वयन करें और पीएम गति शक्ति पोर्टल पर प्रगति रिपोर्ट से नियमित अवगत कराएं।



मुख्य सचिव जैन ने जबलपुर में प्रस्तावित 100 बिस्तरीय ई.एस.आई अस्पताल के लिए शीघ्र ही भूमि आवंटन के लिए आवेदन देने के श्रम विभाग को निर्देश दिए और कहा कि आवेदन प्राप्त होने के दो-तीन माह में भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए। इस दौरान इंदौर-बुधनी नई रेललाइन, रामगंज मंडी से भोपाल नई रेललाइन परियोजना, सतना-रीवा रेल्वेलाइन के दोहरी करण कार्य, इटारसी-नागपुर तीसरी रेल लाइन, रतलाम-महू-खंडवा अकोला गेज परिवर्तन कार्यों की गहन समीक्षा की गयी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे भूमि अधिग्रहण के सभी प्रकरणों के निराकरण और उनमें पारित मुआवजा राशि के वितरण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच अनुमतियों आदि के लिए लगने वाले समय को न्यूनतम करने के भी निर्देश दिएं।

### रेलवे-सड़क व अन्य कार्यों की होगी नियमित समीक्षा

समीक्षा बैठक में शाहगंज बायपास से बाड़ी सेक्शन के फोर-लाइन प्रोजेक्ट की डिजाइन की समीक्षा की गई तथा अब तक भूमि के अधिग्रहण और पारित मुआवजा राशि के वितरण की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान इंदौर वेस्टर्न सिक्स लाइन बायपास निर्माण कार्य की समीक्षा की गई और धार कलेक्टर तथा उद्योग विभाग को लंबित भू-अधिग्रहण प्रकरणों को समन्वय कर निपटाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मंडला जिले के चुटका परमाणु ऊर्जा, संयंत्र परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण संबंधी विभिन्न प्रकरणें की भी समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व, वन, श्रम, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, लोक निर्माण, एन.एच.आई, एमपीआरडीसी, रेल्वे सहित इंदौर, सीहोर धार, देवास, जबलपुर और सतना जिला प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में मंडला जिले की चुटका परमाणु ऊर्जा सयंत्र के प्रस्तावित परियोजना की समीक्षा पृथक से की गई।



## असंगठित श्रमिकों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण : मंत्री पटेल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों का 'मुख्यमंत्री श्रम श्री' स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण कर डिजिटल हेल्थ रिकार्ड रखा जायेगा, विशेष रूप से श्रमिकों के 25 वर्ष से कम उम्र के बच्चों तथा 50 वर्ष से अधिक उम्र के श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण प्राथमिकता से किया जायेगा। इस कार्य में पंचायतों में संचालित आयुष भवनों का भी सहयोग लिया जायेगा।

यह निर्णय प्रदेश के श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में 23 फरवरी को हुई म.प्र. असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल की चतुर्थ बैठक में लिये गये। इस अवसर पर मंडल के आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्राक्कलन को स्वीकृति प्रदान की गई। श्रम मंत्री श्री पटेल द्वारा प्रथम श्रमणा सहकारी समिति, भोपाल के अध्यक्ष श्री विकास संसारे तथा समिति के सदस्यों का टी-शर्ट, कैप तथा प्रमाण-पत्र प्रदान कर स्वागत किया गया। बैठक में श्रम सचिव श्री रघुराज राजेन्द्रन, मंडल के सचिव, श्री संजय कुमार, सहायक सचिव, श्रीमती दीपा तुली सहित संचालक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को श्रमणा योजना अंतर्गत सहकारी समिति बनाकर स्वरोजगार की दिशा में बढ़ने के लिये अवसर प्रदान करने के लिये एक करोड़ राशि का प्रावधान मंडल के बजट में करने का निर्णय लिया गया।

**राज्यपाल ने जेल गृह विभाग के अधिकारियों से की चर्चा**

## बंदियों की सोच सकारात्मक बनाने के प्रयास हों : राज्यपाल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि बंदी पुनर्वास प्रयासों को समग्रता और बहुआयामी स्वरूप में किया जाना चाहिए। कार्य का दृष्टिकोण मानवतावादी हो। भाव संवेदनशील और विचारशील होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास प्रयासों में सकारात्मक सोच के निर्माण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम बंदियों की सोच को रचनात्मक दिशा देने। भविष्य के प्रति विश्वास और आत्मबल को मजबूत करने में बहुत सहयोगी होगा।





राज्यपाल पटेल सोमवार को लोकभवन में गृह एवं जेल विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, विशेष महानिदेशक जेल अखितो सेमा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यपाल पटेल ने अधिकारियों से कहा कि बंदी उत्पादक गतिविधियों के द्वारा बंदियों के परिवारों के जीवन निर्वाह में आर्थिक सहयोग के उद्देश्य से नियोजन गतिविधियों का संयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि जेलों में बंद मामूली अपराधों के विचाराधीन कैदियों को केवल दंड देना ही नहीं, बल्कि उन्हें सकारात्मक सुधार के जरिए समाज की मुख्य धारा में वापस भेजना पुनर्वास प्रयासों का मूलाधार होना चाहिए। भाव उनको अपराधी की पहचान से मुक्त होकर बेहतर नागरिक के रूप में स्थापित होने में मदद का होना चाहिए। समाज के नव-निर्माण में वे अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

### 'मन की बात' से बंदियों को मिलेगी प्रेरणा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनकर जेल की दीवारों के पीछे एकाकी जीवन जी रहे बंदियों को देश की प्रगति और प्रेरक कहानियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उनके जीवन में आशावाद और नव-निर्माण का संचार होगा। बंदियों के भीतर छिपी नकारात्मकता में कमी आएगी। सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्म-सुधार की भावना जागृत होगी। उन्होंने जेलों में लंबित दया याचिकाओं, महिला बंदियों के बच्चों के उचित लालन-पालन की व्यवस्थाओं, महिला बंदियों के पुनर्वास, दिव्यांग एवं बुजुर्ग बंदियों के लिए आवश्यक कृत्रिम उपकरणों की उपलब्धता और श्रम शक्ति के उत्पादक गतिविधियों में नियोजन के संबंध चर्चा की।

### दया याचिकाओं का किया जा है परीक्षण

अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि वर्ष 2025-26 में प्राप्त 18 दया याचिकाओं का प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों पर परीक्षण किया जा रहा है। जेल विभाग द्वारा विगत पांच वर्षों में प्राप्त सभी दया याचिकाओं का परीक्षण कराया जा रहा है। विभाग द्वारा उनके त्वरित निराकरण के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर भी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 180 देशों के 11 लाख लोगों के द्वारा देखे जाने वाले गीता पाठ के ऑनलाइन कार्यक्रम का प्रदेश की जेलों में प्रसारण की अभिनव पहल जेल विभाग द्वारा की गई है। साप्ताहिक प्रसारण में गीता के श्लोक का शुद्ध उच्चारण और श्लोक का भावार्थ कर समझाया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, आलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, आलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560